सूर्योदय प्रातः 6:20 | सूर्यास्त संध्या 5:04 | पखवाड़ा मार्गशीर्ष शु. एकादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 21° न्यूनतम 09°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
रांची, बुधवार, 11 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 296, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**
सेंसेक्स 81,510.05 (1.59 (0.00%))
निफ्टी 24,610.05 (-8.95 (-0.04%))

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)
24 carat सोना 77,540.00
चांदी 1040.00

# रवीन्द्रनाथ महतो निर्विरोध चुने गये विस अध्यक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रांची :** झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में रवीन्द्रनाथ महतो को लगातार दूसरी बार झारखंड विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। वह निर्विरोध चुने गये। महतो चौथी बार विधानसभा चुनाव जीते हैं। उन्होंने इस मिथक को तोड़ दिया कि कोई भी स्पीकर रहते दोबार विधायक नहीं बनता। सिर्फ सीपी सिंह ने ही स्पीकर रहते दोबारा जीत हासिल की थी, लेकिन रवीन्द्र नाथ महतो दोबारा स्पीकर भी बन गये।
मंगलवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्पीकर पद के लिए रवीन्द्रनाथ महतो के नाम का प्रस्ताव रखा। इसका मथुरा महतो ने समर्थन किया। बाद में ध्वनिमत से रवीन्द्रनाथ महतो को विधानसभा अध्यक्ष चुनने की घोषणा की गयी। विधानसभा क्षेत्र नाला से विधायक रवीन्द्रनाथ महतो दूसरी बार स्पीकर बने हैं। रवीन्द्रनाथ महतो विधानसभा चुनाव में चौथी बार जीते हैं। इससे पूर्व सोमवार को रवीन्द्रनाथ महतो ने विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए सात सेटों में नामांकन दाखिल किया था। पहले सेट में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन प्रस्तावक और मथुरा प्रसाद महतो समर्थक बने थे। दूसरे में राधा कृष्ण किशोर प्रस्तावक और रामेश्वर उरांव समर्थक, तीसरे में सुरेश पासवान प्रस्तावक और नरेश सिंह समर्थक, चौथे में अरूप चटर्जी प्रस्तावक और चंद्रदेव महतो समर्थक, पांचवें में बाबूलाल मरांडी प्रस्तावक ● शेष पृष्ठ 11 पर

- लगातार दूसरी बार सम्भाला अध्यक्ष का दायित्व
- सोमवार को सात सेटों में हुआ था नामांकन दाखिल



## पक्ष और विपक्ष ; दोनों से मिल कर चलता है सदन : विस अध्यक्ष

**रांची :** झारखंड विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित होने पर रवीन्द्रनाथ महतो ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों, सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबू सोरेन ने जिन सपनों को लेकर आन्दोलन की लम्बी लड़ाई लड़ी, उसे पूरा करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। विस अध्यक्ष ने कहा, 'मैं सदन के सदस्यों से आग्रह करना चाहूंगा कि लोक कल्याण के लिए ऐसी नीतियां बनायें, ऐसे कानून बनायें, ऐसे अधिनियम बनायें, जिनसे समाज के शोषित, पीड़ित और वंचित वर्गों का उत्थान हो सके। गांधी के जरिये देखे गये सपनों के अनुरूप अंतिम व्यक्ति के जीवन में सामाजिक, आर्थिक उत्थान हो सके।' उन्होंने कहा, ₹मेरी कोशिश होगी कि मैं सभी सदस्यों को पर्याप्त समय दूं, पर्याप्त अवसर दूं। यह सदन सभी पक्षों के विचारोंवाला सदन हो। सभी पक्षों के विचार यहां आने चाहिए। सहमति और असहमति हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हम अलग-अलग विचारधाराओं से चुन कर आते हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका भी अहम : मुख्यमंत्री

**झारखंड** विधानसभा के छठे सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रवीन्द्रनाथ महतो के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सदन को सम्बोधित किया। हेमन्त सोरेन ने सबसे पहले रवीन्द्र नाथ महतो को फिर से विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका अहम है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि इस चुनाव के दौरान राज्य की जनता ने जो निर्णय सुनाया है, उस निर्णय का सम्मान करें। साथ ही, कहा कि महान विभूतियों के सपने को सकार करने में भूमिका निभानी चाहिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यह देश की महान विभूतियों के



समर्पण और त्याग का परिणाम है। कहीं न कहीं हमारे इस लोकतंत्र का लोहा पूरी दुनिया मानती है। अलग-अलग रंग, बोली, सभ्यता-संस्कृति एक साथ मिल कर एक समूह में रह कर अपनी हर समस्या का समाधान करते हैं। आज उन महान विभूतियों के विचारों को देश आजाद होने से अब तक सम्मान करते आये हैं। उनके विचारों को अपने कंधों पर लेकर निरन्तर इस लोकतंत्र को और मजबूत करने में लगे हैं।
मुख्यमंत्री ने रवीन्द्र नाथ महतो को बधाई देते हुए कहा, ₹आपकी अध्यक्षता में पंचम विधानसभा सत्र सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आपने बहुत ही सहनशीलता और संवेदनशीलता के साथ सदन को चलाया। सदन में पक्ष-विपक्ष होते हैं। दोनों के बीच आपने संतुलन और गरिमा को बनाये रखा। निश्चित रूप से आपने सदन की गरिमा को और मजबूत रखने में अहम भूमिका अदा की है।₹ इसके लिए उन्होंने स्पीकर के प्रति अभार प्रकट किया। उन्होंने कहा, ₹इसी प्रकार सबने सर्वसम्मति से आपको षष्टम विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में चुना है। उम्मीद और भरोसा है कि षष्टम विधानसभा भी पूर्व सत्रों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जयराम ने सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया



**विधानसभा** सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जेएलकेएम के विधायक जयराम महतो ने अपने पहले भाषण में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया। जयराम महतो ने सदन में कहा कि उन्होंने छात्र आन्दोलन के माध्यम से अपनी पहचान बनायी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लाखों अभ्यर्थी सड़कों पर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आग्रह किया कि वह सदन से बाहर आकर उन अभ्यर्थियों से मिलें। वे आपके ही बच्चे हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगी सदन की कार्यवाही



**विधानसभा** सत्र के तीसरे दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के अभिभाषण के साथ शुरू होगी। इसके बाद राज्य सरकार के जरिये सदन के पटल पर चालू वित्तीय वर्ष के द्वितीय अनुपूरक बजट को लाया जायेगा। अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद इसे पारित करने की कार्यवाही होगी। इसके अलावा हेमन्त सरकार सदन में बहुमत साबित करने का काम करेगी। चार दिनों का यह सत्र राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद 12 दिसम्बर को समाप्त होगा।

## पीएलएफआई के दो नक्सली गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**खूंटी :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के दो सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये नक्सलियों में पलसा कर्रा निवासी संदीप प्रमाणिक और रांची के इटकी थाना क्षेत्र के रानीडीह निवासी धनेश्वर महली शामिल है। इनके पास से पुलिस ने 72 हजार 500 रुपये नकद, एक स्कॉर्पियो और पांच मोबाइल फोन बरामद किये हैं।
कर्रा थाना में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गत दो दिसम्बर को कर्रा थाना क्षेत्र के चंदापारा रेलवे क्रासिंग के अंडरपास पुलिया निर्माण स्थल पर पीएलएफआई के नक्सलियों ने आगजनी की थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के निर्देश पर एसडीपीओ ● शेष पृष्ठ 11 पर

## सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन आज

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को महान तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री बुधवार दोपहर 1 बजे, 7 लोक कल्याण मार्ग में तमिल कवि और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती की संपूर्ण रचनाओं के संग्रह का विमोचन करेंगे। सुब्रमण्य भारती के लेखन ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई, भारतीय संस्कृति और देश की आध्यात्मिक विरासत का सार आम जनता तक ऐसी सरल भाषा में पहुंचाया, जिससे आम जनता जुड़ सके।

## साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे : राष्ट्रपति

एजेंसी
**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे हैं। उन्होंने कहा कि ये चुनौतियां एक सुरक्षित, संरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल वातावरण को बढ़ावा देने के महत्त्व को रेखांकित करती हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर चुका है, कई समस्याओं का



समाधान कर रहा है और कई नयी समस्याएं भी पैदा कर रहा है। हालांकि, एआई के साथ अपराधी एक गैर-मानव लेकिन बुद्धिमान एजेंट हो सकता है।
राष्ट्रपति मंगलवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह को ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ उच्चायोग के निकट प्रदर्शन

एजेंसी
**नयी दिल्ली :** बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्च आयोग के निकट तीन मूर्ति चौक पर बड़ी संख्या में दिल्ली सिविल सोसाइटी तथा 200 से अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के बैनर तले आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाज के कई प्रतिष्ठित संतों और ख्याति प्राप्त हस्तियों, पूर्व पुलिस एवं सैन्य अधिकारियों ने भारत सरकार से हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बांग्लादेश को इस मुद्दे पर चेताया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में साध्वी ऋतम्भरा, पूर्व पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव, बांग्लादेश में पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी, पत्रकार अशोक चव्हाणके, पश्चिम बंगाल के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय और और विभिन्न मत पंथ संप्रदायों के साधु-संतों ने भाग लिया। विरोध मार्च में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने 'हिन्दुओं का नरसंहार बंद करो', 'नहीं सहेंगे अब अत्याचार बांग्लादेश कर ले विचार' जैसे नारे लगाये।

## राज्य में बढ़ेगी ठंड, कई जिलों में कोहरे का सितम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
**रांची :** झारखंड में हुई बारिश के बाद ठंड काफी बढ़ गयी है। रांची सहित अन्य जिलों में मंगलवार सुबह घना कोहरा देखा गया। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में फिलहाल बारिश नहीं होगी। अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं।
मौसम विभाग ने राज्य के पलामू और गढ़वा सहित 14 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, सरायकेला-खरसावां,



पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अभिषेक आनन्द ने मंगलवार को बताया कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री की गिरावट आयेगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। तापमान में गिरावट के बाद दो दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## पंजाब के किसानों का एलान 14 को करेंगे दिल्ली कूच

- हाईकोर्ट ने शम्भु व खनौरी बॉर्डर खोलने के केस पर नहीं की सुनवाई

एजेंसी
**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसानों ने अब 14 दिसंबर को शम्भु बॉर्डर से दिल्ली की तरफ कूच करने का एलान किया है। मंगलवार को शम्भु बार्डर पर हुई किसान संगठनों की बैठक में के बाद किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने यह जानकारी दी। इस बीच आज ही शम्भु व खनौरी बार्डर को खोलने के लिए हाईकोर्ट में दायर की गयी याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने इस केस की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। यह मामला पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में लम्बित होने के कारण हाईकोर्ट ने इस पर सुनवाई नहीं की। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट जाकर अपना पक्ष रखें। इसके बाद याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका वापस ले ली। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## उच्च सदन के सभापति के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव

- सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का लगाया आरोप
- प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने किये हस्ताक्षर

एजेंसी
**नयी दिल्ली :** इंडिया गठबंधन (आईएनडीआईए) ने मंगलवार को उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। इसमें उन पर सदन में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, यह प्रस्ताव बहुमत नहीं होने के कारण गिर जायेगा। लेकिन, देश के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है।
इस प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस समेत 71 सांसदों ने हस्ताक्षर किये हैं। इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 67बी के तहत पेश किया गया है। इसके तहत 50 सांसदों का अविश्वास प्रस्ताव पर एक राय होना अनिवार्य है।
विपक्षी दल लगातार सभापति जगदीप धनखड़ पर राज्यसभा की कार्यवाही को नियंत्रित करने के तौर-तरीकों पर अपनी नाराजगी दर्ज कराते आये हैं। उनका आरोप है कि सभापति सम्बोधन में लगातार व्यवधान, महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर अपर्याप्त बहस और विवादास्पद चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष को लेकर उनके साथ पक्षपात करते हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन-आईएनडीआईए ब्लॉक के घटक दल भी लगातार सदन में पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाते रहे हैं। इसको लेकर सदन में लगातार गतिरोध बना हुआ है। विपक्ष ने 09 दिसम्बर को हुए व्यवधान के बाद अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए गठबंधन दलों के नेताओं के साथ बात की और देर शाम तक तय हो गया कि गठबंधन अविश्वास प्रस्ताव लेकर आयेगा।
इस अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए लिखा कि राज्यसभा के सभापति के खिलाफ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करना इंडिया गठबंधन के लिए मजबूरी थी। उनके पास और कोई विकल्प नहीं रह गया था। सभापति सदन की कार्यवाही को बेहद पक्षपातपूर्ण रवैये के साथ संचालित कर रहे थे। विपक्षी दलों के लिए यह बेहद कष्टदायी फैसला था। लेकिन, संसदीय लोकतंत्र के हितों के संरक्षण के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य हो गया था।
इस प्रस्ताव को लेकर सदन की कार्यवाही के जानकारों का मानना है कि अपने आप में यह पहला मामला है। इसलिए इसके तकनीकी पहलुओं को लेकर स्पष्टता का अभाव है। जैसे अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का समय सदन के लिए शेष होना चाहिए। तभी यह एजेंडे में आ सकता है, जबकि शीतकालीन सत्र में 10 दिन का ही समय है। ऐसे में इसका भविष्य क्या होगा? क्या बजट सत्र में लाया जायेगा या फिर नये सिरे से प्रस्ताव आयेगा, क्योंकि औपचारिक रूप से ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। ● शेष पृष्ठ 11 पर





### हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर रही स्थगित

**भाजपा** और विपक्ष द्वारा एक-दूसरे पर लगातार आरोप-प्रत्यारोप लगाने और शोर-शराबे के कारण मंगलवार को राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के साथ कांग्रेस के सम्बन्धों को लेकर उन पर आरोप दोहराये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेता जॉर्ज सोरोस द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता वाली ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

**छत्तीसगढ़ डीएमएफ घोटाला**

### ईडी ने रानू सहित 16 लोगों को बनाया आरोपित

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) घोटाला मामले में गिरफ्तार मनोज द्विवेदी को सोमवार को विशेष न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने मनोज को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भी दिया है। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने बताया कि डीएमएफ घोटाला मामले में ईडी ने निलम्बित आईएएस रानू सहित 16 लोगों को आरोपित बनाया है। ईडी ने इनके खिलाफ 8021 पन्नों का अभियोजन परिवाद रायपुर की विशेष न्यायालय में दाखिल किया है, जिसमें 169 पन्नों में विस्तृत अभियोजन शिकायत है। आरोप है कि इन लोगों ने 90 करोड़ 48 लाख 22 हजार 255 रुपये का घोटाला किया है।

### वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन एक जनवरी से होगा शुरू

**नयी दिल्ली :** सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ए.के. सूदने मंगलवार को घोषणा की कि देश में 1 जनवरी से वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन योजना शुरू होगी। इस योजना के तहत विश्वविद्यालयों और आईआईटी सहित राज्य-वित्तपोषित उच्च शिक्षा संस्थानों के लगभग 1.8 करोड़ छात्रों को फायदा होगा। 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' पहल के तहत 1 जनवरी से दुनिया भर की शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्रों तक पहुंच प्राप्त होगी। नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ए.के. सूद ने कहा कि ओएनओएस पहल के पहले चरण के तहत शोधकर्ताओं को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, गणित, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान को कवर करने वाली 13,400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 361 विदेशी नागरिकों को जारी किया गया वीजा

**नयी दिल्ली :** आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत उपचार का लाभ उठाने के लिए भारत आनेवाले विदेशी नागरिकों के लिए कुल 361 आयुष वीजा जारी किये गये हैं। सरकार ने बताया कि 27 जुलाई 2023 से लेकर 04 दिसम्बर 2024 तक कुल 123 नियमित आयुष वीजा, 221 ई-आयुष वीजा और 17 ई-आयुष अटेंडेंट वीजा जारी किये गये हैं। यह जानकारी केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने मंगलवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी। उल्लेखनीय है कि मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के लिए भारत का आधिकारिक पोर्टल - ₹वन-स्टॉप₹ पोर्टल उन लोगों के लिए जानकारी की सुविधा के लिए विकसित किया गया है, जो विदेश से भारत में चिकित्सा उपचार का लाभ उठाना चाहते हैं।

## अंदर के पन्नों पर

3 अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचना प्राथमिकता...
5 विश्व मानवाधिकार दिवस पर सर्वोच्च मानवाधिकार...
7 उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण कोषांग की...
9 पप्पू यादव ने नये विकास के लिए मांगे 1000 करोड़...
10 दीपिका की हैटिक से भारत ने मलेशिया को 5-0 से...

## एक झलक

### जय हिन्द मानवाधिकार एसोसिएशन ने सयाल में मनाया मानवाधिकार दिवस



**रामगढ़** : जय हिंद मानवाधिकार एसोसिएशन ने मंगलवार को अंबाजीत कॉलोनी, सयाल स्थित कार्यालय में मानवाधिकार दिवस मनाया। साथ ही सयाल कोयलांचल में एसोसिएशन का एक वर्ष पूरे होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मो. मकबूल शामिल रहे। उन्होंने एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मोमेंटम देकर सम्मानित किया। उन्होंने पदाधिकारियों को सभी पीड़ितों और लाचार लोगों को उनके अधिकार और न्याय दिलाने में पूरा सहयोग करने की बात कही। मौके पर मो. काजिम युवा जिला सचिव, राजरानी देवी प्रदेश महासचिव, सुधा सिन्हा जिला सचिव, पिंकी देवी जिलाध्यक्ष रामगढ़, श्वेता देवी जिला उपाध्यक्ष, रिंकी पतरातू प्रखंड अध्यक्ष, सोनम देवी प्रदेश सचिव महिला संगठन सहित अन्य उपस्थित रहे।

### स्थानीय विधायक से मिला झारखंड राज्य आजीविका संघ का प्रतिनिधिमंडल



**गोला (रामगढ़)** : गोला मठवा टांड़ विधायक कार्यालय में झारखंड राज्य आजीविका (पीआरपी बीएपी ) संघ के प्रतिनिधि मंडल ने रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बुके देकर एवं सभी दीदीयों ने मिठाई खिलाकर उन्हें जीत की बधाई दी। मौके पर गीता देवी, कलावती देवी, राधा देवी, सोनूका देवी, सीता देवी, रविता, पिंकी देवी, ललिता देवी, चितरानी देवी, सुलेखा देवी, लक्ष्मी नारायण, सरिता देवी, कलावती देवी, लकी देवी, सुनीता देवी, मधुलिका देवी, उर्मिला देवी, अनीता देवी, गीता देवी, सुनीता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़मू में रक्तदान शिविर का आयोजन



**बुढ़मू** : मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बीडीओ धीरज कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर ईशानी और अन्य अतिथियों ने रक्तदान कर किया। इस शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया, जो एक बहुत ही सराहनीय कदम है। बीडीओ धीरज कुमार ने इस मौके पर कहा कि रक्तदान महादान होता है और इससे शरीर में और तेजी से रक्त बनता है। इस शिविर के आयोजन में इनर व्हिल क्लब रांची की अध्यक्ष ज्योति सिंह सहित अन्य का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा, जिन्होंने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और इस नेक कार्य में सहयोग दिया। ऐसे आयोजन न केवल समाज में जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि लोगों को एक दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित भी करते हैं।

### राष्ट्रीय स्तर की पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा खूंटी का कृष्णा गुप्ता

**खूंटी** : खूंटी के कृष्णा गुप्ता दिल्ली में आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेगा। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पहुंचने वाला कृष्णा गुप्ता खूंटी का पहला शूटर है। इसके पूर्व उसने तीन से 11 नवंबर तक तमिलनाडु में अयोजित ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जिले को पहला राष्ट्रीय पिस्टल शूटर बना था। अब वह दिल्ली में आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय स्तर की पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इसके लिए उन्होंने तैयारी शुरू कर दी है। खूंटी का यह युवा आगे देश का प्रतिनिधित्व करते हुए ओलंपिक खेलना चाहता है।

### अनगड़ा थाना प्रभारी व माइनिंग इंस्पेक्टर के संयुक्त नेतृत्व में 07 वाहनों को अनगड़ा पुलिस ने पकड़ा

# बालू का हो रहा अवैध परिवहन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह व माइनिंग इंस्पेक्टर के संयुक्त नेतृत्व में अनगड़ा पुलिस ने मंगलवार तड़के सुबह 4 बजे राहे- हाहे मार्ग पर बालू का अवैध परिवहन कर रहे 7 वाहनों को जरगा-पैका व थड़पखना के पास से पकड़ा। पकड़े गये सभी बालू लदे वाहनों को अनगड़ा थाना परिसर लाया गया है। जब्त वाहनों में तीन हाइवा व चार ट्रक शामिल है। जब्त वाहनों में गाड़ी संख्या (जेएच 01डीएल 4859), (ओडी 15 यु 7005), (जेएच 01एफपी 0502), (जेएच 05डीटी 6063), (जेएच 01एफएम 6883), (जेएच 01एफई 1854) एवं (जेएच 01एफवी 6883) शामिल हैं। बताया गया कि रोक के बावजूद हाहे-राहे मार्ग पर लगातार बालू की तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने यह कार्रवाई किया। इससे पूर्व 5 दिसंबर को भी अवैध बालू लदे 4 वाहनों को पकड़ा था। अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि अनगड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न पासिंग रोड में लगातार अवैध बालू तस्करी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाता रहेगा। अनगड़ा थाना क्षेत्र के किसी भी रोड से बालू का अवैध परिवहन नहीं होने दिया जाएगा।

## तसर रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना पर हुई चर्चा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी** : केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची में सोमवार को बुंदेलखंड परिक्षेत्र में तसर रेशम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान निदेशक डॉ एनवी चौधरी ने कहा कि बुंदेलखंड की जलवायु, मृदा एवं भौगोलिक स्थिति तसर रेशम कोटपालन के लिए उपयुक्त है। अतः इस उद्योग की वहां व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तसर का पौधा कम पानी एवं बंजर भूमि में उगता है। इसका कोटपालन कम खर्च में शुरू किया जा सकता है। झांसी एवं आसपास के क्षेत्रों में वर्ष में तीन बार कीटपालन किया जा सकता है। तसर का कीटपालन बंजर/उत्सर जमीन को उपजाऊ बनाता है। तसर की खेती का पारंपरिक जान जनजाति एवं अनुसूचित जाति के गरीब लोगों के पास है। महिलाओं को इससे जोड़कर धागाकरण का कार्य किया जा सकता है। तसर रेशम कीटपालन के साथ अन्य खेती की फसलें उगाई जा सकती है। वन विभाग, राज्य रेशम विभाग, एखोपरिष्दी संस्थान एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त तसर उत्पादन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति को विशेष रूप से जोड़ने का लक्ष्य कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता है, जिससे सभी के साथ मिलकर लगभग 1000 लोगों को रोजगार प्रदान किया जा सके। मौके पर सहायक निदेशक रेशम झांसी एके राव एवं सहायक निदेशक सोनभद्र रणवीर सिंह ने बुंदेलखंड परिक्षेत्र में तसर की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की। तसर रेशम में उत्पादकता एवं उत्त्पादन बढ़ाने की दिशा में व्यापक पैकेज की आवश्यकता है, जिससे हजारों तरसर कृषकों को लाभ हो। तस्स उत्पादन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों की विशेष रूप से जोड़ने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश पांडेय एवं डॉ जगदज्योति बी ने भी सहभागिता की।

## पतरातु सर्किल इंस्पेक्टर ने किया बासल थाने का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : पतरातु सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह ने मंगलवार को बासल थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान वे पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। जांच के क्रम मे मालखाना, पुरुष हाजत, महिला हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प लाइन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर मे साफ सफाई और आगंतुकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण मे इंस्पेक्टर ने थाना प्रभारी कैलाश प्रसाद से विभिन्न मामलों की जानकारी ली एवं कई कांड के अभिलेखो की जांच की। लंबित कांडों के निष्पादन पर चर्चा करते हुऐ पुलिस पदाधिकारियों को कार्य में तेजी लाने को कहा। वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। कहा कि केस के अनुसंधानकर्ता अनुसंधान के दौरान स्थल पर अवश्य जाए। ताकि निर्दोष न फंसे और दोषियों को सजा दिलाया जा सके। उन्होंने लंबित कांडो के निष्पादन मे विलंब की वजह के संबंध मे भी पूछताछ किया। इसके अलावे थाने मे दर्ज विभिन्न कांडो के अनुसंधानकताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। इंस्पेक्टर ने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि थाना पहुंच रहे फरियादी से कुशल व्यवहार करें। साथ ही किसी प्रकार का मामला थाना आने पर त्वरित कार्रवाई करें। निरीक्षण के दौरान वर्ष 2024 के जितने भी लंबित मामले थे सभी का समीक्षा किया गया तथा उनका निष्पादन करना सुनिश्चित करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया गया।

## चान्हो में जमीन विवाद में घर में तोड़फोड़ मामले में केस दर्ज

**चान्हो** : थाना क्षेत्र के सिटी गांव में रविवार को एक भूखंड को लेकर हुए हंगामा के बाद सोमवार को राजेश कुमार शाही उर्फ पप्पू की पत्नी मिनी कुमारी ने छह नामजद और लगभग 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मिनी ने सामूहिक भीड़ द्वारा घर में तोड़फोड़ करने और संपति का नुकसान करने का आरोप लगाया है। इसी मामले में रविवार को चोटिल हुए थाना प्रभारी ने भी 15 नामजद और लगभग 300 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इससे पहले गांव निवासी बसंत भगत के भाई रामजीत भगत ने पिपराटोली निवासी पप्पू शाही और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दूसरी ओर सोमवार को मामले की जांच करने चान्हो सीओ संजीव कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने उस पूरे भूखंड की जांच की जिसके कारण विवाद हुआ था।

## कुष्टेगढ़ा और जांगी में लगाया गया 25 केवीए का नया ट्रांसफर्मर

- सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में होगा हर समस्या का समाधान : राजीव जायसवाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड के कुष्टेगढ़ा और जांगी में बीते कई दिनों से ट्रॉंसफर्मर खराब थी। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल को दिया गया। जिसके बाद सांसद प्रतिनिधि ने इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की। जिसके बाद उक्त गाँव में खराब पड़े ट्रांसफर्मर को हटाकर सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर नया 25 केवीए का दो ट्रांसफर्मर लगाया गया। जिसका विधिवत उदघाटन मंगलवार को रामगढ़ जिला के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के द्वारा फीता काटकर किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने सभी ग्रामीणों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि बिजली की समस्या हो या अन्य समस्या , सभी का समाधान करना मेरी जिम्मेदारी हैं। आप सभी का प्यार और आशीर्वाद हमेशा बना रहता हैं। आगे भी अपना आशीर्वाद बनाएँ रखें । उन्होंने कहा कि जो भी समस्या हैं सभी का समाधान समय के साथ किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। इससे पूर्व प्रखंड के कुष्टेगढ़ा और जांगी के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सांसद प्रतिनिधि का फूल माला से भव्य स्वागत किया गया। वहीं नया ट्रांसफार्मर लगने से गांव के लोगों में खुशी हैं। मौके पर सूरज वर्मा, अंकित सिंह, विनीत यादव, चन्दर देव भोगता, झूठन भोगता, गोपाल भोगता, पवन कुमार, अरुण दांगी, परिक्षित महतो आदि मौजूद थे।

## हरिहर साहु बालिका उच्च विद्यालय की शासी निकाय की हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : मंगलवार को हरिहर साहू बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय शासी निकाय की एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सह पदेन अध्यक्ष ममता देवी ने की। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें विद्यालय विकास से संबंधित यह निर्णय लिया गया कि विभागीय प्रबंधन के तहत 15% के विकास 29160/राशि विद्यालय के खर्च किया जाएगा। झारखंड सरकार द्वारा प्रदत अनुदान राशि 194400/- राशि सत्र 2023-24 प्राप्त हुआ कुल राशि में से 15% ( 29160/- ) को विकास कोष में रखकर शेष राशि 165240/- को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका कर्मचारियों के बीच वेतन के माध्यम से वितरित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सचिव शंकर अग्रवाल, प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी, काँग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, जनार्दन पाठक, सुशील कुमार बुधिया, किरण कुमारी, गीता महतो, शैलेश कुमार मिश्रा, सीमा कुमारी, लखेश्वर कुमार, मिहिर चंद्र पोद्दार, बबीता कुमारी, गुलाबी कुमारी, राजेंद्र कुमार, अमित कुमार, सुनैना कुमारी, सिकंदर राजवंश, मनोज कुमार रजवार, कमलेश कुमार महतो, गौरीशंकर ऋषि, तस्लीम अहमद मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शालिनी अस्पताल अनगड़ा में खोला गया चश्मा केन्द्र

# लोगों को मिलेगी बेहतर सुविधा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : शालिनी अस्पताल ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए एक नए चश्मा केंद्र का उद्घाटन किया। इस विशेष अवसर पर 12 वर्षीय बच्ची छाया भगत को लक्ष्मी का स्वरूप मानते हुए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। बच्ची ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर इस केंद्र का शुभारंभ किया। अस्पताल के मुख्य प्रशासक बिपिन चौहान ने बताया कि यह अनूठा कदम बालिकाओं के प्रति सम्मान और समर्पण का प्रतीक है साथ ही यह भी कहा कि यह केंद्र नेत्र देखभाल के क्षेत्र में एक नई शुरूआत है और इसे समाज के सभी वर्गों के लिए सुलभ और प्रभावी बनाने का एक प्रयास है। इस नई सुविधा के माध्यम से अस्पताल में मरीजों और आम जनता को आंखों की जांच, चश्मों का निर्माण, और उच्च गुणवत्ता वाले लेंस प्रदान करने की सेवाएं उपलब्ध कराएगा यह पहल क्षेत्र में नेत्र देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शालिनी अस्पताल ने यह सुनिश्चित किया है कि लोगों को सहज और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा जिससे लोगों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा पाएंगे। इस पुनीत अवसर पर आलोक पांडेय, राहुल सिंह, विभाष तिवारी, बद्री प्रसाद साहू, शिशिर कुमार भगत, अजित महतो, मनी राम रजवार समेत अस्पताल के डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## बलकुदरा पंचायत में जमीन का किया गया सर्वेक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा** : बलकुदरा पंचायत में मंगलवार को जमीन और उससे संबंधित दस्तावेज का सर्वेक्षण किया गया। बलकुदरा में अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश अनुसार बलकुदरा छाई डैम में एनटीपीसी के द्वारा ऐश मांउट कॉरिडोर निर्माण को लेकर बलकुदरा, जयनगर और रसदा के गैर मजरुआ जमीन को चिन्हित करने को लेकर आंचल अधिकारी के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी आनंद कुमार एवं अमीन बैजनाथ माता के साथ बैठक कर रैयतों का जमीन से संबंधित दस्तावेज जांच किया गया। बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि जांच में यह पाया कि तीनों गांव के गैर मजरुआ जमीन के दखल कब्जा का दस्तावेज रैयतों का बना हुआ। और उसी आधार पर भू अर्जन विभाग द्वारा 1972-73 में अधिग्रहण कर पीटीपीएस को दिया है इस प्रकार से देखा जाए तो तीनों गाँव के ग्रामीणों का जमीन छाई डैम गया सभी रैयती जमीन है किसी प्रकार के गैर रैयती जमीन नहीं है। इस मौके पर आदित्य नरायन प्रसाद, अबदुल क्युम अंसारी, ननकु मुंडा, बसंत साव, राजा राम प्रसाद, नागेश्वर मुंडा, मनिजर साव, दिलेश्वर प्रसाद, मनोज प्रसाद, विजेंद्र मुंडा, रिंकू प्रसाद, दिपक प्रसाद, रॉकी मुंडा, अरूण साव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## रक्तदान के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता जरूरी : डॉ. नागेश्वर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी** : रेड क्रॉस सोसाइटी और सदर अस्पताल खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा प्रखंड परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्यकर्मी विनेश कुमार, शिक्षक राकेश कुमार और रंजीत केशरी, भाजयुमो के नीरज जयसवाल सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। इसके पूर्व सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा ने शिविर का विधिवत्त उद्घाटन किया। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के आयोजन का उद्देश्य रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है और जिले में खून की कमी को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आज भी रक्तदान को लेकर लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हैं। लोगों को लगता है कि खून देने से शारीरिक कमजोरी आयेगी और सेहत पर इसका कुप्रभाव पड़ेगा, लेकिन ठीक इसके विपरीत रक्तदान से हमारा शरीर और सेहतमंद हो जाता है। 60 वर्ष से कम उम्र के हर व्यक्ति को साल में काम से कम दो बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि जब भी आप रक्तदान करते हैं तब आप किसी की जान बचाते हैं। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए हर स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिदेन मुंडू, रेड क्रॉस सोसाइटी खूंटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू, उपाध्यक्ष विनोद जयसवाल, कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार नाग, राजेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार, महावीर राम, रवींद्र कुमार, संतोष जयसवाल, घुरा नाग आदि ने योगदान दिया। शिविर में रक्तदान करनेवालों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गौंझू और मनोज कुमार ने बताया कि कर्रा प्रखंड परिसर में में 11 दिसम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया 12 दिसम्बर को मुरहू प्रखंड कार्यालय, 13 को अड़की प्रखंड और 14 दिसंबर को खूंटी प्रखंड परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा ने आन्दोलन की तैयारी को लेकर की बैठक




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी** : विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा कार्यालय में तीन सूत्री मांग को लेकर विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के अध्यक्ष सूरज बेसरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन समिति के सचिव जीतन मुण्डा ने किया बैठक में एक स्वर में लोगों ने कहा आगामी दिनांक 12 दिसम्बर 2024 को कार्तिक माइनिंग का सम्पूर्ण कार्य को बधित किया जाएगा। कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कम्पनी के मैनेजर ने पिछले काई महिनों से बेरोजगार विस्थापितों को रोजगार से जोड़ने को लेकर झूठा दिलासा देकर सभी कार्यों पर बाहर से लोगों को लाकर कार्य करवाया जा रहा है, जबकि आउटसोर्सिंग कम्पनी में झारखण्ड सरकार के नियमानुसार पहला प्राथमिकता स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ना है। कार्तिक माइनिंग आउटसोर्सिंग कम्पनी सी.एच.पी. सैलो के मध्यम से कोयला को बाहर भेजा जा रहा है, सीसीएल प्रबंधन भी वादा खिलाफी कर रही है, समझौते के मुताबिक रोड सेल में कोयला देना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जिससे विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जा सके। लेकिन प्रबंधन विस्थापितों के साथ छल कपट कर रहा है । बैठक में मुख्य रूप से सूरज बेसरा, जीतन मुण्डा, संजय करमाली,मोहन सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन,रैना मांझी, झारी करमाली,बेनीलाल सोरेन, अजय बेसरा, आंनद बेसरा, अजय करमाली, विजय सोरेन, प्रेम सोरेन, सुखराम बेसरा,पंकज हेम्ब्रोम ,दिनेश मुण्डा, मिथुन सोरेन, ममता देवी, बुधनी देवी, डोढ़को देवी, कपूर मुनि देवी, तालोमुनी देवी, तलमी देवी, लील मुनि देवी सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिख कर ली जा रही मॉडल स्कूल में परीक्षा

- घर से कॉपी लाकर परीक्षा दे रहे छात्र





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के परिसर में संचालित मॉडल स्कूल के छात्रों के साथ शिक्षा विभाग के जिम्मेदार खिलवाड़ कर रहे हैं। यहां ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखकर 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा लिया जा रहा है। छात्रों ने बताया कि उन्हें ब्लैक बोर्ड से प्रश्न पढ़कर लिखने में परेशानी हो रही है।बेड़ो मॉडल स्कूल स्थापना काल से व्यवस्थाओं व सुविधाओं के लिए जूझता रहा है। स्कूल की मौजूदा स्थिति से स्पष्ट पता चलता है कि सरकार व शिक्षा विभाग यहां पढ़ रहे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता आ रहा है। यहां शिक्षक से लेकर अन्य सभी सुविधाओं का टोटा है। ऐसे में अंग्रेजी आधारित यहां का यह एकमात्र सरकारी विद्यालय अब अपने अस्तित्व से जूझ रहा है। वहीं नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी स्कूलों में छात्रों को शिक्षा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए नई तकनीक का प्रयोग करते हुए स्मार्ट क्लास रूम,स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर आदि से शिक्षण को बेहतर बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन 10वीं व 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा ने पूरी व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थिति यह रही कि छात्रों को प्रश्न पत्र ब्लैक बोर्ड पर चाक से लिखे मिले और उत्तर पुस्तिका के रूप में छात्रों ने अपनी कापियों का प्रयोग किया।वहीं शिक्षा विभाग डिजिटल और तकनीकी युक्त शिक्षा देकर छात्रों को हुनरमंद बनाने का ढिंढोरा पिट रही हैं, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि प्रखंड मुख्यालय के स्कूलों में परीक्षा कराने से लेकर प्रश्न पत्र छपवाने और उत्तर पुस्तिका की व्यवस्था की जिम्मेदारी शिक्षकों पर थोप दी गई है। जिसके कारण छात्रों को प्रश्न पत्र ब्लैक बोर्ड पर चाक से लिखे मिले और उत्तर पुस्तिका के रूप में छात्रों ने अपनी कापियों का प्रयोग किया। छात्रों ने ब्लैक बोर्ड से प्रश्न पढ़े और छात्रों ने अपनी कापियों के पन्नों पर जवाब दिए। जहां इस परीक्षा ने सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के दावे की पोल खोलकर रख दे रही है। प्रखंड के सरकारी स्कूलों में बिना प्रश्न पत्र मिले ही ब्लैक बोर्ड पर लिखे प्रश्नों को उत्तर छात्र- छात्राएं अपनी कापी में लिख रहे हैं। सिस्टम का यह हाल है कि परीक्षा देने के लिए बच्चों को कापी भी अपने घर से लानी पड़ रही है।इधर शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सरकारी स्कूलों बच्चों का नामांकन कराने के लिए छात्र- छात्राओं के अनुपात में शिक्षकों की नियुक्ति, विद्यालय भवन का निर्माण, शौचालय, पेयजल के साथ ही मिड डे मील, खेलकूद के संसाधन, पोशाक, छात्रवृत्ति, साइकिल सहित अन्य कई योजनाएं विद्यालयों में संचालित हो रही है, लेकिन इसके बाद भी सरकारी स्कूलों में जैसे तैसे पढ़ाई के साथ ही परीक्षा भी ली जा रही है। जिस लचर व्यवस्था से पढ़ाई की गाड़ी को खींचा जा रहा है इससे कभी भी सही शिक्षा का रफ्तार नहीं पकड़ सकेंगे। इसलिए जिम्मेदारों को सरकारी विद्यालयों के प्रति अपना नजरिया बदलना होगा तब जाकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सही शिक्षा मिल पाएगी।

## एक झलक

### वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिला



रांची : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल ओडिशा के राज्यपाल महामहिम रघुवर दास से उनके रांची के धुर्वा स्थित आवासीय कार्यालय में मिला और पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया। फिर काफी देर तक सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। वैश्य मोर्चा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में दौरा करें और समाज हित में काम करते रहें। मेरी शुभकामनाएं हमेशा साथ रहेगी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद एवं छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु ने वैश्य मोर्चा के गतिविधियों की जानकारी दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि वैश्य मोर्चा उनका और समाज का कभी विश्वास टूटने दिया जायेगा।

### गुरु नानक सेवक जत्था के सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कम्बल



रांची : गुरु नानक सेवक जत्था के सदस्यों ने कल रात शहर के विभिन्न इलाकों में घूम-घूम कर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। जत्था के सदस्य कल रात 11:00 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा साहिब से चार पहिया वाहन से रांची के बरियातू स्थित रिम्स पहुंचे एवं फर्श पर सो रहे गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को स्वयं अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया। जत्था के सदस्य यहां कंबल वितरण के बाद रांची रेलवे स्टेशन पहुंचे और वहां ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराया। जत्था के सूरज झंडई एवं करण अरोड़ा ने बताया कि इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर उनके चेहरों पर जो मुस्कान दिखाई दी,वह दिल को सुकून देने वाली थी।
जत्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था द्वारा यह सेवा विगत 15 वर्षों से अनवरत की जा रही है और यह कंबल वितरण का कार्यक्रम पूरे ठंड के मौसम में जारी रहेगा। जत्था के इस सेवा कार्यक्रम में सूरज झंडई, करण अरोड़ा, पीयूष मिढ़ा, वंश डावरा, जयंत मुंजाल, विनय खत्री, हेमंत दुआ, पुनीत अरोड़ा, जतिन मिढ़ा, इनिश काठपाल, रॉनित मुंजाल, कशिश नागपाल, मनन कोहली, ऋषभ शर्मा, पीयूष तलेजा,गीत सचदेवा, अमन चावला, हर्ष अरोड़ा, एवं वरुण गेरा शामिल थे।

### जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की हो सीबीआई जांच : बाबूलाल मरांडी

रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी-सीजीएल के परिणाम में कई विसंगतियां पाई गई हैं। लगातार सीरियल क्रम से अभ्यर्थियों के उत्तीर्ण होने के बाद परीक्षार्थियों के मन में सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शंका और गहरी हो चुकी है। मरांडी मंगलवार को सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र सीजीएल परीक्षा में सीट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से निवेदन करते हुए कहा कि छात्रों की संतुष्टि के लिए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराएं। भाजपा छात्रहित में सड़क से लेकर सदन तक सीजीएल परीक्षा में हुई साजिश के खिलाफ मुखर आवाज उठाएगी।

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री ने मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का किया भ्रमण

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचना प्राथमिकता : चमरा लिंडा

- राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने मंत्री का किया अभिवादन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स कार्यालय का भ्रमण किया। मौके पर आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा तथा अन्य अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा का कार्यालय में उपस्थित सभी कर्मियों ने भी हार्दिक स्वागत किया। मौके पर चमरा लिंडा ने कल्याण परिसर के सभी कार्यालयों के सभी कर्मियों से परिचय लिया तथा विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की अद्यतन कार्य प्रगति की जानकारी ली।

**विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचना प्राथमिकता**
इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मंत्री श्री लिंडा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ लाभुकों तक पहुंचे, इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्यों का सम्पादन करें। सभी प्रकार की छात्रवृत्ति राशि का वितरण, साइकिल वितरण, मुख्यमंत्री रोजगर सृजन सहित विभाग द्वारा चलायी जा रहीं अन्य महत्त्वकांक्षी योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र गरीब जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के भीतर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के बच्चों को भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का समान अवसर प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।
इस अवसर पर राज्य के आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, प्रबन्ध निदेशक नेलसम बागे, प्रबन्ध निदेशक सुधीर बारा, टी आर आई से उपनिदेशक मोनिका टूटी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## वृंदा करात ने की सीएम से मुलाकात



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## हैकथॉन-2024 में भाग लेंगे एसबीयू के विद्यार्थी



रांची : सरला बिरला विश्वविद्यालय की तीन टीमों ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2024 के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा 11 से 12 दिसंबर को देश के विभिन्न नोडल केंद्रों पर आयोजित हो रही है। विवि की हैकथॉन-2024 के डॉ. मनोज पांडे और आदित्य विक्रम वर्मा ने बताया कि प्रत्येक टीम में छह छात्र और एक संरक्षक के रूप में एक संकाय सदस्य शामिल हो रहे हैं, जो बेंगलुरु, भोपाल और आईआईटी जम्मू में हो रही प्रतियोगिता में उपस्थित होंगे। इस अवसर पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति (प्रभार) श्रीधर बी. डांडीन, कुलसचिव प्रो. विजय कुमार सिंह एवं डीन इंजीनियरिंग डॉ. पंकज गोस्वामी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी है।

## 22 दिसम्बर को होनेवाले यूपीएससी आरटीएस परीक्षा को लेकर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : प्रमंडलीय आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, रांची के कार्यालय कक्ष में आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आरटी - XI & II की परीक्षा की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 22 दिसंबर 2024 को होने वाले यूपीएससी आरटीएस परीक्षा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। परीक्षा 22दिसंबर 2024 को दो पाली में आयोजित है प्रथम पाली में RT-' के लिए 9:30 बजे पूर्वाह्न से 11:30 बजे मध्याह्न तक और द्वितीय पाली में RT-XII के लिए 2 बजे अपराह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। परीक्षा हेतु राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, बरियातु, रांची को उप केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त परीक्षा उप केंद्रों पर दिनांक 21,22 दिसंबर 2024 को किसी भी प्रकार के अन्य कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी समय से प्रश्न पत्रों के पैकेट पहुंचाने एवं समाप्ति के पश्चात उत्तर पुस्तिका एवं अन्य आवश्यक कागजातों को जीपीओ में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाए तथा प्रतिनियुक्त पुलिस दल परीक्षा की तिथि को प्रातः 7:30 बजे तक कंसर्न ऑफिसर को रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित करें।

## सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन अमृतसर पंजाब में सम्पन्न



रांची : सहकार भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन अमृतसर पंजाब मे सम्पन्न हुआ। अधिवेशन तीन दिवसीय 6, 7 एवं 8 दिसम्बर को सम्पन हुआ उद्घटान गुजरात के विधानसभा के अध्यछ श्री मान चौधरी जी ने किया। समापन केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गटकरी ने किया पूरे देशभर 2200 प्रतिनिधी शमिल हुए लगभग 650 जिला के पढाधिकारी पहुचे इसमें झारखण्ड से 18 जिला के लोग शमिल हुए। प्रदेश मंत्री राकेश चौधरी जी के साथ शमिल हुए तीन दिन सहकारिता झारखण्ड मे आम लोगो तक कैसे पहुचे सहकार से हर पंचयात को जोड़ने को लेकर बात रखी अधिवेशन मे सार्वसमिती से राष्ट्रीय अध्य झ श्री उदय जोसी जी को बनाया गया श्री राकेश चौधरी ने उनका स्वागत किया।

## तीन दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने अपने उच्च स्तरीय बैडमिंटन कोर्ट में प्रथम तीन दिवसीय इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जिसमें रांची के सोलह स्कूलों के बच्चों ने अपने बैडमिंटन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सभी उम्र के बच्चों को अपनी खेल कौशल को प्रस्तुत करने का अवसर मिल सके इसके लिए बच्चों को तीन उम्र समूहों में बांटा गया था। पहला समूह अंडर 11 का था दूसरा समूह अंडर 14 का और तीसरा अंडर 17 का था । सभी समूह के बच्चे अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें अतः सिंगल और डबल सेट में बच्चों को खेलने का मौका दिया गया। बच्चों ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया। ओ डी एम सफायर इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य अमित सिंह जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के वाइस चेयरमैन अमन सिंह और स्कूल के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए पहले दिन के खेल की शुरूआत करी। बारी बारी से सभी स्कूलों के बच्चों को अपने खेलने का पर्याप्त मौका दिया गया। अलग अलग उम्र समूहों द्वारा दूसरे दिन भी खेल का रोमांच कायम रहा। कई बच्चों ने बैडमिंटन कोर्ट में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीसरे दिन फाइनल में खेल का आकर्षण और बढ़ गया जब बच्चे जी जान से फाइनल मुकाबले के लिए अपना पसीना बहा रहे थे।

## रांची की रूपा अनन्त और अंशिता सिन्हा राजगीर में हुईं सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक विरासत मगध की भूमि राजगीर के वीरायतन के सभागार में मगध साहित्य प्रेरणा मंच और अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ द्वारा तीन दिवसीय मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विशेष रूप से प्रेरणा पुंज आचार्य श्री ताई मां का आशीर्वाद रहा। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इसमें रांची की रूपा कुमारी अनन्त को 'दिनकर काव्य साधना सम्मान' और अंशिता सिन्हा को 'पर्वत पुरुष दशरथ मांझी रचनाधर्मिता सम्मान' से अलंकृत किया गया। साथ ही, भारत सरकार, डाक विभाग द्वारा इन दोनों की तस्वीर के साथ डाक टिकट भी जारी किया गया।

## गणेशा ग्लैडियेटर बने पीएल-8 के विजेता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर वर्ष 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता युवा प्रिमयेर लीग का आयोजन करता है, जिसमे मंच के सदस्य बहुत ही जोश एवं उत्साह से भाग लेते हैं। इस वर्ष भी मंच द्वारा 3 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता पीएल-8 का आयोजन रांची जिमखाना क्लब मे 6 से 8 दिसंबर 2024 को किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक सिंघानिया एम जी एवं स्कोडा सिंघानिया थे, सह प्रायोजक एनहेंस ग्रुप, बेवरेज पार्टनर कैम्प्टी, टी-शर्ट पार्टनर महालक्ष्मी सुजुकी एवं ट्रॉफी पार्टनर युनाइटेड एशिया इंफ्रा प्रा. ली. थे। कार्यक्रम मे 8 टीमो मे 104 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता मे 12 लीग मैच 2 सेमी फाइनल एवं 1 फाइनल मैच खेला गया। साथ ही सेमी फाइनल प्रतियोगिता के बाद मंच के सदस्यों एवं प्रेस क्लब सदस्यों के बीच एक फ्रेंडली मैच खेला गया जिसका दोनों पक्षों के खिलाडियों ने खूब आनंद लिया। 8.12.24 को शाम 6 बजे से फाइनल मैच टीम बालाजी चैलेंजर्स एवं गणेशा ग्लैडियेटर्स के बीच खेला गया। टीम गणेशा ग्लैडियेटर्स PL-8 की विजेता बनी एवं बालाजी चैलेंजर्स उप विजेता रही। यह कार्यक्रम मंच के खेल कूद प्रभारी युवा प्रवीण शर्मा एवं युवा विवेक टिबड़ेवाल , संयोजक युवा नीरज अग्रवाल, युवा सन्नी केडिया, सह संयोजक युवा गौरव विजय, युवा शुभम अग्रवाल एवं PL कमेटी सदस्य युवा रवि गोयल हिमांशु कनोड़िया एवं युवा राघव जालान के प्रयासों से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी के साथ प्रांतीय अध्यक्ष युवा अरुण गुप्ता, प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल, मंडलिया उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, प्रांतीय खेल कूद प्रभारी युवा विकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय अमृत धारा प्रभारी युवा वरुण जालान, राष्ट्रीय रक्तदान प्रभारी नेहा पटवारी, पूर्व प्रांत अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के साथ कई पूर्व अध्यक्षों एवं शाखा सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभानवित एवं सुसज्जित किया।

## डीएवी हेहल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया।मानवता की रक्षा के लिए मानवाधिकार एक सुदृढ व प्रशस्त मंच है।मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो मनुष्य को प्रकृति के द्वारा सर्वप्रथम प्रदान किया गया।सभी राष्ट्रों में व्यक्तियों की रक्षा हेतु मानवाधिकार का प्रावधान है ताकि मानव सुख, शांति, उन्नति, प्रतिष्ठा,एवं समानता प्राप्त करते हुए अपने जीवन को शांति और सौहाद्र के सुखद वातावरण में व्यतीत कर सके। विद्यालय के बच्चों ने मानवता की रक्षा से संबंद्धित गान एवं लघु नाटिका प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने शिक्षकों एवं बच्चों को संबोद्धित करते हुए कहा कि इस आयोजन से बच्चों में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता उत्पन्न होगी। प्राचार्य ने कहा कि सभी बच्चों को अपने अधिकार व कर्तब्य के बारे में भिज्ञ होना चाहिए।प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा और संतुलित आहार पाने का जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्होंने बताया कि मानवाधिकार के बिना उन्नत एवं समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जाती। इस अवसर पर एन डी जी ब्लॉक की प्रभारी शिक्षिका अजंता कुमारी एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## तिब्बतियों के निर्वासन के 65 वर्ष होने के बावजूद तिब्बत में मानवाधिकार हनन चरम पर




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : मानवाधिकार दिवस के अवसर पर सर्कुलर रोड स्थित पोटला स्वेटर मार्केट में सभी तिब्बती एकजुट होकर चीन पर आरोप लगाते हुए तिब्बत पर मानवाधिकार हनन पर जोरदार नारेबाजी की। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारत सरकार का ध्यान तिब्बत में हो रहे मानवाधिकार की ओर दिलाया गया, तिब्बतियों के निर्वाचन के 65 साल हो चुके हैं, इन वर्षों में परम पावन दलाई लामा ने तिब्बत की समस्या को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार उठाया और उनके इस प्रयास से तिब्बत मुक्ति के इस अहिंसक आंदोलन को दुनिया भर से मान्यता मिली है। इसके बावजुद तिब्बत मे मानवाधिकार हनन चरम पर है। तिब्बत में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, बेतरतीब निर्माण एवं परमाणु कचरा डम्प करने से पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है, तिब्बत पर चीनी कब्जे के बाद 1.2 मिलियन से ज्यादा तिब्बतियों की हत्या हो चुकी है और सैकड़ो युवाओं ने चीनी अत्याचार के प्रतिरोध मे आत्मदाह कर लिया। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में चीनियों को बसा कर तिब्बतियों की जनसंख्या अनुपात को काम किया गया है, साथ ही चीन द्वारा तिब्बती मठो , शैक्षणिक संस्थानो एवं तिब्बतियों के लोग संस्कृति को नष्ट कर तिब्बत की अलग पहचान को समाप्त करने की कोशिश हो रही है, सबसे खतरनाक बात है कि चीन ने अब तिब्बत में बुद्धिस्ट भाषा (तिब्बतियों की भाषा) में शिक्षा देने पर प्रतिबंध लगा दिया है, इन क्षेत्रों में शिक्षा अब चीनी भाषा (मंदारिंन) में दी जा रही है। चीन के इस कदम से तिब्बत के मूल संस्कृति एवं अलग पहचान जल्द ही पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

## नितांत सेवा फाउंडेशन ने होराब बस्ती में आयोजित किया वस्त्र वितरण अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : सामाजिक कल्याण और समुदाय के विकास के लिए समर्पित गैर-सरकारी संगठन नितांत सेवा फाउंडेशन ने रविवार को होराब बस्ती में एक सफल वस्त्र वितरण अभियान का आयोजन किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिजीत सिंह और सचिव सुशांत पांडे के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को ठंड के मौसम से बचाने के लिए गर्म कपड़े उपलब्ध कराना था। इस अभियान में फाउंडेशन के सदस्यों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 500 से अधिक कपड़े, जिनमें स्वेटर, जैकेट, शॉल और कंबल शामिल थे, 200 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए गए। इस आयोजन को समुदाय से भरपूर सराहना और आभार मिला, जिन्होंने इसे सर्दियों के लिए एक आवश्यक मदद बताया। कार्यक्रम में बोलते हुए श्री अभिजीत सिंह ने कहा, नितांत सेवा फाउंडेशन में हमारा उद्देश्य उन लोगों की मदद करना है, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यह अभियान यह सुनिश्चित करने की एक छोटी सी पहल है कि कोई भी ठंड में बिना कपड़ों के न रहे। हम अपने सदस्यों और दानदाताओं के आभारी हैं, जिन्होंने इसे संभव बनाया। श्री सुशांत पांडे ने भी अपनी बात रखते हुए कहा, लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखना हमारे सभी प्रयासों को सार्थक बनाता है। भविष्य में हम इस तरह के और भी आयोजन करने की योजना बना रहे हैं, ताकि जरूरतमंद समुदायों को सहायता प्रदान की जा सके।

**स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय**
इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवकों का योगदान उल्लेखनीय रहा। इस अभियान में श्री सुशांत, आदित्य, मुस्कान, हर्ष, आकाश, असीम, रेशमी और अमन अली ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन सभी ने कपड़े संग्रह से लेकर वितरण तक के हर चरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नवगठित कानूनी सेवा यूनिट के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# प्रशिक्षण का उद्देश्य बौद्धिक अक्षमतावाले लोगों की सहायता करना : गोपिका आनंद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : झालसा, रांची के निर्देश पर नालसा के द्वारा नवसंचालित - मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमतावाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना - 2024 के अंतर्गत डालसा, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट जिसमें डालसा सचिव सहित सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पैनल के अधिवक्ता, एलएडीसीएस के सदस्य एवं पारा लिगल वॉलिन्टियर शामिल है, का दो दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरे दिन भी ट्रेनिंग हॉल व्यवहार न्यायालय, रांची में नवगठित कानूनी सेवा युनिट के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया और आज प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर झालसा के उप-सचिव श्री मनिष मिश्रा, एलएडीसीएस चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा, डालसा सचिव, श्री कमलेश बेहरा, दिपशिखा इंस्टीच्यूट ऑफ चाईल्ड डेवलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ के प्रधानाध्यापिका, गोपिका आनंद, सदस्य, दशरथ कच्छप समेत अन्य उपस्थित थे। दूसरे दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पांचवे सत्र में झालसा के उप-सचिव, श्री मनिष मिश्रा ने कानूनी सेवा युनिट के सभी सदस्यों को मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक रूप से अक्षमता वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाओं का प्रावधानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिला संरक्षण गृह, कारागृह, बाल देखभाल संस्थानों और अन्य संस्थानों में दी जाने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में प्रकाश डाला। इसके अलावा उन्होंने जेल में मिलने वाली कानूनी सेवाएं, तालुकाओं में मिलने वाली कानूनी सेवाएं की जानकारी दी। उन्होंने गृह भ्रमण के माध्यम से दी जानेवाली कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। उपस्थित सदस्यों को उन्होंने सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उठाने में कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। छठे सत्र में एलएडीसीएस चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा ने नालसा के कार्यान्वयन के लिए कानूनी सेवा प्रदाताओं की भूमिकाएं और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया। सातवें सत्र में दिपशिखा इंस्टीच्यूट ऑफ चाईल्ड डेवलपमेंट एंड मेंटल हेल्थ से आये प्रतिनिधियों ने मानसिक बीमारी एवं बौधिक अक्षमता के प्रकारों के बारे में विस्तार से बताया। उनकी टीम ने बौद्धिक असक्षम व्यक्तियों के रोजगार, विशेष रूप से उनके व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार को सुविधाजनक बनाने और समर्थन देने के लिए, उनके लिए रियायती दरों पर ऋण के प्रावधान सहित योजनाएँ और कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता है, ऐसा कथन किया ऐसे व्यक्तियों को सभी मुख्यधारा की औपचारिक और अनौपचारिक व्यावसायिक और कौशल प्रशिक्षण योजनाओं और कार्यक्रमों में शामिल करना, जिसमें समर्थन और सुविधाओं का पर्याप्त प्रावधान हो।

## झारखंड सरकार में 03 लाख पद खाली : पंकज मिश्र



- रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की जरूरत : जेपी जनता दल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जेपी जनता दल के संगठन मंत्री पंकज मिश्र ने कहा कि सरकार को फिलहाल किसी नए वायदों की तरफ नहीं सोचना चाहिए. राज्य सरकार को को बेरोजगारी दूर करने के उपायों पर विशेष फोकस करने की जरूरत है। प्रथम चरण में सरकार में रिक्त पदों पर बहाली कैसे किया जाए, इस दिशा में पहल प्रारंभ कर देना चाहिए। झारखंड सरकार में लगभग तीन लाख पद खाली है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। सरकार बहुत सारी घोषणाएं पहले ही कर चुकी है। अब नयी घोषणाओं का कोई औचित्य नहीं। पूर्व की बातों को पूरा करना ही बडी चुनौतीपूर्ण कार्य है। कर्मचारी चयन आयोग और जेपीएससी की कार्य प्रणाली को दुरुस्त कर सरकारी पदों पर तत्काल बहाली करना चाहिए। ताकी बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या पर अंकुश लगाया जा सके। जेपी जनता दल समाज का प्रहरी के रुप में हमेशा सजग है और जनता की भावनाओं को सरकार तक पहुंचाता रहेगा।

## एक झलक

### पूर्व मंत्री बंधु तिर्की आज हजारीबाग में

**हजारीबाग** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार हजारीबाग जिला समिक्षा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री बंधु तिर्की अपने दो सदस्यों शंतानू मिश्रा व मनोज सहाय पिंकू के साथ हजारीबाग के दो दिवसीय समिक्षा बैठक में भाग लेगें। ज्ञात हो बुधवार को 11 बजे से 02 बजे हजारीबाग विधानसभा और 02 बजे से 04 बजे बड़कागांव विधानसभा की समिक्षा करेगें। वहीं हजारीबाग परिसदन में रात्रि विश्राम करेगें। गुरूवार को 11 बजे से 02 बजे बरही विधानसभा और 02 बजे से 04 बजे माण्डु विधानसभा की समिक्षा कर संध्या रांची के लिए प्रस्थान करेगें। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने दी।

### खलिहान से चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

**दारू** : थाना क्षेत्र के हरली के खलियान से धान चोरी करते हुए ग्रामीणों ने एक युवक को धर दबोचा। ग्रामीणों ने उस युवक को खलिहान से धान का बोझा चोरी करते हुए तब पकड़ा जब वह अपने बाइक में धान का बोझा लाद रहा था। पकड़ा गया युवक पेटो निवासी प्रकाश महतो का पुत्र कुलदीप कुमार बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि युवक नशे के लत से ग्रसित है। ऐसा अनुमान है कि पकड़ा गया युवक नशीले पदार्थ खरीदने को लेकर युवक चोरी करने की इसकी आदत बन गया है। इससे पूर्व भी वह दिगवार पंचायत के नानो ओरिया में खस्सी चोरी करते हुए पकड़ा जा चुका था। जिस मोटर साईकल से धान का बोझा चोरी की जा रही थी,वह हौंडा कम्पनी का लीवो बाइक है। यह बाइक भी चोरी का ही बाइक बताया जा रहा है। इस मामले में दारु थाना पुलिस ने दारु थाना में कांड संख्या 156/24 का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### चोरों ने शटर तोड़ कर दुकानों में की चोरी, सतर्क रहने की जरूरत : थाना प्रभारी

**चौपारण** : थानेदार अनुपम प्रकाश ने सोमवार को एक सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग दिखाकर अपने प्रखंड वासियों को चोरों की गैंग से सतर्क किया। थानेदार अनुपम प्रकाश ने बताया कि लातेहार, गुमला, और बोकारो में चोर अपनी गैंग बनाकर दुकानों को अपना निशाना बना रहे है। रात्रि में 12 बजे के बाद चोर अपनी गैंग के साथ पहुंचकर पहले शटर के ताले को आसानी से तोड़ लेते है। उसके बाद दुकान में घुसकर चोरी को अंजाम देते है। चोरों की गैंग ने कई जगह पर इस तरह का चोरी की घटना को अंजाम दे चुके है। इस तरह के चोरों का गैंग कुछ शहरों में घूम रहा है। थाना प्रभारी ने अपने प्रखंड वासियों से अपील करते हुए कहा कि कृपया अपने घरों के बाहर या दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य इंस्टॉल करवाएं। क्योंकि कई जगह रात्रि में दुकान की शटर तोड़कर इस तरह के घटना को अंजाम दिया जा चुका हैं। इसलिए सतर्क रहे सुरक्षित रहे अंजन चेहरे पर नजर रखें कोई भी संदिग्ध नजर आए तो तत्काल मेरे नंबर 7903453916 पर सूचित करें। रात्रि में शटर तोड़ दुकानों में चोरी की कई घटना अब तक चौपारण में घट चुकी है।

### अवैध चालान छर्री लदी हाईवा व ट्रैक्टर जब्त

**केरेडारी** : थाना क्षेत्र के टंडवा केरेडारी मुख्य पथ के होंडा शोरूम के पास आ रही हाइवा को अंचलाअधिकारी रामरतन वर्णवाल के द्वारा जांचों उपरांत हाईवा गाड़ी में ओवरलोड एवं अवैध चालन छर्री लादे हाईवा गाड़ी नंबर JHO2AN-7546 को जप्त कर के केरेडारी थाना भेजा गया। वहीं, बालेदेवरी के पास अवैध छर्री लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया जांच करने पर पता चला कि बिना पेपर के छर्री लाया जा रहा था ट्रैक्टर जब्त कर अंचलाधिकारी ने पगार ओपी थाना मे जमा कर दिया गया। वहीं, आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# भूमि हस्तांतरण व लीज बंदोबस्ती के संबंध में प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त, हजारीबाग पवन कुमार की अध्यक्षता में धनबाद जिले की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार कक्ष धनबाद में आयोजित की गई। बैठक हेतु समाहरणालय पहुंचने पर प्रमंडलीय आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बैठक के दौरान आयुक्त द्वारा ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम मामलों, भू-अर्जन, भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती मामले समेत विभिन्न मामलों के निष्पादन वं लंबित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा समेत धनबाद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयुक्त के द्वारा ऑनलाइन कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के द्वारा




न्यायालय वादों के निष्पादन एवं लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अंचल अधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, अवर निबंधक से न्यायालय वादों के निष्पादन के प्रक्रिया और लंबित मामलों की जानकारी ली गई। जानकारी के उपरांत लंबे समय से लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादन करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ हीं सभी अंचल के म्यूटेशन के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारियों को तय समय सीमा के अंतर्गत निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राजस्व संग्रहण से संबंधित विभागों के प्रतिनिधि तथा सभी संबंधित पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला के सभी भू-अर्जन,भूमि हस्तांतरण एवं लीज बंदोबस्ती संबंधित लंबित मामलों की प्रमंडलीय आयुक्त ने समीक्षा की। इस दौरान धनबाद में संचालित कोल खनन परियोजना, रेलवे के प्रोजेक्ट, गोमो फ्लाईओवर समेत अन्य परियोजना के भू-अर्जन एवं अधिग्रहित की गई भूमि की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए। आयुक्त ने भूमि हस्तांतरण और लीज संबंधी मामलों में पारदर्शिता, समयबद्धता और प्रक्रिया के सुचारु संचालन पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रासंगिक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की उचित जांच की जाए ताकि भूमि विवादों और शिकायतों से बचा जा सके। मौके पर उपायुक्त धनबाद, अपर समाहर्ता धनबाद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, निबंधन पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, भू-अर्जन से संबंधित सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चरही में भीषण सड़क हादसा, शादी में शामिल होने जा रही बस पलटी; मची चीख-पुकार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : बिहार से झारखंड शादी में शामिल होने जा रही एक बस हजारीबाग के चरही फोरलेन के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बस में एक लड़की की शादी के लिए जा रहे लोग सवार थे। दुर्घटना में लगभग 11 लोग घायल हो गये जिनमें से चार की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिहार के सारण के दिघवारा से झारखंड जा रही बस सुबह चरही यूपी मोड के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस लड़की की लेकर शादी के लिए जा रही थी। दिघवारा के कामाख्या सिंह अपनी बेटी को लेकर शादी के लिए रांची जा रहे थे। शादी मंगलवार को ही होनी थी। बताया जा रहा है कि बस चरही मोड़ के पास अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। इस बस दुर्घटना में सवार करीब 11 लोग घायल हो गए जिनमें 4 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए 4 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों को एंबुलेंस में डालते लोग इस घटना में बस का कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया है। कंडक्टर की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। उसकी उंगलियों में गहरी चोट थे वहीं 22 वर्षीय सोनी सिंह के ठुड्डी में गहरी चोट के के कारण उसे भी रांची रिम्स रेफर किया गया जबकि 12 वर्षीय प्रतीक कुमार के सिर में गहरी चोट लगी थी। इसका उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भी रांची रिम्स रेफर कर दिया गया साथ ही 55 वर्षीय वर्षीय उषा देवी जो घायल होने के बाद शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाजरत थी।

# झारखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए विधायक ने पक्ष-विपक्ष के विधायकों संग की विशेष वार्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : रांची स्थित विधानसभा सभागार में मंगलवार को सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने पक्ष और विपक्ष के कुछ विधायकों के साथ वातार्लाप किया। वातार्लाप के दौरान झारखंड को एक नई दिशा देना और इसे एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की कार्ययोजना पर चर्चा किया गया। विधायकों ने एकता और सहयोग के प्रतीक स्वरूप सामूहिक तस्वीर खिंचवाई। इस दौरान सभी विधायकों के बीच आपसी सौहार्द और विकास के प्रति प्रतिबद्धता देखने को मिली। इस अवसर पर प्रदीप प्रसाद ने कहा की झारखंड की प्रगति हमारे सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। जब सभी विधायक दलगत राजनीति से ऊपर



उठकर जनता के हित में कार्य करेंगे, तभी राज्य एक नई ऊंचाई को छू सकेगा। हमारा उद्देश्य झारखंड को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे में अग्रणी बनाना है। महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत झलक भी देखने को मिली। श्री प्रसाद ने विशेष रूप से महिलाओं की भूमिका की सराहना की और कहा नारी शक्ति हमारे समाज और राज्य की सच्ची ताकत है। महिलाओं के विकास और उन्हें सशक्त बनाने के लिए हमें शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसरों को प्राथमिकता देनी होगी। उनकी भागीदारी के बिना झारखंड का विकास अधूरा है। पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने झारखंड की प्रगति के लिए सामूहिक रूप से काम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और इस पहल की सराहना की। श्री प्रसाद ने कहा हमारा उद्देश्य है कि हजारीबाग तथा झारखंड के हर नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन


**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन व विधि विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के बैनर तले मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस के छात्र-छात्राओं की ओर से पेश किए गए लक्ष्य गीत व प्रेरक उद्बोधन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। कार्यक्रम परिचय के बाद मौके पर मौजूद बतौर मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने विश्व मानवाधिकार दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दरअसल यह दिन सम्मान, स्वाभिमान और समानता के साथ मानव अधिकारों की रक्षा को




लेकर जागरूक करता है। डॉ भीमराव अम्बेडकर के योगदान का उल्लेख करते हुए विशिष्ट अतिथि व विश्वविद्यालय के डीन एडमिन डॉ एसआर रथ ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने समाज की कुरीतियों और विकृतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने आज के युग में एकता और सहानुभूति के सिद्धांतों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता व विधि विभाग डीन डॉ जयदीप सान्याल ने कहा कि मानवाधिकार एवं मूल स्वतंत्रता ऐसे व्यक्तिगत अधिकार हैं, जो मानवीय आवश्यकताओं और क्षमताओं पर आधारित होते हैं। ये वे अधिकार हैं, जिनके बिना व्यक्तित्व का हनन और प्रतिष्ठा का विनाश हो जाता है। विधि विभाग विभागाध्यक्ष कोमल पल्लवी भेंगरा ने मानवाधिकारों का संरक्षण एवं क्रियान्वयन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी बतायी। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयिका डॉ रोजी कांत ने मानवाधिकारों की शिक्षा को समाज में फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। धन्यवाद ज्ञापन सीएस एंड आईटी विभाग डीन उदय रंजन ने किया। बताते चलें कि कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं को मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाने और समाज में उनके महत्व को समझाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, एचआर राज तिवारी, टीपीओ मनोज कुमार, कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, प्रतिभा हेंब्रम, फरहीन सिद्दीकी, संजय कुमार, डॉ आरसी राणा, डॉ विनय कुमार, तबरेज खान, प्रिति वर्मा, विशाखा बाला, मति गीता स्वामी सहित अन्य प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ साथ स्वयंसेवकों व अन्य छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

# उपायुक्त का लगा जनता दरबार फरियादियों ने लगायी गुहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं के बाबत कहा कि इनकी परेशानियों को हल करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से लगभग 1 दर्जन आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित कर समाधान की मांग की। जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाईन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, इत्यादि मामले शामिल रहे। मौके पर आये सभी आवेदनों को उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत उचित एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# मानव में मानवता का विकास करना मानव अधिकार का लक्ष्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : मानव अधिकार का लक्ष्य है मानव का विकास पूर्ण मानव के रूप में करना। ऐसे मानव तैयार करना जिसमें मानवता के तत्व पूर्ण रूप से विकसित हो। उक्त बातें राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कही। वह विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला को बतौर अध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि जब मानव में मानवता के तत्वों का पूर्ण विकास होगा तब विश्व में जितनी भी समस्याएं हैं वह स्वतः धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी। परंतु ऐसा तब हो पाएगा जब मानव को उनके अधिकार उपलब्ध होंगे और वह निर्बाध रूप से उन अधिकारों का उपभोग करेगा। ऐसे ही पूर्ण विकसित मानव निर्मित करने के उद्देश्य से ही 10 दिसंबर के दिन संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 1948 में मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा



जारी की गई थी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ रुखसाना बानो ने बताया कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने आज के दिन का विषय रखा है 'हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी' (Our rights our future, right now)। विद्यार्थियों में से प्रथम समसत्र की नैना और सूर्यकांत तथा तृतीय समसत्र की अनन्य पांडे ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यशाला का संचालन शोधार्थी धर्मेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर विभागीय प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह, शोधार्थी रवि विश्वकर्मा, डीट फेलो विकास कुमार यादव तथा दोनों समसत्र के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित हुए। अंत में मुकेश साहब द्वारा गाया, शैलेंद्र साहब द्वारा लिखी राजकपूर साहब की प्रिय गीत-किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, किसी का दर्द मिल सके तो ले उधर, किसी के वास्ते तेरे दिल में हो प्यार, जीना इसी का नाम है - को सभी लोगों ने एक साथ गाया।

# जिला प्रशासन ने की लाठी चार्ज, छात्रों ने किया पथराव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : सीजीएल परीक्षा परिणाम को रद्द करने के लिए आंदोलन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने हजारीबाग में बल प्रयोग करते हुए लाठी चार्ज किया है। वहीं उग्र छात्रों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया है। जिसमें एक दर्जन से अधिक गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है जो गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई है उसमें पुलिस की गाड़ी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की गाड़ी भी शामिल है। हजारीबाग में मंगलवार को जमकर छात्रों ने बवाल काटा है अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने हजारीबाग बंद का ऐलान किया था। इस बाबत छात्रों ने एसडीओ ऑफिस को सूचना भी दी थी। छात्रों ने शहर में जहां विभिन्न दुकानों को निशाना बनाया तो दोपहर 1:20 में ल्लँ33 जाम कर दिया लगभग 4 घंटे तक छात्रों ने एनएच जाम रखा प्रशासन के समझाने के बावजूद छात्र इस बात को लेकर अड़े हुए थे कि परीक्षा परिणाम रद्द किया जाए जब स्थिति बिगड़ी हुई देखी तो प्रशासन ने लाठी चार्ज करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। वहीं उग्र छात्रों ने इस दौरान जमकर पथराव किया है जिसमें एक दर्जन से अधिक गाड़ी क्षतिग्रस्त किया गया जिसमें पुलिस की गाड़ी भी शामिल है। यही नहीं जाम में फंसे बस और छोटे चार पहिया गाड़ी को भी निशाना बनाया गया लगभग आधे घंटे तक पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तीतर बीतर किया है। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। घटना स्थल पर एसडीओ सदर अशोक कुमार, एडिशनल एसपी अमित कुमार पांच थाना के थाना प्रभारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

# सदर प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मियों की कार्यशैली से परेशान

**हजारीबाग** : सदर प्रखंड की प्रमुख वीना देवी, उप प्रमुख रविकांत सिंह, पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी और मुकेश कुमार सहित प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता ने अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली को लेकर नाराजगी जताई है। प्रमुख और उप प्रमुख ने अंचल कार्यालय की अनियमितताओं और जनहित के मामलों में लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रमुख ने बताया कि 30 जुलाई 2024 और 27 सितंबर 2024 को पत्र लिखकर अंचलाधिकारी से राजस्व कर्मचारियों और अंचल निरीक्षकों के साथ बैठक करने की मांग की गयी थी ताकि जनहित में लंबित कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन,



अंचलाधिकारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारी और कर्मचारी रैयतों को परेशान करने और अपनी निजी स्वार्थ साधने में लगे हैं। सदर अंचल क्षेत्र में 20% रैयतों का अब तक ऑनलाइन कार्य नहीं हो सका है। 80% लोगों को अपने कार्यों के लिए अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। शिकायतें हैं कि कर्मचारी मोटी रकम की मांग करते हैं। उदाहरण के लिए, थाना नंबर 145, खाता नंबर 69 और प्लॉट नंबर 24 के आम गैरमजरुआ रास्ते पर दबंगों द्वारा मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी सूचना अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को दी गयी, लेकिन दो वर्षों से कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक अन्य मामले में वाद संख्या 11/2022 के तहत अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया गया था।

# प्रखंड में अज्ञात चोरों का बढ़ा आतंक

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड में लगातार चोरी की घटना में बढ़ोतरी हो रही है। एक पखवारे के भीतर तीन से चार चोरी की घटना की अंजाम अज्ञात चोरों द्वारा दिया गया है। पुलिस प्रशासन चोरों पर अंकुश लगाने में अभी तक नाकाम रहे हैं। बीती रात 08 दिसम्बर 2024 सोमवार की घटना थाने की चारदीवारी के अंतिम छोर के दूसरे किनारे पर सेवानिवृत्त भोला प्रसाद बर्णवाल के घर मे चोरों ने जमकर उत्पात मचाया और घर से कीमती सामान चुरा ले गए, हालांकि कितने कीमती सामान एवं नकद इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। दूरभाष से मकान मालिक भोला प्रसाद से सम्पर्क करने पर उन्होंने बताया कि अपनी बेटी की शादी की बात को लेकर 21 नवम्बर की रात्रि को घर मे ताला लगाकर बेंगलुरु गए थे।

# भारत जितना मजबूत होगा, तिब्बत की आजादी सरल होगी : बंशीधर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : भारत तिब्बत मैत्री संघ हजारीबाग के द्वारा जैन भवन, बड़ा बाजार हजारीबाग में विश्व मानवाधिकार दिवस एवं परम पावन दलाई लामा जी को मिले शांति नोबेल पुरस्कार दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता भारत तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी द्वारा किया गया। परम पावन दलाई लामा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों को खतक उड़ा कर उनका स्वागत किया गया। सबसे पहले अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए




बताया कि आज से 35 वर्ष पूर्व परम पावन दलाई लामा जी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया तब से तिब्बती एवं तिब्बत समर्थक लोग नोबेल शांति पुरस्कार दिवस मनाते हैं। चीन द्वारा तिब्बत में खुले रुप से मानवाधिकार का हनन किया जा रहा है तिब्बती परम पावन दलाई लामा जी का चित्र भी नहीं रख सकते हैं जो भी तिब्बत की आजादी की बात उठाता है उसे जेल में डाल दिया जाता है तिब्बत में हो रहे मानवाधिकार के हनन को रोकने के लिए तिब्बत समर्थक सभी देशों को आगे आना होगा। मुख्य अतिथि : पूर्व कुलसचिव बंशीधर मुखिया ने अपने संबोधन में बताया कि चीन अपने विस्तार वादी नीति के तहत अपने पड़ोसियों को परेशान कर रहा है आज पूरे विश्व से चीन अलग-थलग पड़ गया है अब समय आ गया है चीन ज्यादा दिन तिब्बत को अपने कब्जे में नहीं रख सकता। भारत जितना मजबूत होगा तिब्बत की आजादी उतना सरल होगा।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के बीच मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने स्वेटर का किया वितरण

- बच्चे देश के भविष्य, इन्हें शिक्षित बनाना हर माता-पिता का कर्तव्य : राजेंद्र प्रसाद
- बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा आंगनबाड़ी केंद्र से शुरू होती है : ममता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : थाना क्षेत्र अंतर्गत धनवार पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में मंगलवार को ठंड को ध्यान में रखते हुए छोटे बच्चों और बच्चियों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र



प्रसाद, समाजसेवी ममता देवी के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को ठंड से बचाने के लिए स्वेटर वितरित करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा, आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को एक जैसा स्वेटर पहनकर आते देखना सुखद अनुभव होगा। यह न केवल उन्हें ठंड से राहत देगा बल्कि उनके बीच समानता का संदेश भी देगा। बच्चों को स्वेटर पाकर बेहद उत्साहित देखा गया। समाजसेवी ममता देवी ने अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा का आधार है, जहां वे खेल-खेल में पढ़ाई और अन्य कौशल सीखते हैं। कार्यक्रम के दौरान, मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका और सहायिका को केंद्र का संचालन सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाएं बेबी देवी, मरियम खातून, रेणु देवी, बिल्किस प्रवीण और सहायिकाएं संगीता देवी, फजीलत प्रवीण, पुनम देवी, राजिया प्रवीण के साथ ग्रामीण व अभिभावक भी उपस्थित थे। स्थानीय लोग इस पहल की प्रशंसा करते नजर आए। कार्यक्रम में प्रकाश साव, विकास यादव, विनय गोप, उमेश यादव और बिरजू राणा समेत कई अन्य लोगों ने सहयोग किया।



# आंगनबाड़ी केन्द्र में नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत गाल्होबार के केंदुवाडीह 18 आंगनबाड़ी केंद्र में पंचायत मुखिया मंजू देवी द्वारा 40 नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। वितरण के मौके पर मुखिया मंजू देवी ने सभी बच्चों के अभिभावकों को ठंड में स्वेटर पहनाकर नियमित आंगनबाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। साथ ही कहा कि ठंड का मौसम देखते हुए झारखंड सरकार की यह एक अच्छी योजना है। ठंड के इस मौसम में बच्चों को गर्म कपड़ों की जरूरत होती है। सरकार ने बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय पहल की है। उन्होंने सरकार के पल की सराहना की और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य एवं और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया मंजू देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य छोटी शर्मा, वार्ड सदस्य शांति देवी, विजय महतो, जामुन महतो, अंशिका राज, अनवी राज, गुड़िया कुमारी, खुशबू कुमारी, नंदनी कुमारी, मोनिका कुमारी, रागिनी कुमारी, प्राची कुमारी, स्नेहा साहू, रिया कुमारी, सलोनी कुमारी, संजना कुमारी समेत काफी संख्या में महिला पुरुष एवं नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे।

## एक झलक

### विधायक की पहल पर करंट से झुलसे व्यक्ति का हुआ इलाज

**झरिया (धनबाद):** झरिया धर्मशाला रोड स्थित अग्रवाल धम के नजदीक स्थित विद्युत पोल पर बिजली का करंट आ जाने के कारण बीते शाम को एक राहगीर के बिजली पोल के संपर्क में आ जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे ,जिनके इलाज के लिए झरिया विधायक रागिनी सिंह की पहल पर तत्काल अस्पताल ले जाकर उचित इलाज कराया गया। विधायक के निर्देशानुसार भाजपा का एक विशेष प्रतिनिधि मंडल ने केडी पांडेय के नेतृत्व में बिजली विभाग के कनीय अभियंता सतीश कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर तत्काल प्रभाव से उक्त जर्जर बिजली पोल को बदलने की मांग की। जिसपर कनीय अभियंता ने अपनी सहमति जताते हुए अति शीघ्र बिजली पोल को हटाए जाने और नए पोल लगाये जाने की बात कही। इस दौरान स्वरूप भट्टाचार्य, संजय यादव,रघुराम, सेलों पासवान, सौरभ शर्मा, सतीश गुप्ता अजय पासवान आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्र आराधना मंच ने लिया निर्णय, नौ दिवसीय रामोत्सव का होगा आयोजन

**पाथरडीह (धनबाद) :** राष्ट्र आराधना मंच की बैठक सुदामडीह वर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शहीद खुदीराम बोस खेल परिसर में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से दिनांक 22 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक नौ दिवसीय रामोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस नौ दिवसीय रामोत्सव के दौरान प्रतिदिन 11 बजे से श्री राम कथा एवं संध्या 5 बजे से श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। दिनांक 25 दिसंबर 2024 को राष्ट्र आराधना मंच का वार्षिक अधिवेशन दोपहर 1 बजे से प्रारम्भ होगा, जिसमें वर्तमान अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का उद्बोधन होगा तत्पश्चात राष्ट्र आराधक वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी ,समाज में प्रेरणा स्थापित करने वालों 5 व्यक्तित्वों को इस पुरस्कार से राष्ट्र आराधना मंच सम्मानित करेगी। इसके अतिरिक्त 25 दिसंबर 2024 को संध्या 5 बजे से विराट कवि सम्मेलन का भी आयोजित होगा ,जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त कवियों की उपस्थिति रहेगी। बैठक में राष्ट्र आराधना मंच के विस्तार एवं नए सदस्यों को मंच से जोड़ने पर भी बल दिया गया। बैठक में मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिव पंकज कुमार दुबे, संगठन सचिव संजय सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अमित सरकार, संयुक्त सचिव वीरेंद्र रवानी कोषाध्यक्ष आदिल कुमार के अलावा सत्यजीत सिंह, शंकर रवानी, राजन श्रीवास्तव, शशिकांत निराला, सुनील पाठक, अशोक जी, दुर्गा साव, रामानंद पासवान, राकेश सिंह, प्रेम तिवारी बीरबल बाउरी, राजू रवानी, जयदेव रवानी, आदि उपस्थित थे।

### 25 दिवसीय विशेष घटक योजना अन्तर्गत पारम्परिक चित्रकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**हजारीबाग :** मंगलवार को हजारीबाग जिले के चुरचू प्रखंड के जमडीहा एवं बड़कागांव के नयाटांड़ (गोसाई बलिया) में विशेष घटक योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति के सोहराई पेंटिंग शिल्पकारों के लिए 25 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्रीश त्रिपाठी ने बताया कि सोहराई पेंटिंग को जी.आई. टैग केन्द्र सरकार द्वारा दी गई है जिससे इसकी पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर मिली है। हजारीबाग की अनेक महिलाएँ सोहराई पेंटिंग के क्षेत्र में देश- विदेश में जाकर प्रशिक्षण भी दे रही हैं। प्रशिक्षण मुख्यमंत्री लघु एंव कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सौजन्य से हो रहा है। प्रशिक्षण का कार्यक्रम 10 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक चित्रकारी (सोहराई पेंटिंग) के कारीगरों का कौशल विकास करना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर जिला उद्यमी समन्वयक ने सभी कारीगरों को प्रशिक्षण संबंधित विस्तृत जानकारी दी। ट्रेनिंग एजेंसी भारतीय लोक कल्याण संस्थान के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर- राज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में सोहराई पेंटिंग की विभिन्न प्रकार की पेंटिंग सिखाई जाएगी।

## विश्व मानवाधिकार दिवस पर सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण की बैठक सम्पन्न

# मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा व समानता का आधार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** गोविंदपुर प्रखंड के विराजपुर स्थित श्री राम कृष्णा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस स्वरूप सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण प्रदेश इकाई झारखंड की बैठक भगवत प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि आर के मिश्रा, विशिष्ट अतिथि हिमांशु शेखर, रिचा झा, संतोष कुमार, प्रदेश अध्यक्ष भगवत प्रसाद पांडे मंचासिन हुए। बैठक का संचालन सुरेश चंद्र तिवारी ने किया। स्कूल के बच्चे बच्चियों के द्वारा सभी अतिथियों को माल्यार्पण व स्वागतगान से स्वागत किया गया। सुरेश चंद्र तिवारी ने सभी



प्रदेशवासियों को विश्व मानवाधिकार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और समानता का आधार है, जो एक सशक्त और समावेशी समाज की नींव रखता है यह दिवस हमें मानवाधिकारों के महत्व को समझने और उसके संरक्षण और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। सभी अतिथियों ने भी बारी बारी से मानवाधिकार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आर. के. मिश्रा ने सर्वोच्च मानवाधिकार सर्वेक्षण के पदाधिकारी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा बच्चियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बैठक की समापन पर स्कूल के विद्यार्थियों, अतिथियों समेत अन्य पांच सौ लोगों के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। बैठक में सुरेश चंद्र तिवारी, मिथिलेश कुमार पांडे, तुलसी कुमार दास, स्वीटी कुमारी, जोगनी देवी, स्नेहा कुमारी, किरण कुमारी, रितु कुमारी, रोहित कुमार, साव, सुरेश कुमार महतो, विकास प्रसाद साव समेत सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विश्व मानवाधिकार दिवस पर यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में कार्यक्रम

**हजारीबाग :** हजारीबाग विश्व मानवाधिकार दिवस के मौके पर मंगलवार को यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले आयोजित किया गया था। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने भाग लिया। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर यूनिवर्सिटी के निबंधक डा. सादिक रज्जाक भी मौजूद थे। साथ ही इस मौके पर यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र- छात्राएं मौजूद थे। बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि समाज में उनकी आवश्यकता है, और समाज के निर्माण में वह अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

### विश्व मानवाधिकार दिवस पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण



**कतरास (धनबाद):** मंगलवार को न्यू प्राथमिक विद्यालय लश्करीटाँड़ झिंझिपहाड़ी, कतरास में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच किताब, कलम, कॉपी आदि पाठ्य सामग्री का वितरण संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान हर व्यक्ति का अधिकार है। परंतु इन तीनों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा का होना अति आवश्यक है। सारे अधिकारों से ऊपर शिक्षा का अधिकार है।हम अपने जीवन का आधा भाग अध्ययन में लगाते हैं ताकि हम एक आदर्श नागरिक बन सके। शिक्षा से योग्यता आती है, योग्यता से धन, यश की प्राप्ति होती है, धन से मित्र मिलते हैं एवं मित्रों से सुख की प्राप्ति होती है। अतः हमें साक्षर नहीं शिक्षित बनने की आवश्यकता है तभी हम अपने जीवन, परिवार, समाज, और देश का उत्थान कर सकते हैं। मौके पर सहायक शिक्षक संघ धनबाद जिला के वरीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो, शिक्षक राजेश महतो, शैलेंद्र यादव, बैजनाथ केवट आदि उपस्थित थे।

## जनता दरबार में छात्राओं ने की स्कूल से निकाल देने की शिकायत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की शिकायतों को सुना। उदलबनी कांकोमठ से आई छात्राओं ने उप विकास आयुक्त को बताया कि वे बाघमारा प्रखंड के कतरास अंचल स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जमुआटांड में पढ़ाई करती है। 2 दिसंबर को वहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए स्कूल से निकाल दिया। इसके बाद दोनों ने छात्राओं का स्कूल आना भी बंद कर दिया। इस कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। जबकि परीक्षाएं भी नजदीक है। छात्राओं की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उप विकास आयुक्त ने तत्काल जिला शिक्षा पदाधिकारी को फोन कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा जनता दरबार में अवैध निर्माण कार्य रुकवाने, न्यायालय में मुकदमा लंबित होने के बावजूद जमीन पर जबरन जेसीबी चलाकर उसका नेचर बदलने, गुरुजी क्रेडिट कार्ड निर्गत कराने, जबरन चाहर दिवारी तोड़कर जमीन पर अवैध कब्जा करने, बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 अंतर्गत सेन्द्रा बांसजोड़ा साइडिंग में नियोजक द्वारा हाई पावर कमेटी के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई।

उप विकास आयुक्त ने सभी शिकायतों का निवारण करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

जनता दरबार में निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## राजस्व बढ़ाने के लिए प्रमंडलीय आयुक्त ने दिये अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में जिला आंतरिक संसाधन समिति तथा जिला टास्क फोर्स की समीक्षा की। उन्होंने खनन, कमर्शियल टैक्सेस, निबंधन, परिवहन, वन विभाग, मत्स्य विभाग तथा नगर निगम सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने सभी विभागों को शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने तथा राजस्व बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में आयुक्त ने खनिज संपदा के अवैध कारोबार पर त्वरित कार्रवाई करने तथा



विभिन्न कोलियरी में कोयले के भंडारण का औचक वॉल्यूमैट्रिक जांच करने के निर्देश दिए। एक्साइज विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने अवैध शराब निमार्ता पर कड़ी कार्रवाई करने तथा लाइसेंसी बार में औचक जांच करने के निर्देश दिए। कमर्शियल टैक्सेस की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने डिफॉल्टरों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा मोबाइल चेकिंग कर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा सहित सभी अंचल अधिकारी व अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। समीक्षा बैठक के बाद आयुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक कर विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त से विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी परियोजनाओं का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्तसादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जेंडर आधारित भेदभाव व हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** विश्व मानवाधिकार दिवस पर मंगलवार को झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं क्रिया द्वारा आयोजित जेंडर आधारित भेदभाव एवं हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान का समापन कंचनपुर में जिला स्तरीय सेमिनार आयोजित कर समापन किया गया। सेमिनार का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, बाल कल्याण समिति धनबाद के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, प्रो. शंकर रवानी,जिप सदस्य आशा देवी, ट्रस्ट के अध्यक्ष पूनम वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने किया। सेमिनार में दिव्यांग, एकल महिला, महिला मण्डल, किशोरी मण्डल के



करीब 151 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सेमिनार में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत संगीत प्रस्तुत कर सेमिनार को खुशनुमा बनाया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि आज के आधुनिक युग में भी लिंग आधारित भेद भाव किया जा रहा जो सभ्य समाज के शुभ संकेत नहीं है। आज लड़कों की तुलना में लड़कियां सभी क्षेत्रों में परचम लहरा रही है, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कार्यक्रमों का परिणाम है कि आज धनबाद में बाल विवाह, बल यौन शोषण मामले में काफी कमी आई है। सम्मानित अतिथि बाल कल्याण समिति धनबाद के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने कहा कि ट्रस्ट का कार्य सराहनीय रहा है।हम सभी को मिलकर धनबाद जिला को बाल विवाह मुक्त जिला एवं राज्य का निर्माण करना है।

### अहंकार इंसान को ईश्वर से करता है दूर: सुरेन्द्र हरिदास

**कतरास (धनबाद) :** श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार की कथा में सुरेन्द्र हरिदास ने बताया कि जब मानव का मन निर्मल और शुद्ध होता है, तब उसकी सारी बाधाएं स्वतः दूर हो जाती हैं। मानव को अपने जीवन में कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार न केवल इंसान को दूसरों से दूर करता है, बल्कि उसे ईश्वर से भी अलग कर देता है। विनम्रता और भक्ति का मार्ग अपनाने से ही व्यक्ति सच्ची आध्यात्मिक उन्नति कर सकता है। सनातन धर्म की न केवल मानवता की सेवा करता है, बल्कि सभी धर्मों का आदर और सम्मान भी करता है। यही कारण है कि सनातन धर्म को सार्वभौमिक और सर्वसमावेशी धर्म माना जाता है। हमें अपने बच्चों को बचपन से ही कथा श्रवण करवाना चाहिए। यह उनके चरित्र निर्माण में सहायक होता है। प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, बिजय झा, अशोक वर्मा, विनय कृष्ण गुप्ता, बिजया गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता,अवधेश कु गुप्ता, मनोज कु गुप्ता, उदय वर्मा, सुशील खैतान, संजय चौधरी, सुमन चौधरी, हिम्मत सिंह, दीपक सोनी, संजय गुप्ता, शिवानी झा, कस्तूरी देवी, गीता देवी, अल्का देवी बबीता देवी, नर्मदा देवी, मनिषा देवी, कविता गुप्ता, सुषमा वर्मा, माया खैतान, विकास साहू, सुमन देवी, आदि सभी समाज के सहयोग से किया जा रहा है।

## जमीन संबंधित मामलों को लेकर ग्राम स्वराज का धरना शुरू

प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले अंचल कार्यालय बाघमारा में दर्जनों भू स्वामी ने अपने जमीन के म्यूटेशन, ऑनलाइन प्रविष्टि, रसीद कटवाने, जमीन विवाद हेतु नापी कर सीमांकन आदि के लिए अनिश्चितकालीन सत्याग्रह धरना प्रदर्शन शुरू किया। सभी रैयतों ने बाघमारा सीओ को आरटीआई आवेदन देकर अपने अपने शिकायत पर हुई कार्यवाई की रिपोर्ट मांगी। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे जोगीडीह निवासी रैयत कमल महतो ने बताया कि विगत एक दो, वर्षों से अपने पुश्तैनी जमीन का ऑनलाइन प्रविष्टि करने और




अद्यतन रसीद कटवाने के लिए सीओ कार्यालय का चक्कर काट रहें है। रैयत बाणेश्वर महतो ने बताया की 29 जून 2024 से अब तक अर्थात 5 महीना से उसका म्यूटेशन का आवेदन कर्मचारी के आईडी में लंबित है। अबुआ आवास में जमीन विवाद के कारण धमाबांध के विशाल कु महतो अपने मां के साथ धरना में बैठा है और सीओ से जमीन नापी का फरियाद कर रहा है। धरना को ग्राम स्वराज अभियान के प्रमुख जगत महतो ने संबोधित करते हुए कहा की अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसके कारण आम रैयत के जमीन संबंधी शिकायत का निवारण अधिकारी नहीं करता है। यह विडंबना है कि पत्रकार की जमीन को भी भूमाफिया अंचल के मिलीभगत से लुट रहा है और इंसाफ के लिए पत्रकार को भी धरना पर बैठना पड़ रहा है। सीओ कार्यालय में अबुआ नहीं बबुआ राज कायम है।

## मल्लिक समाज सुधारक व वामपंथी नेता मागाराम मल्लिक की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** मल्लिक समाज सुधारक और वामपंथी नेता मागाराम मल्लिक की 16 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को सिंदरी बस्ती पुराना बाजार स्थित उनकी प्रतिमा पर पूर्व विधायक आनंद महतो ने माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर आनंद महतो ने कहा कि मागाराम मल्लिक ने अपने समाज में शिक्षा का प्रचार किया था। उनके निधन से मल्लिक समाज को हुई क्षतिपूर्ति की भारपाई नही हो सकी है। इस अवसर पर आनंद महतो ने कहा कि विगत 25 वर्षो से विकास रुका हुआ था। क्षेत्र में राजनीतिक बदलाव से विकास को पटरी पर लाया जायेगा। लाल झंडा के वरिष्ठ नेता छोटन चटर्जी ने पिछडे मल्लिक समाज को सामान्य वर्ग में रखने के निर्णय का कड़ा विरोध किया तथा हेमंत सरकार से मल्लिक समाज को न्याय दिलाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में सुरेश प्रसाद, विदेशी सिंह, एनपी साहा, राजीव मुखर्जी, कृष्णा महतो, रामू मंडल थे।

### आरटीआई कार्यकर्ता पर हुआ हमला

**कतरास (धनबाद):** भटमुरना मोड़ के समीप सोनारडीह निवासी आरटीआई कार्यकर्ता छेदी कुमार पर सोमवार की शाम अपराधियों ने हमला कर दिया। जिससे उन्हें काफी चोटें आई है। आरटीआई कार्यकर्ता छेदी कुमार ने बताया कि भटमुरना मोड़ के पास खड़ा थे, तभी चार-पांच की संख्या में अपराधी आए और लोहे की पाइप से मेरे साथ मारपीट करने लगे, रोकने के क्रम में हाथो में चोट लगी मारपीट करते हुए वे लोग कह रहे थे कि तुम हम लोगों के इंजीनियर और हमारे जनप्रतिनिधि को नुकसान पहुंचाना चाहते हो, सड़क का मामला का शिकायत करते हो अपना शिकायत वापस ले लो नहीं तो बुरा परिणाम होगा। आरटीआई कार्यकर्ता ने बताया कि मुराईडीह से रामराज मंदिर चिटाही धाम होते हुए सोनारडीह तक करोड़ों की लागत से डीएमएफटी फंड से पथ निर्माण विभाग सड़क निर्माण कर रहा है।

## रिमोट सेंसिंग व जींआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग पर आयोजित कार्यशाला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग में झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार परिषद रांची द्वारा प्रायोजित रिमोट सेंसिंग और जींआईएस का अनुसंधान में अनुप्रयोग कार्यशाला में एक्सपर्ट लेक्चर सिरीज का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन एवं सहप्राध्यापक बीआईटी डॉ. माया राजनारायण ने स्थायी जल संसाधन प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग और जियो-इंफार्मेटिक्स सिस्टम के माध्यम से जल संसाधन के प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि रिमोट सेंसिंग और जींआईएस के उपयोग से जल स्त्रोतों की स्थिति का सटीक मूल्यांकन किया जा सकता है।



जिससे जल संकट का समाधान और संसाधनों का कुशल प्रबंधन संभव हो सकता है। दूसरे एक्सपर्ट डॉ. विकास कुमार विद्यार्थि ने लैंड यूज-और लैंड कवर विश्लेषण एवं पूवार्नुमान में रिमोट सेंसिंग और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग की चर्चा करते हुए कहा कि इन आधुनिक तकनीक का उपयोग पर्यावरण संरक्षण, शहरी नियोजन और कृषि में वेहतर निर्णय लेने के लिए किया जा सकता है। इस तकनीक द्वारा प्राप्त उपग्रह चित्रों और डेटा का उपयोग कर भूमि का उपयोग में होने वाले परिवर्तनों का विश्लेषण करना आसान और सटीक हो गया है । मशीन लर्निंग की मदद से इन आंकड़ो से पूवार्नुमान तैयार किया जा सकता है, जो भविष्य में होने वाले परिवर्तनों की पहचान करने में सहायक सिद्ध हो सकता है। असैनिक अभियंत्रण विभाग के प्रमुख डॉ. जितू कुजूर ने रिसोर्स पर्सन डॉ. विद्यार्थि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उदय कुमार सिंह, प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ बीडी यादव, डॉ निशिकांत किस्कू, प्रो इकबाल शेख, प्रो सरोज मीणा, प्रो प्रशांत रंजन मालवीय का योगदान रहा।

## तिब्बतियों ने न्यू स्टेशन में दलाई लामा को नोबल शांति पुरस्कार मिलने के उपलक्ष्य में की पूजा-अर्चना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** रेलवे स्टेशन, चिल्ड्रन पार्क, न्यू स्टेशन कॉलोनी पुराना बाजार में तिब्बतियन रिफ्यूजी वूलन गारमेंट्स एग्जिबिशन कम सेल में आए हुए तिब्बतियों ने दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के 35 वें वर्ष के उपलक्ष्य में तिब्बती विधि विधान से दीप प्रज्वलित कर, मंत्र पढ़कर पूजा अर्चना की।शरणार्थी टाशी थुप्तन ने बताया हम सारे तिब्बती इस दिन को बहुत हर्षौल्लास से मना रहे है। हम सभी तिब्बती अपने परम पवन दलाई लामा के दीघार्यु के लिए मनोकामना कर रहे है और विश्व शांति के लिए पूजा अर्चना कर रहे हैं।विगत 1982 से हम लगातार धनबाद के रेलवे स्टेशन के निकट न्यू स्टेशन चिल्ड्रन पार्क में वूलन गारमेंट्स का मार्केट लगा कर धनबाद वासियों की सेवा करते आ रहे हैं,और हर वर्ष 10 दिसंबर को दलाई लामा की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। कहा की भारत सरकार,धनबाद प्रशाशन और धनबाद वासियों का भरपूर सम्मान और प्यार हमें हमेशा मिला है जिसका हम सभी तिब्बतियन आभार व्यक्त करते हैं। संस्था के अध्यक्ष लोंडेन शेरिंग ने तिब्बती लोगों के लिए 10 दिसम्बर का महत्त्व के संदर्भ में बताया कि विश्व भर में दो कारणों से 10



दिसम्बर का दिन तिब्बतियों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। एक यह है कि 10 दिसम्बर 1989 को उनकी अहिंसा के प्रति प्रतिबद्धता तथा तिब्बत समस्या के समाधान हेतु दूरगामी सुझावों के उपलक्ष्य में परम पावन दलाई लामा जी को नोबेल शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तब से लेकर संसार भर में तिब्बती लोग 10 दिसम्बर को तिब्बत की खोई हुई स्वतंत्रता को प्राप्त करने हेतु तथा तिब्बती संघर्ष के संदर्भ में एक महत्त्वपूर्ण दिन के रूप में मना रहे है। परम पावन दलाई लामा जी को नोबेल शान्ति पुरस्कार दिया जाना अन्तर्राष्ट्रीय सतर पर तिब्बत के स्वतंत्रता संघर्ष को मान्यता देने का प्रतीक है तथा इस बात का संकेत भी कि अन्तर्राष्ट्रीय समाज अहिंसा पर आधारित इस संघर्ष की सराहना करता है। तिब्बती लोगों के लिए 10 दिसम्बर का महत्व इसलिए भी है कि यह दिन अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। चीन के अधिकार में तिब्बती लोगों के मूलभूत मानवीय अधिकारों को पुनः वापस दिलाना तिब्बती स्वतंत्रता संघर्ष का एक आधारभूत सिद्धांत है। 1949 में चीन के तिब्बत पर आक्रमन तथा 1959 में उस पर पूर्णरूप से कब्जा कर लेने के उपरान्त चीन द्वारा उन सभी मानवाधिकारों का तिब्बत में हनन हुआ है जो कि संयुक्त राष्ट्र की सार्वभौम मानवाधिकार घोषणा पत्र में निहित है।

### तिब्बतियों ने दलाई लामा के दीर्घायु के लिए किया शांति पाठ

**धनबाद :** न्यू लहासा मार्केट पार्क मार्केट ग्राउंग, हीरापुर में तिब्बतियों ने दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के 35वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना की। लहासा मार्केट के अध्यक्ष नमगयाल वांगचुक ने बताया हम सारे तिब्बती दलाई लामा के दीघार्यु के लिए शांति पाठ एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर रहे हैं बताया कि तिब्बतियों के निर्वासन के 65 साल हो चुके हैं इन वर्षों में परम पावन दलाई लामा तिब्बत की समस्या को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया है और उनके प्रयास से तिब्बत मुक्ति के अहिंसक आंदोलन को दुनिया भर में मान्यता मिली और परम पावन दलाई लामा को 1989 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके बावजूद तिब्बत में मानवाधिकार हनन चरम पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन पर जवाब डालने में भारत सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है भारत सरकार के कूटनीति प्रभाव एवं भारत की जनता की एकजुटता ही निर्वासित तिब्बतियों के लिए संबल है।

## सम्पादकीय.....

# कैसे खुदकुशी के मामलों को खत्म किया जाये

**अब** शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार ना छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह से आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्म हत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ती ही चली जा रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी। पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां पर हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र - छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह से **IIT/NIT** या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए। अभी हाल ही में दिल्ली- हरियाणा सीमा पर स्थित सेंट स्टीफंस कैम्बिज स्कूल में 'निराशा को हरा दें' विषय पर चर्चा हुई। इसमें मनोचिकित्सकों, डॉक्टरों, बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों ने भाग लिया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल ने कहा जीवन में निराशा का कोई मतलब नहीं है। किसी को भी आत्महत्या से बचाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल को वही दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) चलाती है, जिसने देश के चोटी के सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना की थी। इससे महान स्वाधीनता सेनानी दीनबंधु एंड्रयूज भी जुड़े हुए थे।उन्होंने सेंट कॉलेज में पढ़ाया भी था। वे दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी से 1916 में मिले थे। उसके बाद दोनों घनिष्ठ मित्र बने। उन्होंने 1904 से 1914 तक सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया। उन्हीं के प्रयासों से ही गांधी जी पहली बार 12 अप्रैल-15 अप्रैल, 1915 को दिल्ली आए थे। बेशक, स्कूलों और कॉलेजों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाना महत्वपूर्ण है। छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को आत्महत्या के संकेतों, जोखिम कारकों और मदद कैसे लें, इसके बारे में शिक्षित करना होगा। इसमें आत्महत्या की रोकथाम पर कार्यशालाएँ, सेमिनार और कक्षा में चचाएँ शामिल हो सकती हैं। आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां पर मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। इस बीच, कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग भी करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी।

## ● किसने क्या कहा



साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे

**द्रौपदी मुर्मू**
**राष्ट्रपति**

विनयशीलता और विश्वसनीयता ने विष्णुकांत शास्त्री को बनाया लोकप्रिय

**धर्मेन्द्र प्रधान**
**केन्द्रीय शिक्षा मंत्री**



# कृषि संकट एक बड़ी चुनौती, क्या करें किसान?

विशेष — **निमिषा सिंह**

> **किसान** सर्विस ऑगेर्नाइजेशन से जुड़े सोलर ऊर्जा विशेषज्ञ गणधम श्रीनिवास राव ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार उनके और उनके सहकर्मी वेणुगोपाल और पी चेंगल रेड्डी के अनुरोधों, अभ्यावेदनों और लगातार अनुवर्ती कार्रवाई के बाद हाल ही में ऊर्जा मंत्रालय ने हाई टेंशन ट्रांसमिशन लाइनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। टावर बेस एरिया को भूमि मूल्य का 200% मुआवजा दिया जाएगा। टावर के चार ग्राउंड-लेवल लेग और प्रत्येक तरफ एक अतिरिक्त (1) मीटर विस्तार से घिरा स्थान टावर बेस एरिया के रूप में जाना जाता है। दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिला कलेक्टर, जिला मजिस्ट्रेट या डिप्टी कमिश्नर को मुआवजे के लिए अंतिम अधिकार दिया जाएगा।

**आज** भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पाँच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारतीय सेना विश्व की सबसे ताकतवर सेनाओं में सम्मिलित है। विश्व के सफलतम अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शामिल है। अन्य क्षेत्रों में भी भारत नियमित रूप से विकास की नई बुलंदियां छू रहा है बावजूद इसके भारत में एक क्षेत्र ऐसा भी है जो आज भी विकास की दौड़ में कहीं पीछे रह गया है। खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला कृषि क्षेत्र आज भी उस स्थिति में नहीं पहुँच पाया है जिसे संतोषजनक माना जा सके। इसका परिणाम यह हुआ है कि कृषि पर निर्भर देश के करोड़ों लोग आज भी बेहद अभावों में जीवन जीने को विवश हैं और कई बार ये कृषि के माध्यम से अपनी बुनियादी जरूरतें भी नहीं पूरी कर पाते हैं। भारतीय किसान संघ परिसंघ (सिफा) के तत्वाधान में भारत के किसान समुदाय को सशक्त बनाने नवाचारों का अन्वेषण और भारतीय कृषि के भविष्य को आकार देने हेतु तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद स्थित फेडरेशन ऑफ तेलंगाना चैंबर एंड कॉमर्स में दो दिवसीय राष्ट्रीय किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसके तहत कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से व्यावहारिक चर्चा और अपनी राय व्यक्त करने के लिए देश से किसान नेता कृषि वैज्ञानिक सामाजिक कार्यकर्ता और प्रगतिशील किसान एक मंच पर एकत्रित हुए। सिफा के संस्थापक और मुख्य सलाहकार पी चेंगल रेड्डी ने स्वागत भाषण के साथ सम्मेलन की शुरूआत की जिसमें उन्होंने भारत में खाद्य सुरक्षा और इस क्षेत्र में वैश्विक निर्यातक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति के अवसरों पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार किया जैसे कि जलवायु परिवर्तन और युवा प्रतिभाओं को खेती में आकर्षित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता, विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण और कृषि निर्यात के क्षेत्रों में उपलब्ध अपार अवसरों की ओर इशारा करते हुए। अपने स्वागत भाषण को समाप्त किया। भारतीय किसान संघ परिसंघ के मौजूदा चेयरमैन रघुनाथ दादा पाटील ने देश भर से आए किसान नेताओं और प्रतिनिधियों के सामने मसौदा प्रस्ताव रखा जिसमें आगामी दिनों में समग्र देश में भारतीय किसान संघ परिसंघ के माध्यम से किसानों तक पहुंच बनाकर उनकी समस्या के समाधान हेतु प्रयास करने की अपील की। दो दिवसीय सम्मेलन के प्रत्येक सत्र में विभिन्न राज्यों से आए वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसमें कोई शक नही कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान इसकी जीवनरेखा हैं। किसान सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता दोनों है। किसानों और वैज्ञानिकों के बीच अंतर को पाटने के लिए प्रयोगशाला को भूमि से जोड़ने के चल रहे प्रयासों पर भी चर्चा की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अत्याधुनिक अनुसंधान जमीनी स्तर तक पहुंचे। कृषि में विविधता लाने के लिए किसानों को गेहूं और धान जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ मछली पालन, मधुमक्खी पालन और हाइड्रोपोनिक्स जैसी नए विकल्पों का उपयोग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सम्मेलन के पहले दिन के द्वितीय सत्र में इंटरैक्टिव पैनल में विभिन्न अहम विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत सतत कृषि के लिए नीतिगत पहल और योजनाएं, निर्यात नीति पर विस्तृत चर्चा की गई। पीजेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन अशोक बालियान ने मंच को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने 2018 में एसेंसिल कमोडिटी एक्ट की पावर को एक्सरसाइज करते हुए चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य तय किया था। ठीक उसी तरह केंद्र सरकार 23 फसलों पर भी एसेंशियल कमोडिटी एक्ट के पावर को एक्सरसाइज करते हुए न्यूनतम बिक्री मूल्य तय कर सकती है ताकि इससे नीचे सौदे न हो सके। साथ ही आवश्यक है यह पूरे देश में लागू हो तभी यह कारगर हो सकेगा। बिहार से आई निमिषा सिंह ने राज्य में मंडी व्यवस्था को पुनः बहाल कराए जाने के लिए सभी किसान नेताओं को संगठित होने की अपील की। झारखंड से आई सुष्मिता सोरेन ने जल संकट पर आवाज उठाते हुए बताया कि जमीन होने के वावजूद जल की कमी की वजह से वहां खेती नही हो पा रही। फसल बीमा का फायदा भी झारखंड के किसानों को ढंग से नही मिल पा रहा। दूसरे दिन सम्मेलन के प्रथम सत्र में कृषि में सोलर ऊर्जा की भूमिका, पशुओं से फसल को होने वाले नुकसान और फसल बीमा जैसे विषय शामिल थे। सिफा की बैठक में ह्यूमेन फाउंडेशन फॉर पीपल एंड एनिमल्स जिनमें श्री मार्कस कैम्पोस और श्री राजगोपाल रेड्डी भी शामिल थे। उन्होंने किसानों को उनके संवैधानिक अधिकारों और उनकी रक्षा के लिए सरकार के कानूनी आदेश के बारे में बताया। उन्होंने उन्हें यह भी बताया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम अनुच्छेद 21 आवश्यकता पड़ने पर वन्यजीवों से नागरिकों के जीवन और आजीविका के अधिकार की रक्षा करता है। जंगली सूअर, नीलगाय आदि जैसे फसल पर हमला करने वाले जानवरों के लिए मुख्य वन्यजीव अधिकारी अपनी शक्तियों को सरपंच को सौंप सकता है, जो तब पंजीकृत शूटरों को एक निश्चित समय अवधि के भीतर जानवरों को मारने के लिए बुला सकता है।

# क्यों किसी को तत्काल सुने सुप्रीम कोर्ट ?

गौरतलब — **राकेश अचल**

> **आपको** बता दें कि जिस तरह से दुनिया में हमारा लोकतंत्र सबसे पुराना है उसी तरह हमारी सर्वोच्च अदालत भी दूसरे देशों की अदालतों के मुकाबले सर्वशक्तिमान है। इसके पीछे कई कारण हैं। भारत की 73 साल पुरानी अदालत कार्यकारी अधिनियमों, संसदीय कानूनों और संविधान में संशोधन को रद्द कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के कोई तीन दर्जन न्यायाधीश लगभग 70 हजार अपीलों और याचिकाओं का भार संभालते हैं और हर साल लगभग एक हजार फैसले देते हैं।

**दुनिया** में हर कोई चमड़े का सिक्का चलाना चाहता है, फिर चाहे वो कोई राष्ट्रपति हो, प्रधानमंत्री हो या अतीत का कोई सम्राट,कोई तुगलक या कोई और। सब जानते हैं कि जिंदगी न मिलेगी दुबारा । देश के मुख्यन्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने भी सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई की आदिकालीन व्यवस्था पर रोक लगकर यही सब किया है । उन्होंने किसानों के मुद्दे को भी तत्काल सुनने से इंकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से असंख्य लोग निराश होंगे । मै भी इन्हीं में से एक हूँ। सुप्रीम कोर्ट हर तरह से सुप्रीम है । मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा कुछ मामलों की तत्काल सुनवाई पर लगाईं रोक से पहले सुप्रीम कोर्ट ने अनेक मामलों को तत्काल सुना है। कोर्ट आधीरात को भी खुला है और अवकाश के दिनों में भी । लेकिन ये सब मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन व्यक्ति के ऊपर निर्भर रहता है कि वो किस तरह की व्यवस्था से न्याय का रास्ता प्रशस्त करे। तत्काल सुनवाई को लेकर मत भिन्नता हो सकती है। अपवादों को छोड़कर साम्य तौर पर सुप्रीम कोर्ट में तत्काल सुनवाई नहीं होना चाहिए क्योंकि माननीय सुप्रीम कोर्ट में लाखों मामले हैं जो कम से कम पांच साल से लंबित है। पहले इन्हें सुना जाना चाहिए ,लेकिन देश में कभी-कभी ऐसे मुद्दे और मामले भी आते हैं जब उन पर तत्काल सुनवाई और फैसले जरूरी माने जाते हैं। लेकिन अब ये रास्ता फिलहाल बंद कर दिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट इस मामले में समदृष्टि रखता है। उसने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले को भी तत्काल सुनने से इंकार किया था और अब किसानों के आंदोलन को देखते हुए किसानों के मामले में भी तत्काल सुनवाई से इंकार कर दिया है। अपने अधिकारों के लिए पिछले चार साल से आंदोलनरत किसान कोई 700 किसानों की बलि दे चुके हैं किन्तु उनके मामले को सुप्रीम कोर्ट यदि तत्काल सुनवाई के लायक नहीं समझता तो ये किसानों का दुर्भाग्य है ,सुप्रीम कोर्ट का नहीं। देश में किसी किसान का बेटा शायद अब तक मुख्य न्यायाधीश की कुर्सी तक नहीं पहुंचा है अन्यथा उनके मामले को तत्काल सुनने से इंकार नहीं किया जाता। इस सर्वोच्च पद पर पहुँचने के लिए भी विरासत चलती है । आपके पिता,चाचा या और कोई रिश्तेदार यदि न्यायिक सेवा में रहे हैं तभी आपको यहां तक पहुँचने का रास्ता मिलता है।

## अंकजाल - 7755

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



*अंकजाल 7754 का हल*

Jagrutidaur.com, Bangalore

## मन की तेज गति

**नौका** नदी के उस पार जा रही थी। अनेक व्यक्ति उस पर सवार थे। भार अधिक हो गया। नौका डगमगाने लगी। नाविक ने कहा - नौका डूब जाएगी। यदि सबको बचना है तो स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपना सारा सामान नदी में बहा दो, अन्यथा सामान के साथ-साथ प्राण भी जाएंगे। सबने अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए सामान नदी में डाल दिया। एक बनिये के पास तीन खाली डिब्बे और एक रूपयों से भरा डिब्बा था। उसने खाली डिब्बे पानी में डाल दिए। नाविक ने कहा - इस वजनी डिब्बे को डाल दो। बनिये ने रूपयों को ऐसे व्यर्थ बहाना उचित नहीं समझा।

## आज का इतिहास

- ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1687 में मद्रास (भारत)में नगर निगम बनाया।
- प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध 1845 में शुरू।
- बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय और यदुनाथ बोस 1858 में कलकत्ता विश्वविद्यालय से कला विषय के पहले स्नातक बने।
- यूरोपीय देश इटली 1937 में मित्र राष्ट्र संघ से बाहर आया।
- जर्मनी और इटली ने 1941 में अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी। पहले इटली के शासक बेनिटो मुसोलिनी और फिर जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने ये घोषणा की।
- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 1946 में भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- यूरोपीय देश स्पेन को 1946 में संयुक्त राष्ट्र से निलंबित किया गया।
- बाल विकास में लगी अंतरराष्ट्रीय संस्था यूनिसेफ के सम्मान में 1960 में 15 नये पैसे का विशेष डाक टिकट जारी किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र के यूनिसेफ की 1964 में स्थापना हुई।
- जनरल एच.एम. इरशाद ने 1983 में खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया।
- रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन ने 1994 में चेचेन विद्रोहियों पर हमला किया तथा उनके इलाके में सेना भेज दी।
- सन 1998 में हुए 23वें काहिरा अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में तमिल फिल्म 'टेररिस्ट' सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- चीन को 2001 में विश्व व्यापार संगठन में प्रवेश मिला।
- स्पेन के नौसैनिकों ने 2002 में अरब सागर में उत्तर कोरिया के एक जहाज को पकड़ा, इसमें स्कड मिसाइलें लदी थीं।
- मेरिदा में 2003 में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किये।
- उत्तर व दक्षिण कोरिया के बीच 2007 में 50 वर्ष बाद रेल सेवा पुनः प्रारम्भ।

## सुविचार

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते हैं।

**जेके रालिंग**

मुझे आने वाले कल का भय नहीं है, क्योंकि मैंने बीता हुआ कल देखा है और मुझे आज से प्यार है।

**विलियम ए व्हाइट**

## राशिफल

**मेष** — लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**तुला** — जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**वृष** — आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**वृश्चिक** — परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी।

**मिथुन** — अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी।

**धनु** — नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें।

**कर्क** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**मकर** — धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें।

**सिंह** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी।

**कुंभ** — सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा।

**कन्या** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**मीन** — आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

# अंतर-राज्यीय और ग्रामीण-शहरी असमानताओं का पता लगाने के लिए गहन शोध की आवश्यकता


डॉ. शमिका रवि (ईएसी-पीएम)
डॉ. मुदित कपूर (आईएसआई, दिल्ली)


**महिला** श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण और समग्र आर्थिक समावेशिता का एक महत्त्वपूर्ण संकेतक है। यह शोध पत्र 2017-18 से भारतीय राज्यों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में उल्लेखनीय पुनरुत्थान को उजागर करते हुए कठोर अर्थमितीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अनुभवजन्य विश्लेषण के लिए तीन व्यापक विषय हैं...(1) महिला एलएफपीआर में हालिया रुझान, (2) एलएफपीआर पर वैवाहिक स्थिति और मातृत्व-पितृत्व का प्रभाव, और (3) भारत के सभी क्षेत्रों और राज्यों में उम्र और लिंग के साथ एलएफपीआर में भिन्नता।

इस अध्ययन में इस्तेमाल किया गया डेटा सभी उपलब्ध (2017-18 से 2022-2023) में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से लिया गया है। पीएलएफएस 2.5 मिलियन से अधिक व्यक्तियों के लिए विस्तृत रोजगार और जनसांख्यिकीय डेटा प्रदान करता है, जिससे राष्ट्रीय, राज्य और ग्रामीण/शहरी स्तरों पर रुझानों और विविधताओं का विश्लेषण सम्भव हो पाता है। एलएफपीआर की गणना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की कुल आबादी के सापेक्ष नियोजित और बेरोजगार व्यक्तियों (काम की तलाश करनेवाले या काम के लिए उपलब्ध) के प्रतिशत के रूप में की जाती है। परिणाम तीन खंडों में प्रस्तुत किये गये हैं। परिणामों का पहला सेट 2017-18 से 2022-23 तक महिला एलएफपीआर के रुझान को दशार्ता है।

राष्ट्रीय स्तर पर, ग्रामीण महिला एलएफपीआर 24.6% से बढ़कर 41.5% (प्त 69% वृद्धि) हो गयी, जबकि शहरी एलएफपीआर मामूली रूप से 20.4% से बढ़कर 25.4% (प्त 25% वृद्धि) हो गयी। महत्त्वपूर्ण अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में, झारखंड (प्त 233% वृद्धि) और बिहार (प्त 67 वृद्धि) जैसे राज्यों में महत्त्वपूर्ण वृद्धि देखी गयी है। पूर्वोत्तर राज्यों ने भी उल्लेखनीय वृद्धि दिखायी (उदाहरण के लिए, नगालैंड : 15.7% से 71.1%) की वृद्धि। राष्ट्रीय स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में कुल मिला कर मामूली वृद्धि देखी गयी।

परिणामों का दूसरा सेट, आयु, वैवाहिक स्थिति और घरेलू संरचना, विशेष रूप से 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति के आधार पर महिला एलएफपीआर प्रस्तुत करता है।

सामान्य रुझान दशार्ते हैं कि लगभग सभी राज्यों में महिला एलएफपीआर में वृद्धि हुई है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक वृद्धि देखी गयी है। हमने यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने अविवाहित महिलाओं की तुलना में अधिक भागीदारी वृद्धि दिखायी है। राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के बीच महत्त्वपूर्ण वृद्धि दिखायी। हालांकि, महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। उत्तरी राज्यों में, पंजाब और हरियाणा में महिला एलएफपीआर कम रही। पूर्वी राज्यों में, ग्रामीण बिहार में देश में सबसे कम एलएफपीआर था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है - विशेष रूप से ग्रामीण विवाहित महिलाओं के लिए।

पूर्वोत्तर राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे हैं। पूर्वोत्तर के शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के बीच मध्यम वृद्धि देखी गयी है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के लिए मामूली वृद्धि देखी गयी है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में, एलएफपीआर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के बीच केन्द्रित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल मामूली वृद्धि देखी गयी है। आंध्र प्रदेश में बच्चों वाली शहरी महिलाओं की एलएफपीआर में बड़ी गिरावट आयी है।

परिणामों का तीसरा सेट लिंग और आयु के आधार पर एलएफपीआर में अंतर प्रस्तुत करता है। इसमें पाया गया कि वैवाहिक स्थिति और बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक श्रेणी के लिए कैसे अंतर लाती है। कुल मिला कर परिणाम दशार्ते हैं कि महिला एलएफपीआर एक घंटी के आकार का वक्र बनाती है, जो 30-40 वर्ष की आयु में चरम पर होती है और उसके बाद तेजी से घट जाती है। दूसरी ओर, पुरुष एलएफपीआर 30-50 वर्ष की आयु से उच्च (प्त 100%) रहता है, उसके बाद धीरे-धीरे घटता है। महिलाओं और पुरुषों ; दोनों के लिए वैवाहिक स्थिति एलएफपीआर का एक महत्त्वपूर्ण निर्धारक है। विवाहित पुरुष लगातार राज्यों और आयु समूहों में उच्च एलएफपीआर प्रदर्शित करते हैं, जबकि विवाह महिला एलएफपीआर महत्त्वपूर्ण रूप से कम होता जाता है, खासकर शहरी क्षेत्रों में। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की उपस्थिति महिला एलएफपीआर को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, विशेष रूप से युवा महिलाओं (20-35 वर्ष) के लिए और शहरी क्षेत्रों में यह अधिक प्रबल रूप से प्रभावित करती है।

भारत ने 2017-18 से 2022-23 तक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में पर्याप्त वृद्धि देखी है। पिछले दस वर्षों में सरकार की कई योजनाएं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लक्षित करते हुए। इनमें मुद्रा ऋण, ह्लड्रोन दीदीह्व योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जुटाये गये एसएचजी ग्रामीण महिलाओं के लिए कुछ प्रमुख पहलों के नाम हैं। ऐसी कई अन्य पहलें हैं, जिन्हें पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। हमारा शोध पत्र इन पहलों के अंतिम परिणाम को भारत भर में और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में संचयी और महत्त्वपूर्ण वृद्धि की पड़ताल करता है। हालांकि, इन कार्यक्रमों के प्रभावों का मूल्यांकन करने और भारत की महिला एलएफपीआर में लगातार अंतर-राज्यीय और ग्रामीण-शहरी असमानताओं का पता लगाने के लिए गहन शोध की आवश्यकता है।

### महिला श्रम बल भागीदारी दर : आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) 2017-18 से 2022-23 का अवलोकनात्मक विश्लेषण

गौरतलब

> हमने यह भी पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं ने अविवाहित महिलाओं की तुलना में अधिक भागीदारी वृद्धि दिखायी है। राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों ने विशेष रूप से विवाहित महिलाओं के बीच महत्त्वपूर्ण वृद्धि दिखायी। हालांकि, महत्त्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराज्यीय भिन्नताएं हैं। उत्तरी राज्यों में, पंजाब और हरियाणा में महिला एलएफपीआर कम रही। पूर्वी राज्यों में, ग्रामीण बिहार में देश में सबसे कम एलएफपीआर था, लेकिन हाल के वर्षों में इसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है - विशेष रूप से ग्रामीण विवाहित महिलाओं के लिए।
> पूर्वोत्तर राज्यों में, ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसमें नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश सबसे आगे हैं। पूर्वोत्तर के शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के बीच मध्यम वृद्धि देखी गयी है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में शहरी क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं के लिए मामूली वृद्धि देखी गयी है। पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों में, एलएफपीआर में वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं के बीच केन्द्रित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में केवल मामूली वृद्धि देखी गयी है। आंध्र प्रदेश में बच्चों वाली शहरी महिलाओं की एलएफपीआर में बड़ी गिरावट आयी है।
> परिणामों का तीसरा सेट लिंग और आयु के आधार पर एलएफपीआर में अंतर प्रस्तुत करता है। इसमें पाया गया कि वैवाहिक स्थिति और बच्चों की उपस्थिति प्रत्येक श्रेणी के लिए कैसे अंतर लाती है। भारत ने 2017-18 से 2022-23 तक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एलएफपीआर में पर्याप्त वृद्धि देखी है। पिछले दस वर्षों में सरकार की कई योजनाएं हैं, विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को लक्षित करते हुए। इनमें मुद्रा ऋण, ह्लड्रोन दीदीह्व योजना और दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत जुटाये गये एसएचजी ग्रामीण महिलाओं के लिए कुछ प्रमुख पहलों के नाम हैं। ऐसी कई अन्य पहलें हैं, जिन्हें पूरे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### अभाविप लातेहार नगर इकाई ने किया बैठक का आयोजन

**लातेहार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार नगर ईकाई ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता नगर मंत्री मुकेश यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव उपस्थित रहे। उरांव ने कहा कि 20 दिसंबर तक सभी इकाई का पूर्ण गठन कर लिया जायेगा। मौके पर उपस्थित नगर मंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार में जो भी शिक्षा से संबंधित समस्या है उसको लेकर लगातार आंदोलन करेगी। वही नगर सह मंत्री बंदे उरांव और प्रिंस कुमार ठाकुर ने कहा कि हम सभी लोग शिक्षा के सुधार करने के लिए सभी कॉलेज और प्लस टू विद्यालय में जाकर जो भी छात्र के सदस्य है उसको लेकर आंदोलन के माध्यम से उपायुक्त को ज्ञापन देने का काम करेंगे और साथ ही साथ झारखंड सरकार को भी कठघरे में खड़ा करने का काम करेंगे। बैठक में प्रिंस कुमार ठाकुर रोहित कुमार कार्तिक उरांव अमन कुमार उजेंद्र कुमार साकेत कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रदान संस्था ने महिला हिंसा को लेकर निकाली जागरूकता रैली

**गुमला** : घाघरा महिला विकास मंडल, बाल विकास विभाग एवं प्रदान द्वारा संयुक्त रूप से महिला हिंसा के विरुद्ध मंगलवार को दिन के 1 बजे घाघरा ब्लॉक परिसर से निकला गया जागरूकता रैली। जागरूकता रैली को आशीष कुमार मंडल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए पुनः ब्लॉक परिसर पहुंचा। जहां बनाये गये रंगोली के समक्ष शपथ दिलाया गया। और कार्यक्रम की समाप्ति की गयी। इस क्रम में रैली में मानसिक और शारीरिक हिंसा करना बंद करो, महिला और पुरुष एक सम्मान, सबको एक अधिकार सहित कई अन्य नारे लगाये। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल ने कहा कि आज की परिवेश में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है। कंधे से कंधा मिलाकर सभी क्षेत्रों में महिलाएं काम कर रही है। महिलाएं अबला नहीं सबला है। मौके पर आईसीडीएस विभाग से एलएस श्वेता कुमारी, बीपीएम अभिनंदन घोष, अमरिंदर कुमार, सीआरपी, सहित कई आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।

### गरीब-लाचारी इस मुल्क की हुकूमत की नाकामी : मुमताज अली

**गुमला** : गरीबो कमजोरों मजलूमो मजबूरो बेसहारो के दर्द में शामिल होना मेरे लहू का हिस्सा है हमने ये हालात देखा है बेहद करीब से ये बाते समाजवादी पार्टी के नेशनल स्टार कैंपेनर मुमताज अली ने गरीबो के बीच कंबल बांटते हुए कहा हर साल दिसंबर से जनवरी तक ठंड में कंबल वितरण कार्यक्रम मुमताज अली के जानिब से चलाया जाता है झारखंड बिहार बंगाल महाराष्ट्र कर्नाटक में यह कार्यक्रम हर साल चलाई जाती है और गरीबो के दर्द का एहसास किया जाता है मुमताज अली ने कहा कि गांधी नेहरू पटेल मौलाना आजाद का देश आज एक वक्त की रोटी और तन पे कपड़ा सर पे छत के लिए तरस रहा है गर्मी में गरीब झुलसता है बरसात में गरीब टपकते हुए झोपड़ी में रहने को मजबूर होता है ठंड में गरीब ठिठुरता है ये हमारे मुल्क की हकीकत है।

## उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण कोषांग की समीक्षा कर दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

# लम्बित मामलों का जल्द से जल्द करें निष्पादन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जन शिकायत निवारण कोषांग/जन शिकायत निवारण से प्राप्त आवेदनों की समीक्षात्मक बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण से प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों की समस्याओं को त्वरित गति से समाधान करना ही जन शिकार निवारण का उद्देश्य है। जन शिकार निवारण से प्राप्त शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लें एवं शिकायत के निष्पादन की सूचना शिकायतकर्ता को मिले, ताकि लोगों का विश्वास जिला प्रशासन पर बनी रहे। उप विकास आयुक्त कार्यालय से संबंधित आए शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के लाभ प्रदान करने में उप विकास आयुक्त से लंबित मामलों की जानकारी ली एवं शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाते हुए सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के स्तर पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के क्रम में प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की जानकारी लेते हुए लंबित मामलों का उपायुक्त ने जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायत निवारण में आए हुए विभिन्न विभागों के सभी लंबित मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र निष्पादित करें। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, जन शिकायत कोषांग को निर्देश दिया गया कि जिले में शिकायत से संबंधित सारे संचिकाओं का निष्पादन यथाशीघ्र की जाए।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत निवारण कोषांग श्रेयांश , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक




**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में योजना के तहत अनुदान राशि हेतु प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 13 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जिसमे अनुसूचित जाति के 01, अनुसूचित जनजाति के 04 तथा पिछड़ी जाति के 08 आवेदकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ देने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया। अनुमोदित 13 आवेदनों में से 2 कैंसर पीड़ित मरीजों के आवेदन हैं। इस योजना के तहत लाभ के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत झारखंड राज्य में निवासरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ परिवार राशन कार्डधारी, अंत्योदय राशन कार्डधारी, हरा कार्डधारी योग्य होंगे।

## बालूमाथ पांकी मुख्य पथ कोमर मोड़ के पास स्पीड ब्रेकर तुरंत लगाये प्रशासन : अनीता देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बालूमाथ पांकी मुख्य पथ कोमर मोड़ के पास अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आए कोमर ग्राम के बाइक सवार दो व्यक्तियों को इलाज कराने रांची पहुंची जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक से सारी जानकारी ली थी और बेहतर तरीके से इलाज करने का अनुरोध भी किया था। शनिवार दोपहर में दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद जिप उपाध्याय अनीता देवी के द्वारा तुरंत अंचल अधिकारी बालूमाथ को इसकी सूचना दी गयी थी। पुनः मरीज के परिजनों एवं अन्य लोगों से संपर्क स्थापित कर बालूमाथ अस्पताल से रेफर करवाया था। घटना के विरोध में बालूमाथ पांकी मुख्य सड़क कई घंटों से जाम होने की सूचना पर अनीता देवी ने इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी एवं उपायुक्त लातेहार से बातचीत कर मामले के समाधान का अनुरोध किया था। उन्होंने समाधान के लिए उपाय भी सुझाए जिसमें बालूमाथ पांकी मुख्य सड़क के दोनों तरफ से मल्टीपल स्पीड ब्रेकर लगाने कोमर की तरफ से आने वाले रास्ते से अतिक्रमण हटाने समेत अन्य मांग रखी। इस सम्बन्ध में जिप उपाध्यक्ष ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं उपायुक्त ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर पीडीजे ने जिला अधिकारियों के साथ की बैठक

## 14 दिसम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड विधिक सेवा प्रधिकार के निदेशानुसार 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत को आयोजन होना है। इसकी तैयारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रही है। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मंगलवार को जिला अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए निदेशित किया। उन्होंने पूर्व के राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए वादों का निपटारा के आंकड़ों का जिक्र करते हुए इस बार और ज्यादा वादों के निष्पादन का लक्ष्य दिया। श्री सिंह ने कहा कि प्री.लिटिगेशन वादों के निपटारा में सक्रियता दिखायें। उन्होंने कहा कि छोटे.छोटे वाद में आम जनता परेशान रहती है। जानकारी के अभाव में उन्हें वादों के निष्पादन में दिक्कतें आती है। ऐसे में जिला अधिकारी लोगों को सही जानकारी देकर एवं उनके वादों का निष्पादन करके रहत देने का काम करें। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा वादों में वादकारियों को नोटिस कर बुलाएं एवं आपसी बातचीत के माध्यम से शुलह कराने का प्रयास करेंए तभी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सकता है। बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव,जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चैरसिया, डीएफओ, एसडीएम, डीटीओ, उत्पाद निरीक्षक, डीएसपी हेडक्वॉटर, लातेहार सदर ब्लॉक के बीडीओ, डीएसडब्लूओ, सिविल सर्जन, समान्य शाखा के पदाधिकारी सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



## अपार दिवस के पहले दिन छात्रों के अभिभावकों को अपार कार्ड की दी गयी जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में अपार दिवस के पहले दिन छात्रों के अभिभावकों को अपार कार्ड की जानकारी दी गयी। प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर छात्र को डिजीटल पहचान दिलाने के लिए अपार आईडी कार्ड बनाया जा रहा है। उन्होहने बताया कि अपार आईडी में छात्र की पूरी पढ़ाई-लिखाई का डिटेल होगा। इस आईडी कार्ड छात्रों के लिंग, जन्मतिथि, अभिभावकों का पता और फोटो के अलावा उनकी शैक्षणिक योग्याता आदि का डिटेल रहेगा। उन्होभने बताया कि इसके अलावा इसमें मार्कशीट, सर्टिफिकेट, डिग्री-डिप्लोमा प्रमाण पत्र, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट सहित अन्य दस्तावेज जैसे डेटा भी शामिल होगें। उन्होने आगे कहा कि योजना के अनुसार भारत सरकार की ओर से प्रत्येक छात्रों को 12 अंकों का एक यूनिक नंबर जारी किया जाएगा। इस अपार आईडी में छात्रों में छात्रों की पढ़ाई से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध। रहेगी। इसमें मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम व पीटीएम उपस्थिति सहित अन्य जानकारी भी रहेगी।



# नल जल योजना को अधर में छोड़ लापता हुए ठेकेदार : कौशल किशोर बच्चन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले के अधिकतर पंचायतो में नल जल योजना कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जल जीवन मिशन में लगे ठेकेदार लापता है इस कार्य की कोई शुद्ध लेने वाला नहीं है सरकारी कर्मचारी चुपी साधे बैठी है नल जल योजना में कहीं बोरिंग तो कहीं सिर्फ पाइपलाइन और कहीं-कहीं तो बोरिंग भी नहीं हुआ आधे अधूरे कार्य की वजह से सड़कों पर पानी बह रहा है कहीं-कहीं सिर्फ पाइपलाइन बिछा हुआ है और बहुत सारे पंचायत में लोग पानी की आस लगाए बैठे हैं आधे अधूरे पाइपलाइन की वजह से सड़क पर पानी बहने के कारण सड़क पर दिन प्रतिदिन कीचड़ में तब्दील हो जा रहा है जिससे राहगीरों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है नल जल योजना से सिर्फ जल का दोहन हो रहा है उसका उचित फायदा लोगों तक नहीं पहुंच पाया अधिकतर पंचायत में सिर्फ पाइपलाइन लगाकर छोड़ दिया गया लोग इंतजार में बैठे हैं की कब मेरे घर नल जल से पानी की व्यवस्था होगी कई महीनो से ठेकेदार गायब है कोई शुद्ध लेने वाला नहीं है कहीं सिर्फ बोरिंग करके छोड़ दिया तो कहीं सिर्फ टंकी लगाया तो कहीं-कहीं पाइप लाइन बिछाकर छोड़ दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जल जीवन मिशन सिर्फ एक मिशन ही बन कर रह गया यह मिशन पता नहीं कब पूरा होगा कुछ चंद महिने के बाद सर्दी की मौसम खत्म हो जाएगी और पुनः गर्मी का मौसम की शुरूआत हो जाएगी लोग पानी के लिए फिर वैसे ही तरसते रह जाएंगे।



### जिला नोडल पदाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**भवनाथपुर** : जिला नोडल पदाधिकारी डॉक्टर राम सुंदर सिंह ने मंगलवार को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित चिकित्सा एवं कर्मचारियों का हाजिरी काटा गया। उपस्थित चिकित्सक एवं कर्मी को ड्रेस कोड में रहने का निर्देश दिया गया। साफ सफाई एवं मरीज से अनुकूल व्यवहार करने का निर्देश दिया गया । स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाए जा रहे अन्य कार्यक्रमों का भी निरीक्षण किया गया। डॉक्टर सिंह के द्वारा बताया गया की कम संसाधन में बेहतर कार्य किया जा रहा है इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिनेश कुमार , जिला समन्वयक रोहित सिंह, कोऑर्डिनेटर नुरुल अंसारी, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक,अभिनीत विश्वास इत्यादि उपस्थित थे।

## चंदवा ब्लॉक परिसर में महिलाओं के लिए जागरूकता शिविर 'विधान से समाधान' का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा रॉची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश .सह. अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकारए लातेहार मनोज कुमार सिंह के आदेशानुसार जिला के चंदवा ब्लॉक परिसर में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम विधान से समाधान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया ने नालसा द्वारा जारी टॉल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब घर बैठे भी अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। इसके लिए नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 का इस्तेमाल करें। कहा कि इस नंबर पर मैसेज करके भी अपनी शिकायत घर दर्ज करा सकते हैं। इसपर कॉल या मैसेज आने पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगों, कारखाना कामगारों, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, तस्करी की शिकार महिलाओ, एसिड अटैक की पिड़िताए, रेप की पीड़िता सहित वैसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आमदनी तीन लाख से कम है उन्हें फ्री में लीगल सेवा प्रदान करता है।



### अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लातेहार के पांच खिलाड़ियों ने 01 गोल्ड सहित 06 पदक जीते




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के पांच खिलाड़ियों ने वाराणसी भदोही कालीन नगरी के प्रेम बहादुर सिंह भदोही पब्लिक स्कूल में 6 से 8 दिसम्बर को आयोजित गोजुरियो इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक गोल्ड समेत 6 पदक पर कब्जा जमाया। जहां पुरुष वर्ग में भाग ले रहे मनिका प्रखंड के मनजीत कुमार सिंह ने अपने कुमते स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का झंडा ऊपर कर पूरे देश को गौरवान्वित किया। भारत की ओर से झारखंड के लातेहार जिला से पांच खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, खिलाड़ियों में भरपूर जोश देखने को मिला और पदक जीतने का सिलसिला जो शुरू हुआ तो पांच के आंकड़े तक पहुंच गया। मनिका प्रखंड के अक्षय कुमार सिंह दो कांस्य पदक, मनिका के शौर्य राज कांस्य पदक, चंदवा के काजल कुमारी कांस्य पदक, चंदवा के अमिष कुमार वर्मा कांस्य पदक अपने स्पर्धा में पदक हासिल किया। इंडियन गोजुरियो स्पोर्ट्स कराटे डो एसोसिएशन के टीम कोच शिहान धर्मेंद्र कुमार (झारखंड) थे।

## जिले में विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करें : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, लातेहार अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में बिजली आपूर्ति एवं संचरण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को निर्देश दिया कि जिले में बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करें। साथ ही जिले में खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को बदलें या उनकी मरम्मत कराएं। मुख्यमंत्री झारखंड उज्ज्वला योजना, आरडीएसएस योजना, बिजली माफी योजना, ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता सहित अन्य संबंधित मुद्दों के तहत प्रगति की समीक्षा के क्रम में आरडीएसएस के तहत सुधार कार्य करने वाली कार्यकारी एजेंसियों को कार्यों को गति देने का निर्देश दिया गया, ताकि निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित समय के भीतर हासिल किया जा सकें। मुख्यमंत्री झारखंड उज्ज्वला योजना के तहत जिले में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति में सुधार करने हेतु सार्वजनिक स्थलों यथा विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र आदि में जंहा बिजली की उपलब्धता नही है उन क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल शमशाद आलम, संबंधित अन्य उपस्थित थे।



## मानवीय मूल्यों की रक्षा करना ही मानवाधिकार का मुख्य उद्देश्य : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मानवाधिकार परिषद की बैठक सुदना स्थित जिला कार्यालय में हुई जिसका संचालन जिला कोडिनेटर रूचिर कुमार तिवारी ने किया। मौके पर जिला अध्यक्ष संध्या देवी ने कहा कि आज विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जा रहा है और इसी अवसर पर हमारी पलामू की मानवाधिकार की टीम मानव सेवा के लिए काम कर रही है। पुरे पलामू के लोग इससे जुड़े। हमारी टीम पुरी निष्ठा के साथ काम कर रही है बालिका सुधार गृह में बच्चियों के साथ जो अन्याय हो रहा था उसमें सर्वप्रथम मानवाधिकार के टीम ने काम किया और उसको उजागर किया रक्षक ही भक्षक बनकर काम कर रहे थे उनको किसी भी तरह मानवाधिकार की टीम बक्सेगी नहीं। मौके पर रूचिर कुमार तिवारी ने कहा मानव -मानव एक समान का नारा मानवाधिकार आयोग बहुत पहले से देते आई है आज मानवाधिकार का स्थापना दिवस है।




# आरपी सिन्हा क्लिनिक के सामने खाली पड़ी जमीन पर बनेगा इनडोर स्टेडियम, डीपीआर तैयार

- टाउन हॉल में भी मल्टी परपज हॉल बनाने की योजना, डीडीसी व नगर आयुक्त ने स्थल का लिया जायजा, पूर्व में उपायुक्त ने भी स्थल का किया निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहरवासियों को बहुत जल्द इनडोर स्टेडियम और मल्टी परपज हॉल के रूप में नयी सौगात मिलने वाली है।दोनों ही सौगातों को अमलीजामा पहनाने को लेकर जिले के उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने प्रस्तावित स्थलों का जायजा लिया। दो सप्ताह पूर्व उपायुक्त श्री रंजन भी दोनों पदाधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चुकें हैं।वार्ड 23 अंतर्गत डॉ आरपी सिंहा के क्लिनिक के सामने लगभग 1.5 एकड़ जमीन पर इनडोर स्टेडियम के निर्माण को लेकर डीपीआर भी तैयार कर लिया गया है। इस स्थल पर कुछ अतिक्रमण हटाया जाना है, वहीं कुछ जर्जर भवनों को तोड़ने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कार्यों का निरीक्षण करने आज दोनों पदाधिकारी पहुंचे थे।

### इनडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब में होगी स्विमिंग पूल, चेस व लॉन टेनिस की भी व्यवस्था

**वार्ड 23** में बनने वाले इनडोर स्टेडियम सह हेल्थ क्लब में कई तरह की गतिविधियां संचालित की जायेंगी, इसके लिये क्लब को विभिन्न प्रकार के उपकरणों से लैस किया जायेगा। इस इंडोर स्टेडियम में योगा केंद्र,बैडमिंटन कोर्ट,टेबल टेनिस कोर्ट, चेस सहित अन्य प्रकार के इनडोर गेम्स की व्यवस्थाओं से लैस किया जायेगा।इसके अलावे स्विमिंग पूल के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन हेतु म्यूजिक सिस्टम युक्त बैठने का लॉन भी बनाया जायेगा। इस संबंध में नगर आयुक्त ने बताया कि जल्द ही टेंडर कर इनडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जायेगा।


### टाउन हॉल में मल्टी परपज हॉल बनाने की योजना, डीसी ने नगर आयुक्त को डीपीआर बनाने के दिये निर्देश

**इनडोर** स्टेडियम के अलावे टाउन हॉल में एक मल्टी परपज हॉल बनाने की योजना पर भी काम किया जा रहा है।इस हॉल के निर्माण हो जाने से शहरवासियों को विभिन्न तरह के आयोजनों हेतु सहूलियत होगी।इस हॉल में मैरेज हॉल,ओपन फूड कोर्ट आदि की व्यवस्था की जाएगी। इसे लेकर डीसी श्री रंजन ने नगर आयुक्त को डीपीआर बनाने की बात कही है साथ ही इस योजना के निर्माण हेतु अन्य सभी कागजी प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया।

### डीसी के निर्देश पर शहर में अवस्थित कंडम बिल्डिंग का आकलन करने निकले डीडीसी व नगर आयुक्त

**03 दिसंबर** को तकनीकी पदाधिकारियों संग संपन्न बैठक में उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को शहर में अवस्थित कंडम पड़े बिल्डिंग का सूची बनाने को लेकर निर्देशित किया था,इसके अनुपालन में मंगलवार को उप विकास आयुक्त व नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने समाहरणालय परिसर में अनुपयोगी पड़े कंडम हो चुके बिल्डिंग का जायजा लिया। इस दौरान दोनों पदाधिकारियों ने पुराना योजना कार्यालय,पुराना जिला भू-अर्जन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार परिसर, पुराना हाजत,पुराना अभिलेखागार, जर्जर पड़े पूर्ण शिक्षा भवन, खाली पड़े पुराना सदर व अंचल कार्यालय कोऑपरेटिव बैंक सहित अन्य खाली पड़े भवनों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात सदीक चौक स्थित कर्मचारी क्वार्टर में जर्जर पड़ा अपर समाहर्त्ता का आवासीय परिसर का भी आकलन किया।इसके साथ ही पोखराहा के मेदनीराय मेडिकल कॉलेज व रजवाडीह के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के आसपास खली पड़े सरकारी जमीन का भी आकलन किया गया।

### पोषण भी, पढ़ाई भी के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का दूसरे दिन का प्रशिक्षण सम्पन्न



**लातेहार** : जिला प्रशासन और कल्याण विभाग के द्वारा पोषण भी, पढ़ाई भीह्व कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सेविकाओं को पोषण, स्वास्थ्य, और प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर प्रशिक्षित करना है। विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, स्वच्छता, और मानसिक एवं शारीरिक विकास के महत्व पर बल दिया। सेविकाओं को डिजिटल उपकरणों और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के उपयोग की जानकारी भी दी गई, ताकि वे अपने केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं की बेहतर देखभाल कर सकें।इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 100 सेविकाओं ने भाग लिया। उन्हें पोषण चार्ट तैयार करने, समुदाय में जागरूकता फैलाने, और पोषण गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## एक झलक

### पाकुड़ के शिव-शीतला मंदिर में आभूषणों की चोरी

**पाकुड** : जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध और ऐतिहासिक शिव-शीतला मंदिर में बदमाशों ने मां शाकम्बरी की मूर्ति पर चढ़ाये गये लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ किया है। श्रद्धालु आज सुबह जब पूजा करने पहुंचे तो मंदिर में चोरी की जानकारी हुई। मंदिर के द्वार का ताला टूटा हुआ था और मूर्ति पर चढ़ाए गए चांदी के मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य आभूषण गायब थे। इसके बाद मामले की सूचना श्रद्धालुओं ने नगर थाना पुलिस ने दी। पुरोहित वृजभूषण मिश्रा ने कहा कि चोरी किए गए सामानों में सोने का टीका, नथिया, चांदी का प्लेट, चरण पादुका, आसन, मोर सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में फिलहाल पुलिस ने प्रवेश पर रोक लगा दी है और एफएसएल टीम की जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। नगर थाना प्रभारी हरिदेव प्रसाद ने पुष्टि की है कि कुछ आभूषण चोरी हुए हैं। हालांकि, अधिकतर जेवर कमेटी के पास सुरक्षित हैं। पुलिस ने एफएसएल टीम को सूचित कर दिया है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### महाविद्यालय परिसर में विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन

**कोडरमा** : मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में (राष्ट्रीय सेवा योजना) के तत्वावधान में विश्व मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सोहर यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मदन कुमार राणा द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया। कार्यक्रम में प्रो. अरबिन्द कुमार सिन्हा प्रो. युगल साव, प्रो. श्याम किशोर ठाकुर, प्रो. आरती कुमरी प्रो. कैलाश राष्णा, प्रो. अमित कुमार, प्रो. जीवलाल राणा, प्रो. रामेश्वर प्रसाद राणा आदि ने क्रार्यक्रम में भाग लिया। मंच का संचालन आठ गांधी प्रो. दिवाकर नेकिया, प्रो. रामेश्वर प्रसाद राणा कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गयी।

### प्री-बोर्ड परीक्षाओं से छात्रों में बढ़ रहा आत्मविश्वास

**गुमला** : जिला शिक्षा विभाग के निर्देशन में गुमला जिले में कक्षा 10 और 12 (कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय) के विद्यार्थियों के लिए प्री-बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। एस.एस.+2 उच्च विद्यालय, रायडीह के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि यह परीक्षा आगामी वार्षिक परीक्षा, 2025 की तैयारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। डॉ. कुमार ने कहा, श्प्री-बोर्ड परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में समय प्रबंधन, लेखन क्षमता और मानसिक तनाव को कम करने में मदद मिल रही है। प्रश्न पत्र हल करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे स्वमूल्यांकन कर अपने कमजोर विषयों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष रिमेडियल कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। कक्षा 12वीं की छात्रा मनिका कुमारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, श्प्री-बोर्ड परीक्षा ने मुझे बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए बेहतर अवसर दिया है। समय प्रबंधन और प्रश्नपत्र के पैटर्न को समझने में यह परीक्षा बहुत सहायक रही है। कक्षा 12वीं के छात्र अमीत राम ने कहा, प्री-बोर्ड टेस्ट से मुझे यह समझने में मदद मिली कि मेरी तैयारी में कौन-कौन से क्षेत्र कमजोर हैं।

## उपायुक्त ने एसपी माइंस चितरा कोलियरी की समीक्षा बैठक में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# स्वास्थ्य, शिक्षा व पर्यावरण में जमीनी स्तर पर करें कार्य : विशाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में मंगलवार को एसपी माईंस चितरा कोलियरी के विस्तारीकरण हेतु किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने चितरा कोलियरी के विस्तारीकरण व राजस्व वृद्धि के अलावा विभिन्न अहम बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ बेहतर कार्य करने का निदेश दिया। साथ हीं जिला स्तर पर चितरा कोलियरी द्वारा पचास एकड़ भूमि से संबंधित राशि को जल्द से जल्द भुगतान करने का निदेश महाप्रबंधक एसपी माईंस चितरा कोलियरी को दिया गया। उपायुक्त ने महाप्रबंधक एसपी माईंस चितरा कोलियरी को निदेश दिया कि डीड डॉक्यूमेंटशन से संबंधित सारी प्रक्रियाओं को पूर्ण कराते हुए जल्द से जल्द निर्धारित प्रपत्र में जिला के संबंधित कार्यालय को उपलब्ध कराये। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने चितरा कोलियरी के महाप्रबंधक को निदेशित किया कि सीएसआर के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण आदि के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ कार्य करें, ताकि इस दिशा में सामूहिक प्रयास से एक बड़ा बदलाव लाया जा सकता हैं इस दौरान उपरोक्त के अलावे वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समहार्ता, महाप्रबंधक एसपी माईंस (ईसीएल) चितरा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी व चितरा कोल माईंस के अधिकारी आदि उपस्थित थे।



# होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करनेवालों का अकाउंट होगा फ्रिज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : नगर परिषद झूमरी तिलैया के नगर प्रशासक अंकित गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण को लेकर बैठक हुई बैठक के दौरान होल्डिंग टैक्स समेत अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए नगर प्रशासक ने होल्डिंग टैक्स की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया वहीं नगर वासियों से जल्द से जल्द बकाया होल्डिंग टैक्स को अविलंब जमा करने की अपील की गई । नगर प्रशासक ने कहा कि होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को कई बार नोटिस देकर टैक्स जमा करने की अपील की गई परंतु टैक्स जमा करने में सुस्ती बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायदारों का नाम समाचार पत्र में एक सप्ताह का समय देते हुए प्रकाशित किया गया है यदि वे ससमय अपना होल्डिंग टैक्स भुगतान नहीं करते हैं तो उनके अकाउंट को फ्रिज करते हुए टैक्स की वसूली की जाएगी साथ ही जिन्होंने अभी तक अपना रअत्रफॉर्म के द्वारा संपत्ति का असेसमेंट नहीं कराया है या जिन्होंने अपने मकान भवन का क्षेत्र विस्तार किया है या कोई नया कंस्ट्रक्शन किए हैं। उन्हें15 दिनों के अंदर अपने संपत्ति का असेसमेंट करते हुए होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें।




# एनएचआई के अधिकारियों के साथ फोरलेन हाईवे पर चिह्नित किये गये आठ दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : फोरलेन हाईवे पर सिलदाग से लेकर कउवल तक बार-बार होनेवाली सड़क दुर्घटना के कारण छतरपुर सीओ उपेन्द्र कुमार की पहल पर 09 दिसम्बर को एनएचआई के प्रतिनिधि, शिवालय कंस्ट्रक्शन के मैनेजर अमित कुमार, साइड इंजीनियर नवनीत, कुमार, जितेन्द्र कुमार पहुंचे। छत्तरपुर सीओ उपेन्द्र कुमार, सीआई हीरा कुमार, समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन सहित अन्य लोगों ने एनएचआई के अधिकारियों के साथ फोरलेन हाईवे पर आठ दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र चिह्नित किया। चिह्नित स्थानों पर दुर्घटनाएं कम से कम की जायें, इसको लेकर एनएचआई के अधिकारियों ने जल्द काम किये जाने की मांग की। छतरपुर सीओ उपेन्द्र कुमार ने बताया कि एनएचआई की टीम द्वारा छतरपुर बाईपास फोरलेन सड़क पर हो रही दुर्घटना के मद्देनजर देवगन मोड़ से लेकर सड़मा बेरियाडीह पेट्रोल पम्प तक के हर एक सम्भावित दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। इसको लेकर एनएचआई से रोड स्टर्ड, मिरर, रेडियम लाइट, स्पीडोमीटर, साइनेज और सर्विस रोड में ब्रेकर इत्यादि लगाने का सुझाव दिया। सीओ ने बताया कि एनएचआई के वरीय अधिकारियों से सम्पर्क स्थापित करते हुए अधिहस्ताक्षरी को अवगत कराया जायेगा। इस कार्य में स्थानीय लोगों का सहयोग अपेक्षित है। सड़क सुरक्षा को जन आन्दोलन का रूप दिया जाये। स्थानीय संगठन भी इस क्षेत्र में कार्य करे। इस दौरान मौजूद समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने एनएचआई के अधिकारियों को बताया कि कउवल से सिलदाग समेत अन्य फोरलेन हाईवे पर दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। सड़क हादसों में कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। इसे लेकर छत्तरपुर सीओ ने बैठक कर दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर शहर वासियों के साथ मंथन कर सड़क सुरक्षा जागरूकता संदेश चलाया। अभियान चला कर सबसे पहले शहर और फोरलेन हाईवे एवं लिंक मार्ग आदि पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों को चिह्नित करने का निर्णय लिया गया था। मौके पर कामाख्या विश्वकर्मा, संतोष सिंह, सनोज कुमार, नसरुल्ला खा, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास से मना अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 67वां जन्मदिन



**हरिहरगंज/पलामू** : प्रखंड क्षेत्र के अररुआ खुर्द स्थित राज विद्या केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 67वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरिहरगंज, अररुआ खुर्द, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती महाराजगंज संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केन्द्रों के भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र की आरती उतारते हुए पूजा अर्चना कर जन्म दिवस मनाया।

# डीएमओ ने अवैध परिवहन करते तीन वाहनों को किया जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी के नेतृत्व में मंगलवार को चंदवा व बालूमाथ थाना क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर खान निरीक्षक के साथ खनिज लदे वाहनों की चेकिंग अभियान चलाई गई। जिसमें चंदवा थाना क्षेत्र से दो व बालूमाथ थाना क्षेत्र से एक वाहन को अवैध खनिज परिवहन करते हुए जब्त किया गया है। कोयला खनिज लदा एक हाईवा (ओडी 09 पी-6923) को बालूमाथ थाना क्षेत्र एवं एक बॉक्साइट खनिज लदा ट्रक (बीआर 14ए- 8793) व एक अवैध बालू का परिवहन करते ट्रैक्टर को चंदवा थाना क्षेत्र से जब्त किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाई गई। जिसमें तीन वाहनो को जब्त किया गया है। जब्त कोयला लदा हाईवा व बॉक्साइट लदा ट्रक का चलान अवधि समाप्त होने के बाद भी परिवहन किया जा रहा था। जबकि जब्त बालू ट्रैक्टर बिना चालान के परिवहन कर रहा था। जब्त तीनों वाहनों को चंदवा व बालूमाथ थाना अंतर्गत सुरक्षार्थ लगा दिया गया है। डीएमओ ने आगे बताया कि जब्त ट्रक व हाईवा मालिक व चालक पर प्राथमिक की दर्ज कर दी गई है। जबकि बालू लदा ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। डीएमओ ने आगे बताया कि जिले में अवैध खनन या परिवहन बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर शपथ कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस के अवसर पर शपथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु ओशो अंशुमन द्वारा मानवाधिकार शपथ दिलाई गई।*इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार दिवस प्रत्येक व्यक्ति को समाज एवं संविधान द्वारा प्राप्त उनके विविध अधिकारों से अवगत कराती है।हम सभी को अपने अधिकारों के प्रति सदैव सजग रहने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की महता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 एवं 24-26 के प्रशिक्षु शिफा नूरी, रिंकी कुमारी, पारुल कुमारी, रवि प्रसाद, रंजीत कुमार, तमन्ना प्रवीण, नैंसी कुमारी, सिमरन कौर, एवं अन्य सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान, डॉ पुजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, मनीष कुमार सिंह,खुशबू कुमारी, अनिल दास, सीताराम यादव एवं चुन्नु कुमार एवं सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन 'सतर्क': आरपीएफ ने जब्त की अंग्रेजी शराब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : मंगलवार को प्रधान आरक्षी/अजय कुमार सिंह तथा प्रधान आरक्षी/मदन कुमार झा, दोनो रेसुब पोस्ट कोडरमा के बल गाड़ी सं0 18626 अप हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस में मार्गरक्षण डयूटी में तैनात थे। जब गाड़ी कोडरमा स्टेशन पर पहुंचने से पहले लाराबाद के आसपास मार्गरक्षण पार्टी द्वारा इंजन से दूसरा जेनरल बोगी में सीट के नीचे लावारिस हालत में एक ब्लू रंग का पिठू बैग व एक प्लास्टिक का झोला दिखाई दिया। उक्त पिठू बैग व झोला के बाबत यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी ने भी अपना दावा पेश नही किया लिहाजा उक्त बैग व झोला को चेक किया गया तो बैग में 12 बोतल Royal Stage Premium Whisky जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 मिली व कीमत 370/- रुपए पाया गया तथा प्लास्टिक के झोला में (i) 13 बोतल Royal Stage Premium Whisky जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 मिली व कीमत 370 /- रुपए तथा (i) 05 बोतल टू Dowells Premium Whisky जिसमें प्रत्येक की क्षमता 375 मिली व कीमत 340 /- रुपये पाया गया जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति सीट के नीचे रखकर हट गया या चला गया है। जिसे मार्गरक्षण पार्टी के द्वारा उतारकर रेसुब पोस्ट कोडरमा पर लाया गया। जहां सहायक उप निरीक्षक/मृत्युजय कुमार अकेला, रेसुब ओपी, गुरपा अंतर्गत कोडरमा के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष उपर्युक्त सभी अंग्रेजी शराब की बोतलों को जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया। जब्त सभी अंग्रेजी शराब की कुल क्षमता 11250 मिली० व कुल कीमत 10950 /- रुपए आंका गया। जप्त सभी अंग्रेजी शराब उत्पाद विभाग कोडरमा को सौंप दिया गया।



### दो सगी बहनों की हत्या के कई राज अभी भी दफन

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर के बमार्माइंस की रहने वाली दो सगी बहनों की हत्या के मामले में हालांकि एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है लेकिन हत्याकांड के कई राज अभी भी दफन है। पुलिस इस मामले में अभी अन्य कई लोगों की तलाश कर रही है। डीएसपी संदीप भक्त का कहना है कि अभी हत्याकांड के कई पहलुओं का खुलासा नहीं हुआ है जिसे जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। घटना के बाबत अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार जमशेदपुर के बर्मा माइंस की रहने वाली दो सगी बहनों पुष्पा (60) एवं प्रतिभा दास (45) का परसुडीह निवासी सह पूर्व आरपीएफ कर्मी के साथ पूर्व में पारिवारिक संबंध था।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सं.: एडीईई-सोलर-2024-5आर-2, दिनांक 10.12.2024**; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत सेवाएं अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए **दिनांक 02.01.2025** को अपराह्न 3.00 बजे से पहले ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का विवरण:** गार्डनरीच में 55 अदद 10केब्ल्यूपी, 21 अदद 5 केडब्ल्यूपी एवं 46 अदद 2 केडब्ल्यूपी ऑन ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर प्लांट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** लागू जीएसटी के साथ रु. 3,73,34,621.80; **बयाना राशि:** रु. 3,36,700; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य (जीसीसी-2020 के अनुसार ई-निविदा होने के कारण)। **बंद होने की तारीख:** 02.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **कार्य पूरा करने की अवधि:** एलओए के जारी होने की तारीख से 06 (छह) महीने। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इस कार्य के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** प्रत्याशित निविदादातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-886)

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की ऐतिहासिक बैठक सम्पन्न

# ब्राह्मण समाज का होगा पूर्ण उत्थान : आचार्य कृष्ण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा शहर के हरलाल तालाब स्थित सूर्य मंदिर के पावन प्रांगण में शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की ऐतिहासिक बैठक संपन्न हुई, जहां संगठन के भविष्य की नींव रखते हुए अनेक महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस आयोजन का नेतृत्व करते हुए मैंने, आचार्य कृष्ण, महासंघ के उद्देश्यों को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया। यह सभा न केवल संगठन की शक्ति का प्रतीक बनी, बल्कि सामाजिक एकता और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया।



**संगठन के उद्देश्य और मेरी दृष्टि**

**समाज** की सेवा और संगठन की मजबूती सदैव मेरे जीवन का ध्येय रहा है। शाकद्वीपीय समाज को सशक्त और संगठित करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। मेरे लिए महासंघ एक ऐसा मंच है, जो हमारे गौरवशाली इतिहास और समर्पित भविष्य के बीच सेतु का कार्य करता है।

**चतरा जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का मनोनयन**

**इस** बैठक में मैंने संगठन को सशक्त नेतृत्व प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आचार्य विनोद मिश्रा को जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। उनके समर्पण और अनुभव को देखते हुए यह निर्णय सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। साथ ही, मैंने अनिरुद्ध कुमार मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया, जिससे संगठन की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता में और अधिक वृद्धि होगी।

**Office Of The Executive Engineer**
**Water Ways Division, Hazaribagh.**
**Very Short Notice Inviting e- Quotation**
**Office Email Id- eewwdhbg-ceh-jhr@nic.in**

**No: WRD/WWDivision, Hazaribag/Quotation- 06/2024-25 Date: 10.12.2024**

Rates through e-quotationof materials/ Items are invited for framing of estimate for Purchase/Supply of items in Water Ways Division Hazaribag annexed in Annexure-I from reputed manufacturer/Authorised dealers/suppliers/agency and other stake holders authorised for respective items having valid GSTIN of materials. The rate shall be submitted online in the website www.jharkhandtenders.in .Details of material, design criteria and its specifications are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 12/12/24 at 11:00 hours to 19/12/24 at 15:00 hrs

The quotation will be opened on 20/12/24 at 12:00 hours. The quotation is invited to access the rate for purchase/supply of items for framing of estimate .**For any information/query the department helpline Mobile No-7762857530/ 9060447483 may be contacted.**

Executive Engineer,
WaterWays Division,Hazaribag

PR 341664 Water Resource(24-25).D

# राज इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया मानवाधिकार दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मानवाधिकार की राह पर चलें, हर दिल को उसका सम्मान मिले। मानवाधिकार दिवस की यही आरजू है, हर जगह अमन और मोहब्बत हो। मानवाधिकार दिवस पर यही, इंसानियत की तालीम हो।**

**कोडरमा** : कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार 10 दिसंबर को राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया, जिसे छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व को समझने और सराहने में संलग्न करने के लिए रचित किया गया है। यह कार्यक्रम उस दिन के महत्व के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ, जिसमें मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा और सभी के लिए समानता, गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देने में इसकी प्रासंगिकता पर जोर दिया गया।इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल राहुल घोष ने बच्चों को बताया कि 10 दिसंबर का दिन संपूर्ण राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है इसकी शुरूआत 10 दिसंबर 1948 को हुई थी। जब सयुंक्त राष्ट्र महासभा ने सार्वभौमिक मताधिकार घोषणा पत्र को अधिकारिक रूप से मान्यता दी। सभी राष्ट्रों को यह आग्रह किया कि वे अपने अपने राष्ट्र में सभी नागरिकों को उनके अधिकार से वंचित ना रखें और उन्हें अधिकार की सुविधा प्रदान करें विश्व के नागरिकों को अधिकार देने के लिए विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। जन्म लेने के साथ ही मनुष्य को कुछ मूल अधिकार मिल जाते हैं। भारत का संविधान देश के सभी नागरिकों को मानव अधिकारों की गारंटी देता है और उसे तोड़ने वाले को सजा भी देता है । इस अवसर पर स्कूल की हेड गर्ल आयशा नोमानी ने बताया कि मानव को मुख्य रूप से समानता का अधिकार धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार भेदभाव से आजादी का अधिकार सामाजिक सुरक्षा का अधिकार अभिव्यक्ति की आजादी कानूनी सहायता लेने का अधिकार जीवन और आजाद रहने का अधिकार सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिकार है।ये सार्वभौमिक अधिकार हम सभी में निहित हैं, चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। ये सबसे बुनियादी अधिकार - जीवन के अधिकार - से लेकर उन अधिकारों तक हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, जैसे भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता के अधिकार।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**
प्रपत्र संख्या-1

**अल्पकालीन ई- निविदा**

निविदा संख्या :- **06/JMT/2024-25** दिनांक **10-12-2024**

| क्र0 स0 | विवरणी | | विस्तृत विवरणी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्य का नाम | ग्रुप/संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रिम जमानत की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
| 1 | Running, Repairing, Operation and Maintenance (Civil & Mechanical) excluding Raw Water & Energy Charges for **Reorganization Urban Water Supply Scheme Jhumritelaiya** under D. W. & S. Division Jhumri Telaiya for the year 2025-26 | **JMT/ URBAN** | **59,45,040/-** | **1,19,000.00** | **10,000.00** | **12 Month** |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- | | 16-12-2024 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :- | | 26.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई- गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 26.12.2024 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- | | 28.12.2024 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :- | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :- | | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :- | | 08002536460, Email-id – eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com | | | |
| 9 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट/बढ़ सकती है।
- स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। स्वीकृत्यादेश के उपरांत ही कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरण बेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 341680 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

## एक झलक

### रानीगंज पुलिस ने 77 लीटर शराब के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया** : जिले की रानीगंज थाना पुलिस को गुप्त सूचना पर मारुती आल्टो कार से करीबन 77 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया।रानीगंज थाना पुलिस ने भाग रहे ऑल्टो कार को खदेड़ कर पकड़ा।सूचना के आधार पर गाड़ी की चेकिंग के क्रम में 76.875 लिटर शराब मिला। फिर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गाड़ी पर सवार दोनों तस्करों को हिरासत में लेते हुए दोनों को थाना लाया। गिरफ्तार तस्करों में 32 वर्षीय मो. मोफील और 22 वर्षीय मो. अब्बू हसन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों तस्कर जोकीहाट थाना क्षेत्र के मटियारी गांव का रहने वाला है।मामले को लेकर पुलिस ने मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों शराब तस्करों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### तारकिशोर ने लालू व राजद की महिला विरोधी मानसिकता की आलोचना की

**कटिहार** : बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कटिहार सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को लालू प्रसाद यादव और उनकी पार्टी राजद की महिला विरोधी मानसिकता की आलोचना की। उन्होंने कहा कि लालू और राजद का महिला विरोधी रवैया शुरू से ही रहा है और यह उनकी पार्टी की एक बड़ी कमजोरी है। उन्होंने यह भी कहा कि लालू ने नीतीश कुमार और एनडीए सरकार के विरोध में राजनीतिक शुचिता की सारी सीमायें लांघ दी हैं। तारकिशोर प्रसाद ने यह भी कहा कि राजद की महिला विरोधी मानसिकता में कोई बदलाव नहीं होने वाला है और यह उनकी पार्टी की एक बड़ी समस्या है। उन्होंने लालू और राजद से मांग की कि यदि उनमें बिहार की माताओं और बहनों के प्रति रत्तीभर भी सम्मान है, तो उन्हें तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

### रानीगंज लालजी प्लस टू स्कूल में मानव व्यापार और बाल मजदूरी निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम

**अररिया** : रानीगंज लालजी प्लस टू उच्च विद्यालय में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम की ओर से मंगलवार को मानव व्यापार और बाल मजदूरी निषेध पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और शिक्षकों को इन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक करना और उनके रोकथाम के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने मानव व्यापार और बाल मजदूरी के कारणों, प्रभावों और इससे बचने के उपायों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों का शोषण केवल उनके भविष्य को ही नहीं, बल्कि समाज के विकास को भी बाधित करता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपने विचार साझा किए और बाल मजदूरी व मानव व्यापार को जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। एएसटीयू टीम ने बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया।

### मोहम्मद कलीमुद्दीन को लोजपा का किया प्रदेश महासचिव मनोनीत

**किशनगंज** : मोहम्मद कलीमुद्दीन को लोक जनशक्ति (रामविलास) का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने के बाद मंगलवार को शहर के हलीम चौक लोजपा कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां नव मनोनीत प्रदेश महासचिव मो. कलीमुद्दीन का पार्टी के नेताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर मो. कलीमुद्दीन ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जिस भरोसे के साथ जिम्मेदारी दी है उसके निर्वाहन की पूरी कोशिश करूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बिहार फस्ट बिहारी फस्ट के मिशन को पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा। सम्मान समारोह में मौजूद भाजपा जिलाध्यक्ष सुशांत गोप, हबीबुर रहमान, मो. नजारे सहित अन्य लोगो ने भी उन्हें माला पहना कर बधाई दी। इस मौके पर डेविड गोस्वामी, सोहन पासवान, बबल राव कुलकर्णी, सुजय कुमार, दीपक साहा, रीता चौहान, बसंत पोद्दार, रामकुमार राय, हर्ष, राजेश पोद्दार, इरशाद, अरविंद, सुजीत, वीरेंद्र तिवारी, मंजू देवी, मुतुर्जा, गीता देवी आदि मौजूद थे।

# पप्पू यादव ने नये विकास के लिए मांगे 1000 करोड़

**एजेंसी**



**पटना** : शीतकालीन सत्र के दौरान पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज नियम 377 के तहत लोकसभा में पूर्णिया जिला के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 1,000 करोड़ रुपये की विशेष सहायता की मांग की। उन्होंने यह सहायता कोशी-सीमांचल क्षेत्र में हर साल आने वाली बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे की मरम्मत के लिए मांगी है। सांसद पप्पू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि कोशी-सीमांचल क्षेत्र, विशेषकर पूर्णिया जिला, हर साल सप्त कोशी नदी और उसकी सहायक नदियों की बाढ़ की चपेट में आता है। बाढ़ से जान-माल का भारी नुकसान होता है, और जिले का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के बाढ़ से क्षतिग्रस्त होने के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विशेष सहायता का आग्रह करते हुए कहा कि जिले में कंक्रीट सड़कों, पुल-पुलियों और घरों की मरम्मत के लिए कम से कम 1,000 करोड़ रुपये की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोशी-सीमांचल क्षेत्र में बाढ़ के कारण विकास कार्यों में अवरोध होता है और ग्रामीण जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि वे इस आपदा प्रभावित क्षेत्र की कठिनाइयों को समझें और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक विशेष पैकेज प्रदान करें। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग न केवल सड़कों और पुलों की मरम्मत के लिए किया जाएगा, बल्कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। सांसद ने कहा कि कोशी-सीमांचल क्षेत्र का विकास तभी संभव है, जब यहां की बुनियादी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार उनकी इस मांग को प्राथमिकता देगी।

## पूर्वी चंपारण के ढाका में चार गिरफ्तार, असलहा बरामद

**पूर्वी चंपारण** : जिले की ढाका थाना पुलिस ने एक फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सवार चार संदिग्धों को आर्म्स के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक फार्च्यूनर गाड़ी, एक देशी पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस, 4 मोबाइल फोन व 14 हजार कैश बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में बेगूसराय जिले के बरियारपुर मंझौल का नितेश कुमार, पटना शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के एपी कॉलोनी के अजय कुमार, पाटलिपुत्र राजीव नगर के शिवम कुमार एवं पाकुड़ महेशपुर के शुभम चौबे शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, सभी आरोपित किसी गलत मंशा से ढाका पहुंचे थे। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने सन्देह के आधार पर फॉर्च्यूनर वाहन की जांच की तो आर्म्स बरामद किया गया।

## राजद ने फाड़ी थी महिला आरक्षण बिल की कॉपी मोदी सरकार ने दिया आरक्षण : सम्राट चौधरी

**एजेंसी**

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित महिला संवाद यात्रा को लेकर राजद प्रमुख लालू प्रसाद के बयान पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हमलोग उन्हें केवल शारीरिक रूप से बीमार समझते थे लेकिन वे मानसिक रूप से भी बीमार हैं और उन्हें मानसिक आरोग्य अस्पताल, कोईलवर में इलाज करना चाहिए। महिला-विरोधी लालू प्रसाद ने कभी महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया। सम्राट चौधरी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल के विधानसभा उपचुनाव में राजद की करारी हार से लालू प्रसाद का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद का आंख सेंकने जैसा ओछा बयान महिलाओं के प्रति उनकी घटिया सोच जाहिर करता है। ऐसी सोच के कारण वे महिला आरक्षण बिल का विरोध करते रहे। उनकी पार्टी ने लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक की प्रति फाड़ी थी। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्प शक्ति के बल पर पिछली लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ। बिहार में नीतीश कुमार ने छात्राओं के लिए साइकिल-पोशाक योजना लागू की, स्नातक और परास्नातक पास करने वाली अविवाहित महिलाओं को प्रोत्साहन राशि दी और पुलिस सेवा में 35 फीसद आरक्षण दिया।

# कार और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर, युवक घायल, रिम्स रेफर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बुंडू** : बुंडू थाना क्षेत्र के बुंडू-सोनाहातु रोड स्थित जामटोली के पास एक कार और बाइक जोरदार टक्कर होने से बाइक सवार घायल हो गया। घायल युवक कालीपद मुंडा उम्र 20 वर्ष सोनाहातु गांव का रहने वाला है। घटना सुबह 9:00 बजे की बतायी जाती है।इस समय घना कोहरा होने के कारण दोनों वाहने भीड़ गए।कार में सवार महिला ने बताया अपने गांव मुरूतडीह से दिउड़ी मंदिर पूजा करने जा रही थी जबकि बाइक चालक बुंडू से सोनाहातु गांव लौट रहा था।इसी क्रम में जामटोला समीप टक्कर हो गई।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को एम्बुलेंस बुलाकर ट्रामा सेंटर बुंडू भेजा गया। ट्रामा सेंटर के डॉक्टर ने बताया की युवक की दोनों हाथ टूट गई है साथ ही सिर में भी चोट है।युवक को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

# मंत्रीगण के साथ चैंबर की औपचारिक मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**





**रांची** : झारखण्ड सरकार के नवगठित मंत्री परिषद् में शामिल माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह और माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने सिलसिलेवार तरीके से मुलाकात कर, उन्हें विभागीय प्रभार ग्रहण करने पर व्यापारियों की ओर से बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल ने विभागों से जुडी समस्याओं पर चर्चा करते हुए अपने सुझाव से भी अवगत कराया, जिसपर माननीय मंत्रीगण ने सकारात्मक विचार के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने यह सुझाया कि प्रायः यह देखा जाता है कि योजना कार्यान्वयन में विलंब के कारण विभाग द्वारा आवंटित बजटीय राशि का समुचित खर्च नहीं किया जा पाता और अंततः वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात राशि सरेंडर कर दी जाती है। इससे जनहित से जुडे कार्य प्रभावित होते हैं। विभाग को इसपर गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है। यह भी सुझाया गया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्थान के लिए विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ राज्य को मिले। ग्रामीण स्तर पर रोजगार के सृजन और युवाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढाने के मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। यह आश्वस्त किया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित किये जानेवाले मॉडल वर्किंग में व्यापारी वर्ग विभाग के साथ सहयोगात्मक भूमिका में रहेंगे। राज्य के विकास में व्यापार और उद्योग जगत की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मंत्रीगण ने झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से विकासात्मक मुद्दों पर कार्रवाई की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार और श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत शामिल थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं के संकट पर सनातन संघर्ष समिति ने की संगोष्ठी आयोजित

**एजेंसी**

**सहरसा** : बंग्लादेश में हिन्दू सिख जैन एवं बौद्ध ईसाई पर हो रहे आक्रमण के विरुद्ध सनातन संघर्ष समिति निरंतर आंदोलन रत है,जिसके तहत अब तक धरना-प्रदर्शन पुतलादहन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उसी क्रम में मंगलवार को गंगजला चौक स्थित माया होटल सभागार में एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित हुई। डॉ के एस ओझा ने कहा कि अखंड भारत कई टुकड़े में बंट गया।आजादी के बाद पाकिस्तान बना।वही 1971 में भारत के सहयोग सें बंग्लादेश बना। हाल के दिनों में कट्टरपंथियों द्वारा बंग्लादेश की निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर हिन्दुओं को टार्गेट किया जा रहा है।धार्मिक स्थल व मंदिरों को तोड़कर संत महापुरुष एवं पुजारियों को जेल में डाल कर यातना दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र संघ एवं मानवाधिकार आयोग भी मौन धारण किए है। ऐसे में सनातन संघर्ष समिति बंग्लादेश में अल्पसंख्यक की सुरक्षा करने धार्मिक प्रजातंत्र एवं मानवाधिकार की रक्षा करने की मांग की गई।उन्होंने कहा हम सभी हिन्दू सहोदर भाई है।आपस में सभी एक है।आपसी मतभेद व भेदभाव को भुलाकर एकजुट होकर सामूहिक प्रतिकार करना आवश्यक है। हमारे सभी देवी देवता के हाथों में अनेक शस्त्र विराजमान है लेकिन सनातन धर्म के लोगों के घरों में एक लाठी भी मौजूद नही है।हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों के सहारे कार्य करना है।

उच्च न्यायालय का आदेश

## अपीलकर्ता के घातक मोतियाबिंद होने के मामले में उपयुक्त इलाज का दिया आदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उच्च न्यायालय का आदेशः अपीलकर्ता के घातक मोतियाबिंद होने के मामले में उपयुक्त इलाज का दिया आदेश साथ ही साथ झालसा एवं डालसा को राज्य के सभी कारा में चिकित्सीय कैम्प लगाकर समुचित इलाज कराने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की बेंच ने अपीलकर्ता के मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है की झालसा एवं डालसा जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सभी बंदियों का मेडिकल जांच कराएगा विशेष रूप से जो वृद्ध बंदी हैं। मेडिकल जांच में मोतियाबिंद, डाइअबीटीज, ब्लड प्रेशर तथा अन्य बीमारी की चिकित्सीय जांच कराकर समुचित इलाज की व्यवस्था करेगा। बेंच ने यह भी आदेश दिया है की जेल अदालत के दिन झालसा यह सुनिश्चित करेगी की मेडिकल जांच कैम्प लगे तथा कोई भी जागरूकता कार्यक्रम जो कारागृह में झालसा एवं डालसा के द्वारा आयोजित की जाएगी तो उसमे सभी वृद्ध एवं बीमारी से ग्रसित बंदियों का निश्चित रूप से मेडिकल जांच कैम्प भी आयोजित की जाएगी। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में झालसा के द्वारा सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकारों को यह दिशा निर्देश दिया गया है की वह सभी कारागृह में मेडिकल जांच कैम्प लगाकर एवं बंदियों को चिन्हित करे तथा उनके समुचित इलाज की व्यवस्था करें। ज्ञात हो की इस संबंध में झालसा ने सभी कारागृह से रिपोर्ट मंगाया है तथा 70 वर्ष से अधिक बंदियों की संख्या 164 है तथा गंभीर बीमारी से ग्रसित बंदियों की संख्या 11 है। झालसा में सभी डालसा को दिशा निर्देश दिया है की उनकी मेडिकल जांच सुनिश्चित करे तथा उन्हे तत्काल आवश्यकतानुसार चिकित्सीय सहायता प्रदान करें।

## लग्जरी बस से 1829.88 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**एजेंसी**

**भागलपुर** : पुलिस जिला नवगछिया के कदवा थानान्तर्गत लग्जरी बस से कुल 1829.88 लीटर अवैध विदेशी शराब के साथ 02 तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी मंगलवार को नवगछिया एसपी कार्यालय से दी गई। नवगछिया एसपी के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार चलायी जा रहे अभियान के क्रम में कदवा थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक लग्जरी बस में काफी मात्रा में विदेशी शराब लाया जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष कदवा के नेतृत्व में एसएच-58 नवगछिया-चौसा मुख्य सड़क पर सघन वाहन जॉच प्रारंभ किया गया। उसी क्रम में नवगछिया जीरो माईल की ओर से आती हुई बस रजि० नं०-बीआर 01पीसी 9974 को रोककर तलाशी लेने पर उक्त बस से कुल-204 पेटी में बंद 375 एम०एल० का 4488 बोतल एवं 180 एम०एल० का 816 बोतल कुल मात्रा 1829.88 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। साथ ही नरेश राम और अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त पूछताछ के क्रम अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि ये बस मालिक के कहे अनुसार पश्चिम बंगाल के दालकोला से शराब लोड कर पटना पहुँचाने जा रहे थे।

# ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने वीर हनुमान से लिया आशीर्वाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने आज राजधानी के लालपुर स्थित वीर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना विधि विधान के साथ सम्पन्न हुई और राज्य की बेहतरी के लिए एवं ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए आशीर्वाद मांगा। बता दें कि दीपिका पांडेय हरबार शुभ कार्यों को शुरू करने के पहले लालपुर के पुरातन मंदिर वीर हनुमान में भगवान से आशीर्वाद लेती हैं। वीर हनुमान मंदिर के दर्शन के दौरान मुख्य रूप से निरंजन शर्मा, श्यामबिहारी पांडेय, विनोद जी चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल का कायाकल्प योजना के तहत राज्यस्तरीय अंकेक्षण सफल रहा, अंकेक्षक दिखे संतुष्ट

**एजेंसी**

**किशनगंज** : सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और सेवा गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने 2015 में ₹कायाकल्प योजना₹ की शुरूआत की। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के सदर अस्पताल का राज्यस्तरीय अंकेक्षण राज्य स्वास्थ्य समिति के विशेषज्ञों, डा. विकास कुमार और राकेश कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे प्रसव कक्ष, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, शौचालय, और बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट का गहन निरीक्षण किया गया। मरीजों की सुविधा, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, और स्टाफ की तत्परता पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम ने कई क्षेत्रों में सुधार के लिए सुझाव दिए और अस्पताल प्रशासन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। अंकेक्षण के दौरान सदर अस्पताल उपाधीक्षक डा. अनवर हुसैन, स्वास्थ्य प्रबंधक जुल्ले अशरफ, प्रभारी डीक्यूएसी सुमन सिन्हा एवं सदर अस्पताल की पूरी टीम उपस्थित रहे। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. अनवर हुसैन ने कहा कि हमने कायाकल्प योजना के मानकों को ध्यान में रखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। मरीजों को लगातार बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस अंकेक्षण से हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। अंकेक्षण टीम द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर भविष्य में अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही, चिकित्सा उपकरणों की नियमित जांच, मरीजों के लिए अतिरिक्त सुविधाएं, और स्वास्थ्यकर्मियों के व्यवहार में सुधार के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। सिविल सर्जन डा. राजेश कुमार ने कहा कि कायाकल्प योजना से न केवल स्वास्थ्य संस्थानों की छवि में सुधार हो रहा है, बल्कि इससे मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं भी मिल रही हैं। सदर अस्पताल इस अंकेक्षण में अपनी प्रतिबद्धता और तैयारियों के साथ खरा उतरेगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर मरीज को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में इलाज मिले। अंकेक्षण टीम ने अस्पताल प्रशासन की तैयारियों की सराहना की और इसे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा की कायाकल्प योजना के तहत किए गए प्रयासों से यह साबित कर दिया है कि वह क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। राज्यस्तरीय अंकेक्षण के माध्यम से सदर अस्पताल को अपनी सेवाओं में और अधिक सुधार करने का मौका मिला है। आने वाले समय में इन सुधारों के आधार पर मरीजों को और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से झारखंड में उबाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में सर्व सनातन समाज के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों के हजारों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार और उनके मानवाधिकार हनन के खिलाफ मोरहाबादी मैदान से फिरायालाल होते हुए राज्यपाल भवन तक आक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद मार्च राजभवन में समक्ष धरना में तब्दील हो गया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार ने किया। आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता सोमा उरांव ने कहा कि आज हम सब बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को समर्थन देने के लिए एकजुट हुए हैं। साथ ही आज मांग करते हैं कि जेहादियों पर कड़ी करवाई हो। उन्होंने कहा कि आज जो स्थिति बांग्लादेश में है यदि हिन्दू समाज नहीं जागा तो झारखंड में भी वह स्थिति बहुत जल्द होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रान्त मंत्री मिथलेश्वर मिश्र ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है। इससे हम सभी आक्रोशित हैं। हिन्दू समाज बसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं लेकिन जब हमे उकसाया जाता है तो हम इसका विरोध करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद गाडयान ने कहा कि दुनियाभर के देशों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध किया है। उन्होंने पूरी दुनिया से मांग करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हो रहे मानवाधिकार हनन के खिलाफ पूरी दुनिया आवाज उठाये। राजेन्द्र कृष्ण ने कहा कि बांग्लादेश के अस्तित्व भारत के कारण है लेकिन वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। यह बेहद अफसोसजनक है। विश्व मानवाधिकार आयोग से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को जल्द से जल्द समाप्त किया जाए। इस्कॉन के सदस्य प्रकाश ने हिंदुओं को जागने का आह्वान किया और बांग्लादेश में हो रहे क्रूरता के खिलाफ एकजुट होने पर बल दिया। विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री याज्ञवल्कय शुक्ल ने कहा कि बांग्लादेश के उदय में लाखों भारतीयों ने अपनी शहादत दी थी। आज उनके साथ अत्याचार हो रहा है। आज बांग्लादेश में एक विचार पनप गया है कि जिसकी आबादी ज्यादा होगी वह कम आबादी वाले समाज के लोगों को जिंदा रहने नहीं देंगे। भारत एक संवेदनशील देश है। दुनिया में जहां कहीं भी लोगों के साथ अत्याचार होता है भारत अत्याचार के खिलाफ उनके साथ खड़ा होता है। दूसरी ओर, सर्व सनातन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में भूतेशानन्द, सरदार बिक्रम सिंह, पवन लामा, बिनोद जैन, स्वामी परिपूणार्नंद, बिनोद जालान, राकेश लाल, पवन मंत्री, शेखर चौधरी, रवि मुंडा,बिनोद गाडयान, प्रशुन रायपत, सुनीता गुप्ता सहित अन्य शामिल थे प्रदर्शन और रैली




रैली के प्रतिभागियों ने नारे लगाते हुए बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मानवाधिकारों का उल्लंघन तुरंत रोका जाए।

**सभी धर्मों की सहभागिता**

इस आयोजन में हिंदू, सिख, जैन, और सनातनी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी धर्मों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर मानवता और न्याय के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की।

**जागरुकता अभियान**

रैली के दौरान लोगों को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की दुर्दशा के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इस आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया गया।

**इन संगठनों के लोग हुए शामिल**

चिन्मय मिशन अखिल भारतीय संत समाज समिति, मेन रोड गुरुद्वारा, श्वेताम्बर जैन समाज, बौद्ध समाज, आदिवासी समाज, बंगाली एसोसिएशन, जनजाति विकास परिषद, विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, एकल विद्यालय और वनवासी कल्याण केंद्र।

# लंका टी-10 सुपर लीग 2024 आज से, 06 टीमें घोषित

एजेंसी

**कैंडी :** बहुप्रतीक्षित 2024 लंका टी10 सुपर लीग 11 दिसंबर से पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हो रही है, जो श्रीलंकाई क्रिकेट में एक नया अध्याय लिखेगी। छह फ्रैंचाइज़ियों की भागीदारी वाला यह टूनामेंट कैंडी के खूबसूरत मैदान पर क्रिकेट के रोमांचक ब्रांड का प्रदर्शन करेगा। टूनामेंट के आयोजकों ने आधिकारिक तौर पर सभी छह फ्रैंचाइज़ियों के लिए पूरी टीम की सूची जारी कर दी है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का शानदार मिश्रण है। लीग ने सभी फ्रेंचाइजी में प्रतिभाओं की एक असाधारण सूची तैयार की है। प्रमुख कोच के रूप में महान श्रीलंकाई गेंदबाज चमिंडा वास के मार्गदर्शन में कोलंबो जगुआर में श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज सहित उभरते सितारे मथिशा पथिराना, बहुमुखी कामिंदु मेंडिस, पाकिस्तान के आसिफ अली और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय जैसे शीर्ष सितारे शामिल होंगे। अनुभवी ग्राहम फोर्ड द्वारा प्रशिक्षित गॉल मार्वल्स में स्पिन जादूगर महेश थीक्षाना, विस्फोटक भानुका राजपक्षे, तेज गेंदबाज बिनुरा फर्नांडो और अंग्रेजी स्टार एलेक्स हेल्स और ल्यूक वुड शामिल हैं। हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स अपनी ताकत का प्रदर्शन दासुन शनाका के नेतृत्व में करेंगे, जिसमें शेवोन डैनियल, स्थानीय नायक कुसल जनिथ परेरा और अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई शामिल हैं। जेम्स फोस्टर के रणनीतिक नेतृत्व में जाफना टाइटन्स में कुशल मुहम्मद आमिर, गतिशील कुसल मेंडिस, बहुमुखी चरिथ असलांका सहित एक प्रभावशाली रोस्टर है। सचित पथिराना द्वारा प्रशिक्षित कैंडी बोल्ट्स ने अनुभवी दिनेश चांदीमल, कुशल सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा जॉर्ज मुन्से सहित एक शानदार संयोजन को एक साथ लाया है। जूलियन वुड के मार्गदर्शन में नुवारा एलिया किंग्स ने अविष्का फर्नांडो, सौरभ तिवारी, तेज गेंदबाज कसुन राजिथा, प्रतिभाशाली दुशान हेमंथा, काइल मेयर्स और बेनी हॉवेल की दमदार लाइनअप के साथ प्रतियोगिता को पूरा किया है। टूर्नामेंट के पहले दिन 11 दिसंबर को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एक शानदार ट्रिपल-हेडर मैच होंगे। टूर्नामेंट के पहले मैच में जाफना टाइटन्स का सामना हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स से होगा, जो स्थानीय समयानुसार शाम 4:00 बजे शुरू होगा। दिन के दूसरे मैच में नुवारा एलिया किंग्स का सामना कोलंबो जगुआर से स्थानीय समयानुसार शाम 6:15 बजे होगा, जबकि दिन का समापन कैंडी बोल्ट्स और गॉल मार्वल्स के बीच स्थानीय समयानुसार रात 8:30 बजे रोमांचक मुकाबले के साथ होगा।




**सभी फ्रेंचाइजी के लिए पूरी टीम की सूची इस प्रकार है**

**कोलंबो जगुआर :** एंजेलो मैथ्यूज (कप्तान), डैन लॉरेंस, मथीशा पथिराना, कामिंदु मेंडिस, आसिफ अली, जेसन रॉय, अकिला धनंजय, एंजेलो परेरा, नजीबुल्लाह जादरान, अली खान, इसिथा विजेसुंदरा, रमेश मेंडिस, रोनी तालुकदार, रानुडा सोमारथने, रयान कामवेम्बा , असिथा फर्नांडो, दिलशान मधुशंका, गारुका संकेत और मुख्य कोच चामिंडा वास सहित सहयोगी स्टाफ।

**गॉल मार्वल्स :** महेश थीक्षाना, शाकिब अल हसन, भानुका राजपक्षे, बिनुरा फर्नांडो, एलेक्स हेल्स, ल्यूक वुड, चामिंडु विक्रमसिंघे, जेफरी वेंडरसे, आंद्रे फ्लेचर, जहूर खान, संदुन वेराक्कोडी, प्रभात जयसूर्या, केसरिक विलियम्स, डुमिंडु सेवमिना, सदीशा राजपक्षे और सहायक मुख्य कोच ग्राहम फोर्ड सहित स्टाफ।

**हंबनटोटा बांग्ला टाइगर्स :** दासुन शनाका (कप्तान), शेवोन डैनियल, कुसल जेनिथ परेरा, दुशमंथा चमीरा, हजरतुल्लाह जजई, रिचर्ड ग्लीसन, इसुरु उदाना, थारिंडु रत्नायके, करीम जानत, मोहम्मद शहजाद, धनंजय लक्षण, निशान पेरीचुगेस, चमथ गोमेज, सहान अराचिगे और टीम स्टाफ।

**जाफना टाइटंस :** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), टॉम कोहलर-कैडमोर, कुसल मेंडिस, चैरिथ असलांका, डेविड वीज, मुहम्मद अमीर, नुवान तुषारा, डुनिथ वेललेज, ड्वेन प्रिटोरियस, टॉम एबेल, प्रमोद मदुशन, पवन रथनायके, जॉर्ज गार्टन, ट्रैवीन मैथ्यू।

## एक झलक

### रोहित और शमी के अलग-अलग बयानों से संशय बढ़ा

**एडीलेड :** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट में मिली हार के बाद जहां अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल किये जाने की मांग चल रही है। वहीं कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा कि उनके लिए टीम के दरवाजे हमेशा खुले हैं पर पूरी तरह फिट होने पर ही शमी को शामिल किया जाएगा। शमी आजकम घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं और अपनी फिटनेस साबित करने में लगे हैं। ऐसे में ये भी कहा जा रहा है कि शमी और रोहित में मतभेद चल रहे हैं इसी लिए उनकी वापसी नहीं हो पा रही है। ये इसलिए भी कहा जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुनी गई टीम में शमी का नाम शामिल नहीं था। तब कप्तान रोहित ने कहा था कि उनकी चोट पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है और टीम उनको लेकर कोई जोखित नहीं लेना चाहती।


### अफगानिस्तान ने कोच ट्रॉट का अनुबंध एक साल बढ़ाया

**मुम्बई :** चैंपियंस ट्रॉफी के ठीक पहले अफगानिस्तान ने अपनी राष्ट्रीय टीम के कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध बढ़ा दिया है। अब ट्रॉट अगले साल भी अफगानिस्तान के कोच बने रहेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उनका अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ा दिया है और इस तरह से वह 2025 में भी कोच बने रहेंगे। ट्रॉट जुलाई 2022 में अफगान टीम के कोच बने थे और उनके मार्गदर्शन में टीम पहली बार चैम्पियंस ट्रॉफी खेलेगी।

### रोहित के खराब फार्म पर उठे सवाल

**मुम्बई :** भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में जारी बॉर्डर गावस्कर सीरीज में जीत से शुरूआत की थी ओर पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकर दूसरे टेस्ट में टीम की हार के साथ ही सीरीज बराबरी पर आ गयी है। पहले टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा टीम में शामिल नहीं थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की थी। दूसरे टेस्ट से रोहित ने टीम में वापसी की जिसमें उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी पर रोहित भी अन्य बल्लेबाजों के साथ ही रन बनाने में विफल रहे, ऐसे में उनकी फार्म पर भी सवाल उठने लगे हैं। जिससे भारतीय टीम पूरे 90 ओवर भी नहीं खेल पायी।

## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई जॉर्जिया वोल



एजेंसी

**मेलबर्न :** भारत के खिलाफ प्रभावशाली पदार्पण श्रृंखला के बाद युवा खिलाड़ी जॉर्जिया वोल को मंगलवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वोल ने भारत के खिलाफ पहले वनडे में शानदार शुरूआत की और ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाबाद 46 रन बनाकर आठ विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने दूसरे मैच में शानदार शतक बनाया और सिर्फ.87 गेंदों पर 101 रन बनाए। उनकी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 371/8 का विशाल स्कोर बनाया, जो वनडे इतिहास में उनका तीसरा सबसे बड़ा स्कोर था। इसके बाद उन्होंने 122 रन से जीत दर्ज की। अनुभवी बल्लेबाज बेथ मूनी ने जॉर्जिया वोल की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने चयनकताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। मूनी ने आईसीसी के हवाले से कहा, उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया है कि उनका प्रदर्शन चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करे।

## सबालेंका साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टेनिस खिलाड़ी बनी



एजेंसी

**सेंट पीटर्सबर्ग :** बेलारुस की महिला टेनिस स्टार एरिना सबालेंका को साल 2024 की डब्लयूटीए की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। सबालेंका ये पुरस्कार जीतने वाली बेलारूस की पहली खिलाड़ी हैं। वह इस साल दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीतकर विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी भी बनी। सबालेंका ने इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन और सितंबर में अमेरिकी ओपन के साथ इस सत्र में दो अन्य खिताब भी जीते। उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 56-14 रहा। उन्होंने अक्टूबर में ईगा स्वियातेक को पछाड़कर शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के साथ ही लगभग एक करोड़ डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। वहीं अमेरिका की ऐमा नवारो अपने खेल में सबसे अधिक सुधार करने वाली खिलाड़ी बनी हैं। वहीं स्पेन की पाउला बडोसा को साल में सर्वश्रेष्ठ वापसी करने वाली खिलाड़ी और न्यूजीलैंड की लुलु सन को साल की सर्वश्रेष्ठ उभारती खिलाड़ी का अवार्ड मिला। इसके अलावा सारा इरानी और जैस्मिन पाओलिनी को साल की सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ी का सम्मान मिला।

## एफआईए फॉर्मूला 2 सीजन 2025 में डैम्स लुकास ऑयल टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे कुश मैनी



एजेंसी

**बेंगलुरु :** अल्पाइन अकादमी के सदस्य कुश मैनी 2025 एफआईए फॉर्मूला 2 सीजन में डैम्स लुकास ऑयल टीम के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डैम्स लुकास ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। भारतीय ड्राइवर ने पिछले दो सत्रों में फॉर्मूला 2 में रेस की है, चैंपियनशिप में अपने पूरे समय में उन्होंने एक जीत और छह और पोडियम हासिल किए हैं और हाल ही में संपन्न 2024 अभियान में टीम चैंपियनशिप को सुरक्षित किया है। अब तक के मजबूत जूनियर करियर में, मैनी ने ब्रिटिश फॉर्मूला 3 में जीत हासिल करके और 2020 में उप-चैंपियन बनकर प्रभावित किया। इसके बाद उन्होंने एफआईए फॉमूर्ला 3 में जाने से पहले फॉमूर्ला 3 एशियाई चैम्पियनशिप में भाग लिया, जहाँ उन्होंने हंगरोरिंग में पोडियम स्कोर किया। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने फॉमूर्ला रेनॉल्ट यूरोकप और वर्ल्ड एंड्योरेंस चैंपियनशिप में भी रेस की है। डैम्स लुकास ऑयल ने अब जैक क्रॉफर्ड और मैनी के साथ 2025 फॉमूर्ला 2 सीजन के लिए अपनी पूरी लाइन अप की पुष्टि कर दी है, और दोनों ड्राइवर अबू धाबी में इस सप्ताह के पोस्ट-सीजन परीक्षण में भाग लेंगे। अनुभवी जोड़ी 14-16 मार्च को मेलबर्न में अपना 2025 प्रतिस्पर्धी अभियान शुरू करेगी।

## जीत की लय हासिल करने उतरेंगे चेन्नइयन और हैदराबाद

**आईएसएल**



एजेंसी

**चेन्नई :** चेन्नइयन एफसी बुधवार को अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में हैदराबाद एफसी का सामना करने के लिए तैयार है। अपने पिछले तीन मुकाबले हारने वाली इन दोनों टीमों को जीत की पटरी पर आने के लिए तत्काल लय पकड़ने की आवश्यकता है। चेन्नइयन एफसी 11 मैचों में तीन जीत, तीन ड्रा और पांच हार से 12 अंक लेकर तालिका नौवें स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी ने 10 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और सात हार से सात अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है। चेन्नइयन ने इस सीजन में 11 मैचों में 16 गोल किए हैं, लेकिन वो अपने पिछले तीन मैचों में गोल नहीं कर पाई हैं। कॉयल चेन्नइयन के लिए 50 आईएसएल मैच पूरे करने वाले पहले कोच बनेंगे। कॉयल ने 49 मैचों में 19 जीते और नौ ड्रा खेले हैं। लीग में उनकी जीत दर 38.8% है। वहीं, हैदराबाद एफसी (11) ने आईएसएल 2024-25 के पहले चरण में अन्य टीमों की तुलना में अधिक गोल खाए हैं। हैदराबाद अपने पिछले छह मैचों में से चार में गोल नहीं कर पाई है। चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल ने कहा कि वह हैदराबाद एफसी की टीम का सम्मान करेंगे।

## महिला जूनियर एशिया कप हॉकी

## दीपिका की हैटिक से भारत ने मलेशिया को 5-0 से हराया



एजेंसी

**मस्कट :** दीपिका की शानदार हैटिक से भारतीय हॉकी टीम ने महिला जूनियर एशिया कप के पूल ए में मलेशिया को 5-0 से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से दीपिका ने 37वें, 39वें और 48वें मिनट में तीन गोल किये वहीं वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 32वें और कनिका सिवाच ने 38 वें मिनट में एक गोल किया। इस मैच में पहला हाफ गोलरहित रहा। इसके बाद भारतीय टीम ने अंतिम दो क्वार्टर में बढ़त हासिल कर मैच पर कब्जा किया। भारतीय टीम इस मैच में अधिकतर समय हावी रही पर उसने गोल करने के कई मौके खोय। पहले क्वार्टर के अंत में उन्हें लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले पर टीम उन्हें गोल में नहं बदल पायी। दूसरे क्वार्टर में भी यही हाल रहा। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में लगातार चार गोल करके मैच में अपना दबदबा बना लिया। उसे 32वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला और इस बार, गोल करने के बजाय, पूजा साहू ने गेंद को थोड़ा बाईं ओर निर्देशित किया, जहां वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने गोल करने में गलती नहीं की। दूसरा गोल 37वें मिनट में हुआ जब ड्रैग-फ्लिकर दीपिका ने अपनी विशेषज्ञता का परिचय देते हुए गोलकीपर को छकाते हुए दमदार शॉट लगाया और बढ़त को बढ़ाया। इसके ठीक एक मिनट बाद कनिका सिवाच ने मैदानी गोल किया। 39वें मिनट में मलेशिया की गोलकीपर ने फाउल किया, जिससे भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। दीपिका ने इसे गोल में बदल दिया। अंतिम क्वार्टर में भारत को 48वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और दीपिका ने एक गोल कर हैट्रिक पूरी की और मैच के अंत तक भारत का स्कोर 5-0 कर दिया।

## बीबीएल 14 : मेलबर्न रेनेगेड्स में शामिल हुए मार्कस हैरिस, जेवियर क्रोन



एजेंसी

**मेलबर्न :** मेलबर्न रेनेगेड्स ने बिग बैश लीग (बीबीएल) 14 से पहले विक्टोरियन स्टार मार्कस हैरिस और जेवियर क्रोन के साथ करार किया है। हैरिस, अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज हैं, जो बीबीएल 8 चैंपियनशिप जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हैरिस ने इस घरेलू सत्र की शानदार शुरूआत की है। विक्टोरिया के लिए अभियान की शुरूआत करते हुए, उन्होंने वन-डे कप के पहले मैच में अर्धशतक बनाया और इसके बाद शेफील्ड शील्ड में एक शतक और एक और अर्धशतक लगाया। हैरिस ने मंगलवार को क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के साथ वापस आना बहुत अच्छा है। व्हाइटी (कैमरन व्हाइट) के आने और क्लब द्वारा बनाई गई टीम के साथ यह रोमांचक है। मैं उस स्थिति में वापस जाने के लिए उत्सुक हूं, जहां मैंने अपना अधिकांश बीबीएल खेला है।

## भारत एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत एएफसी एशियन कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ है। सोमवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रॉ में 24 टीमों को चार-चार के छह समूहों में विभाजित किया गया। केवल छह ग्रुप विजेता ही क्वालीफाई करेंगे और उन 18 टीमों में शामिल होंगे जिन्होंने क्वालीफाइंग के दूसरे दौर के बाद पहले ही एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के लिए अपना टिकट बुक कर लिया है। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में खेला जाएगा। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत, अपने इतिहास में पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए, बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। भारत ने हाल के दिनों में तीनों प्रतिद्वंद्वियों का सामना किया है। ब्लू टाइगर्स ने आखिरी बार 2021 सैफ चैंपियनशिप में बांग्लादेश का सामना किया था, जून 2022 में कोलकाता में एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग का सामना किया था और सितंबर 2022 में वियतनाम में हंग थिन्ह फ्रेंडली टूनामेंट में सिंगापुर का सामना किया था। नवंबर में जारी फीफा रैंकिंग के अनुसार, भारत 127वें, हांगकांग 156वें, सिंगापुर 161वें और बांग्लादेश 185वें स्थान पर है। ड्रॉ के बाद भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा, ॅहम पॉट 1 टीम हैं और हमें यह दिखाने की जरूरत है कि हम क्वालिफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। समूहों के बीच बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। हर समूह मुश्किल है। हांगकांग ने स्वाभाविक खिलाड़ियों और अपने कोच एश्ले वेस्टवुड के साथ बहुत सुधार किया है, जिनके खिलाफ भारत ने विश्व कप क्वालीफायर में खेला था (जब वे अफगानिस्तान के प्रभारी थे)। हम मार्च में सबसे पहले बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे, जो सैफ चैम्पियनशिप में हमारे नियमित प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

## मध्य प्रदेश के एथलीट विनोद सिंह ने 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रचा इतिहास



एजेंसी

**भोपाल :** भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 7 से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के एथलीट विनोद सिंह ने बालक अंडर-20 वर्ग के 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर नया इतिहास रच दिया। विनोद ने 14:12.67 मिनट के प्रदर्शन के साथ न केवल स्वर्ण पदक जीता, बल्कि नई मीट रिकॉर्ड भी बनाई। यह जानकारी मंगलवार को जनसंपर्क अधिकारी दुर्गेश रायकवार ने दी। उन्होंने बताया कि इसी इवेंट में अकादमी के एक अन्य प्रतिभाशाली एथलीट विकास कुमार बिंद ने 14:13.52 मिनट के प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया, जो पिछले मीट रिकॉर्ड से बेहतर था। गौरतलब है कि यह पूर्व रिकॉर्ड भी अकादमी के एथलीट सुनील डावर के नाम था, जिन्होंने 14:13.95 मिनट का समय दर्ज किया था। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विनोद सिंह, विकास कुमार बिंद और उनके प्रशिक्षकों एस.के. प्रसाद एवं संदीप सिंह को हार्दिक बधाई दी।

# आईसीसी ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को किया बैन

## प्लेइंग-11 नियमों का उल्लंघन किया; लीग से तेंदुलकर, गावस्कर, अकरम जैसे नाम जुड़े




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बैन कर दिया है। क्ळउ ने यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका क्रिकेट को लेटर लिखकर लीग के भविष्य के संस्करणों को मंजूरी नहीं देने के फैसले की जानकारी दी। लेटर में लिखा गया कि लीग में प्लेइंग इलेवन नियमों का पालन नहीं हुआ है। टी-10 फॉर्मेट के इस टूनार्मेंट में 6-7 विदेश खिलाड़ी खिलाए गए थे। ठउछ का पहला सीजन 4 से 14 अक्टूबर के बीच हुआ था। रॉबिन उथप्पा की कप्तानी वाली शिकागो सीसी ने अटलांटा किंग को 43 रनों से हराते हुए खिताब जीता था। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने उन्हें ट्रॉफी दी।

**किन नियमों का उल्लंघन हुआ?**

आईसीसी के नियम के अनुसार लीग में खेलने वाली हर टीम की प्लेइंग इलेवन में कम से कम 7 अमेरिकी खिलाड़ी होने चाहिए, लेकिन कई मैचों में 6-7 विदेशी खिलाड़ियों को उतारा गया।

मैचों में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया, जो बहुत ही खराब थीं। पिचें इतनी खराब थीं कि वहाब रियाज और टाइमल मिल्स को स्पिन गेंदबाजी करनी पड़ी, ताकि बैटर्स को चोट न लगे। लीग के अधिकारियों ने विदेशी खिलाड़ियों को मौका देने के लिए अमेरिका के इमिग्रेशन नियमों को भी तोड़ा गया। अमेरिका में स्पोर्ट्स कैटेगरी के वीजा के लिए 6 टीमों के लिए कम से कम 2 लाख वर डॉलर लगते हैं। पैसे बचाने के लिए कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स वीजा से नहीं आए।

**रैना, कार्तिक और अफरीदी ने हिस्सा लिया**

इस लीग में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक और पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने हिस्सा लिया था।

**लीग से जुड़े तेंदुलकर, गावस्कर और अकरम जैसे नाम**

आईसीसी ने वसीम अकरम और विवियन रिचर्ड्स जैसे पूर्व क्रिकेटर्स को ब्रॉन्ड ऐंबैस्डर बनाया था। इसने सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर को अपने ओनरशिप ग्रुप में शामिल किया था।



लंदन में महिला प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलती हुई चेलस और ब्रिगटन की टीमें।

## एक झलक

### कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक किया जारी

**रांची/जमशेदपुर :** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, 'भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरूआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।

### भारत पांच साल में बनेगा दुनिया का नंबर वन ऑटोमोबाइल उद्योग: नितिन गडकरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भारत पांच साल के भीतर अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का नंबर वन ऑटोमोबाइल उद्योग बन सकता है। गडकरी ने नई दिल्ली में अमेजन संभव शिखर सम्मेलन 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। गडकरी ने भारत के बढ़ते ऑटोमोबाइल उद्योग और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र पर प्रकाश डाला। मंत्री ने देश की खूबियों के बारे में विस्तार से उल्लेख कर कहा कि भारत में सबसे ज्यादा युवा और इंजीनियरिंग प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि मेरी हमेशा से राय रही है कि नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान योजना और सफल अभ्यास, जिसे हम ज्ञान कहते हैं, भविष्य में ज्ञान को धन में बदलना सबसे महत्वपूर्ण बात है। गडकरी ने कहा कि भारत का लॉजिस्टिक्स क्षेत्र उल्लेखनीय वृद्धि देख रहा है, जिससे महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। हम इस क्षेत्र को ग्रीन हाइड्रोजन, बायो-इथेनॉल और बायो-मेथनॉल जैसे टिकाऊ समाधानों के साथ-साथ मजबूत अपशिष्ट प्रबंधन पहलों के साथ बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछले दशक में निर्यात में उछाल के साथ हम अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के सपने को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

### एअर इंडिया ने छोटे आकार के विमानों में शुरू की वायरलेस मनोरंजन सेवा

**मुंबई/नयी दिल्ली :** टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया एयरलाइन ने अपनी वायरलेस मनोरंजन सेवा का विस्तार छोटे आकार वाले विमानों के बेड़े में कर दिया है। इस सेवा में 1600+ घंटे से अधिक प्रीमियम क्यूरेटेड कंटेंट शामिल हैं, जिसमें बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर और हॉलीवुड हिट से लेकर मनमोहक डॉक्यूमेंट्री, क्लासिक धुनें और क्यूरेटेड बच्चों के कार्यक्रम शामिल हैं। एअर इंडिया ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि उसने अपनी वायरलेस इनफ्लाइट एंटरटेनमेंट सर्विस को अपने सिंगल-आइल फ्लीट तक बढ़ा दिया गया है।

# उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ। कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक-दूसरे पर हावी होने की कोशिशें शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.006 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज की कारोबार का अंत किया। कारोबार के दौरान आईटी, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी



होती रही। इसके साथ ही कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर पावर, मीडिया और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स और हेल्थ केयर इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में स्मॉल और मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 30 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 459.63 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 459.33 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 30 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,093 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,029 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,932 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 132 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,511 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,230 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,281 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 67.50 अंक की मजबूती के साथ 81,575.96 अंक के स्तर पर खुला। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा।

# काइनेटिक ग्रीन ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की

**रांची :** काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड, भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निमार्ता कंपनी ने जियोथिंग्स लिमिटेड के साथ एक नई और महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। जियोथिंग्स, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की सहायक कंपनी और रिलायंस ग्रुप का हिस्सा है। यह सहयोग टिकाऊ परिवहन के समाधान को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक वाहनों में यूजर अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। काइनेटिक ग्रीन की को-फाउंडर और सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि जियोथिंग्स के साथ हमारा गठबंधन यह दिखाता है कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उन्नत टेक्नोलॉजी, नवाचार और पर्यावरण की स्थिरता के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। इस साझेदारी के जरिए हम अपने यूजर्स को ऐसा अनुभव देना चाहते हैं जो तकनीकी रूप से उन्नत हो, और जिसमें शानदार कनेक्टिविटी, स्मार्ट फीचर्स, सुरक्षा और बेहतरीन सुविधा शामिल हो। हम एआई-आधारित ड्राइवर इंफॉर्मेशन और राइड असिस्टेन्स जैसी भविष्य की सुविधाओं पर भी काम करते रहेंगे। हमारा लक्ष्य है कि काइनेटिक ग्रीन के ईवी उत्पादों में सबसे आधुनिक तकनीक सुनिश्चित हो, ताकि हर राइड को और भी स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जा सके। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट आशीष लोढ़ा ने कहा कि हम काइनेटिक ग्रीन के साथ इस साझेदारी की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। यह भागीदारी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए नए और पर्यावरण के अनुकूल समाधान लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हम साथ मिलकर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को और बढ़ावा दें और पर्यावरण संरक्षण के साथ एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

# मोटोरोला ने बेहतरीन फीचर्स के साथ मोटो जी35 5जी को बाजार में उतारा

**रांची :** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने मोटो जी35 5जी के लॉन्च की घोषणा के साथ किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है। इस सेगमेंट के सबसे तेज 5जी स्मार्टफोन को इस सेगमेंट के सबसे ज्यादा 12 5जी बैंड्स के साथ लॉन्च किया गया है जिसकी कीमत 9,999 रुपये (4 जीबी प्लस 128 जीबी) है जो सहज एवं भविष्य के लिए तैयार 5जी अनुभव के लिए वीओएनआर कनेक्टिविटी, 4७4 मीमो तथा 4 कैरियर एग्रीगेशन को सपोर्ट करता है। लॉन्च के मौके पर मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी एम नरसिम्हन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, हमें किफायती 5जी सेगमेंट में गेम-चेंजिंग डिवाइस मोटो जी35 5जी




को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। पूरे भारत में बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सर्वोत्तम 5जी अनुभव को सुलभ बनाना ही हमारा लक्ष्य है। मोटो जी35 5जी सचमुच अत्याधुनिक 5जी टेक्नोलॉजी, बेहतरीन मनोरंजन और इमेजिंग, तथा शानदार डिजाइन का बेजोड़ संगम है जिसमें कोई समझौता नहीं किया गया है और ये सारे फीचर्स बेमिसाल कीमतों पर उपलब्ध हैं। हमें पूरा यकीन है कि मोटो जी35 5जी नए मानक स्थापित करेगा और देश भर में 5जी के प्रसार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। मोटो जी35 5जी तीन बेहद आकर्षक रंगों-प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश के साथ लीफ ग्रीन और गुआवा रेड तथा 3डी पीएमएमए फिनिश के साथ मिडनाइट ब्लैक में उपलब्ध होगा।

### अमेजन इंडिया ने की अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा

**अमेजन** इंडिया ने अपने हॉलिडे टॉय लिस्ट के 8वें संस्करण की घोषणा की है। यह 24 दिसंबर, 2024 तक खरीदारों को खुशी प्रदान करने के लिए एकदम तैयार है। सोच-समझकर विशेषरूप से तैयार किए गए स्टोर में लेगो, हॉट व्हील्स, नर्फ, हैस्ब्रो, स्किलमैटिक्स, बार्बी और अन्य सहित 10,000 से ज्यादा टॉयज और गेम्स ब्रांड्स के 16 लाख प्रोडक्ट्स का विस्तृत चयन प्रदर्शित किया गया है। यह स्टोर परिवारों और उपहार देने वालों के लिए गिफ्ट देने के अनुभव को और बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह हॉलिडे सीजन में प्रत्येक उपहार को यादगार बनाने के लिए खुशियां और एकजुटता साथ में लाता है। राजर्षि गुइन, डायरेक्टर, बुक्स, टॉयज एंड गेम्स, अमेजन इंडिया ने कहा, अमेजन.इन पर 'हॉलिडे टॉय लिस्ट' के 8वें संस्करण को पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है, जो आपकी उपहार देने की सभी जरूरतों के लिए आपका भरोसेमंद डेस्टिनेशन है। जैसे-जैसे छुट्टियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में हॉल को टॉयज और गेम्स के साथ सजाने का एकदम सही समय है, जो मौसम के जादू को बढ़ाते हैं।

### शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन सहयोगियों का जताया आभार, कहा

# राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय पिछले 06 वर्षों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा

**मुंबई/नयी दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कार्यकाल के अंतिम दिन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। केंद्र सरकार ने गवर्नर शक्तिकांत दास की जगह संजय मल्होत्रा को अगला गवर्नर नियुक्त किया है। मल्होत्रा 11 दिसंबर को पदभार संभालेंगे। शक्तिकांत दास 12 दिसंबर, 2018



को आरबीआई के गवर्नर बनाए गए थे। बाद में तीन साल के लिए उनके कार्यकाल में विस्तार किया गया था। दास ने अपने कार्यकाल के अंतिम दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपने अनुभवों को साझा करने के साथ सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने केंद्रीय बैंक का नेतृत्व करने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर रहा। उन्होंने सरकार, हितधारकों और अपने सहयोगियों को कार्यकाल के दौरान समर्थन और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। शक्तिकांत दास ने अपने संबोधन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजकोषीय-मौद्रिक समन्वय अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर था और उन्होंने हमें पिछले छह वर्षों के दौरान कई चुनौतियों से निपटने में मदद की। वित्तीय क्षेत्र और अर्थव्यवस्था के सभी हितधारकों, विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों, उद्योग निकायों और संघों, कृषि, सहकारी और सेवा क्षेत्रों के संगठनों को उनके इनपुट और नीतिगत सुझावों के लिए भी धन्यवाद दिया। इसके साथ ही आरबीआई की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए दास ने कहा कि हमने मिलकर अभूतपूर्व वैश्विक झटकों के असाधारण कठिन दौर को सफलतापूर्वक पार किया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई एक भरोसेमंद और विश्वसनीय संस्था के रूप में और भी आगे बढ़े, यही कामना है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएं। संजय मल्होत्रा ऐसे समय में आरबीआई के 26वें गवर्नर का पदभार संभालने जा रहे है, जब विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ब्याज दरों में कटौती करने का दबाव है।

# सैमसंग ईडीजीई के नौवें संस्करण में एक्सएलआरआई जमशेदपुर की टीम विजयी

**जमशेदपुर :** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने प्रतिष्ठित वार्षिक कैम्पस प्रोग्राम सैमसंग ई.डी.जी.ई. (एंपावरिंग ड्रीम्स गैनिंग एक्सीलेंस) के नौवें संस्करण के विजेताओं की घोषणा कर दी है। इस साल एक्सएलआरआई जमशेदपुर की टीम आरएसपी ने राष्ट्रीय विजेता का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने उपभोक्ताओं से जुड़ाव बढ़ाने के लिए अपनी अनूठी रणनीति के जरिए जूरी का दिल जीत लिया। टीम ने ब्रांड मैस्कॉट्स, जियो-टारगेटिंग, जेन एमजेड हॉटस्पॉट टैगिंग और मॉल एक्टिवेशन जैसे इनोवेटिव तरीकों का सुझाव दिया। इन विचारों का मकसद उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव बनाना और उन्हें स्थानीय व व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से जोड़ना था। टीम के सदस्यों प्रांजलि भाटिया, सिद्धार्थ द्विवेदी और रोहन भारद्वाज को 4.5 लाख का नकद पुरस्कार, सैमसंग के फ्लैगशिप स्मार्टफोन्स और प्री-प्लेसमेंट ऑफर्स से सम्मानित किया गया। यह प्रोग्राम युवाओं को उनके व्यावसायिक कौशल, रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता को दिखाने का शानदार मंच प्रदान करता है। इस साल के संस्करण में भारत के 40 प्रतिष्ठित संस्थानों से 15,000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इनमें बी-स्कूल, इंजीनियरिंग कॉलेज और डिजाइन स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शामिल थे। ये सभी युवा प्रतिभागी नवाचार और सहयोग की भावना के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन करते नजर आये। गुरुग्राम में आयोजित फिनाले में सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क सहित सैमसंग इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह आयोजन सैमसंग के लिए नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और भविष्य के लीडर्स को समर्थन देने का प्रतीक बना। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि सैमसंग में नवाचार हमारे हर काम की बुनियाद है। सैमसंग ईडीजीई कार्यक्रम ने कई सालों से विद्यार्थियों को सशक्त बनाते हुए उन्हें अपनी रचनात्मकता और इनोवेटिव आइडियाज दिखाने का मंच दिया है। इस साल की जबरदस्त भागीदारी और उत्साह देखकर हम बेहद खुश हैं। यह प्रेरणादायक है कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और कैंपसों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### संजोई हुई यादें : बादल पर पांव है के साथ एक भावपूर्ण यात्रा का समापन



**मुंबई :** मनोरंजक कहानी और दिल को छू लेने वाले ड्रामा के सफल दौर के बाद सोनी सब का लोकप्रिय शो बादल पर पांव है 14 दिसंबर 2024 को अपना सफर पूरा करेगा। यह शो प्यार, परिवार और कठिनाइयों से जूझने वाली एक दृढ़ निश्चयी युवती बानी (अमनदीप सिद्धू) की प्रेरक कहानी पर आधारित है। इस शो ने अपने भरोसेमंद पात्रों और सम्मोहक कथा से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस शो के कलाकार भी अपने प्रिय पात्रों और उनके सफर को पसंद करने वाले दर्शकों को विदाई दे रहे हैं, यहां वे अपने अनुभवों, पसंदीदा क्षणों और उनके लिए 'बादल पे पांव है' का क्या मतलब है, इसके बारे में बता रहे हैं। अमनदीप सिद्धू ने कहा, इस शो का समापन एक खूबसूरत यात्रा के अंत जैसा है। बानी का किरदार मेरे दिल में एक खास जगह रखता है; कई मायनों में, वह मेरी पहचान है। मैं अपने दर्शकों और प्रशंसकों के अविश्वसनीय प्यार और समर्थन के लिए वास्तव में आभारी हूं।

# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 160 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी



दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**रवीन्द्रनाथ महतो निर्विरोध चुने गये विस अध्यक्ष...**
और सीपी सिंह समर्थक, छठे में सरयू राय प्रस्तावक और जनार्दन पासवान समर्थक, सातवें में जयराम महतो प्रस्तावक और निर्मल महतो ने समर्थक के रूप में हस्ताक्षर किये थे।
उल्लेखनीय है कि रवीन्द्रनाथ महतो ने सबसे पहले नाला सीट से वर्ष 2005 में जीत हासिल की थी। इसके बाद वर्ष 2009 में विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, 2014, 2019 और 2024 में रवीन्द्रनाथ महतो ने विधानसभा चुनाव में लगातार जीत हासिल की है।

**पक्ष और विपक्ष ; दोनों से मिल कर चलता है सदन : विस अध्यक्ष...**
हालांकि, अलग-अलग विचारधाराओं के बाद भी राज्य का हित सर्वोपरि है। श्री महतो ने कहा कि सदन पक्ष और विपक्ष ; दोनों से मिल कर चलता है। विपक्ष सरकार का आईना होता है। लोकतंत्र की यही ताकत है कि सबकी बातें सुनी जायें। सहमति से सदन चले और मेरी अपेक्षा है कि मैं सबकी सहमति से सदन चलाऊं। मैं प्रयास करूंगा कि उन्हीं भावनाओं से आप सबका विचार सदन में आये और मैं निष्पक्ष रूप से सदन का संचालन कर सकूं। लेकिन, आप सबों से मेरी यह अपेक्षा रहेगी कि सदन निर्बाध रूप से चले।‌₹ उन्होंने कहा, ₹मैं यहां अपने अन्तर्मन से यह कहना चाहता हूं कि हमलोग यहां पर चुन कर आते हैं और जनता की बहुत सारी अपेक्षाओं के साथ चुन कर आते हैं। साढ़े तीन करोड़ जनता की इस सदन से आशाएं बंधी हैं कि उनके हित में और उनके लिए इस महापंचायत से समुचित कार्य हो।₹ इसके साथ विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को बुधवार पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

**राज्य के सर्वांगीण विकास में सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष की भूमिका भी अहम : मुख्यमंत्री...**
की तरह हम सब मिल कर इस राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए इस मंदिर में एकत्रित होंगे और हम सब मिल कर इस राज्य की बेहतरी के लिए मिल कर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे।

**जयराम ने सीजीएल परीक्षा के अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाया...**
मुख्यमंत्री हेमन्त उन्हें संतुष्ट करें और उनकी बातों को सुनें।
जयराम ने इस दौरान अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे मजदूरों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य के 45 मजदूर कैमरून में फंसे हैं। उनकी सकुशल वापसी हो, यह मेरी मांग है। जयराम नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो को धन्यवाद देने के लिए खड़े हुए थे और इस दौरान इन मुद्दों को उठाया।
इसके अलावा राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, कम्युनिस्ट पार्टी और निरसा के विधायक अरूप चटर्जी, जदयू के वरिष्ठ विधायक सरयू राय सहित अन्य ने भी स्पीकर को बधाई दी और सदन को पिछली बार की तरह उनके अनुभव का लाभ मिलने की बात कही।

**पीएलएफआई के दो नक्सली गिरफ्तार...**
तोरपा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सोमवार को कर्रा थाना के पलसा गांव में छापेमारी कर कुख्यात नक्सली संदीप प्रमाणिक को गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर ग्राम पलसा से ही एक अन्य नक्सली धनेश्वर महली उर्फ दाने उर्फ धनंजय को पकड़ा गया। उसके पास से पीएलएफआई संगठन का पर्चा, लेवी के 72,500 रुपये नकद , एक स्कॉर्पियो, आठ जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किये गये।
एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी टीम में तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, तोरपा के थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, जरियागढ़ थाना प्रभारी राजू कुमार, अवर निरीक्षक दीपक कांत सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

**साइबर अपराध और जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नये खतरे : राष्ट्रपति...**
सम्बोधित कर रही थीं।
इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पांच हजार वर्षों से अधिक की सभ्यतागत विरासत के साथ सहानुभूति, करुणा और सामंजस्यपूर्ण समुदाय के भीतर व्यक्तियों के परस्पर जुड़ाव के मूल्यों को लम्बे समय तक कायम रखा है। जलवायु परिवर्तन हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों के बारे में सोच की समीक्षा करने के लिए मजबूर करता है। एक अलग जगह और एक अलग युग के प्रदूषक दूसरे स्थान और दूसरे काल के लोगों के जीवन को प्रभावित कर रहे हैं। इस संदर्भ में ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत ने जलवायु कार्रवाई में सही ढंग से नेतृत्व सम्भाला है।
उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, ग्रीन क्रेडिट पहल और पर्यावरण के लिए जीवन शैली, या लाइफ जैसी सरकारी पहल भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित ग्रह के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रदर्शन हैं।
उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के आधार पर एनएचआरसी और एसएचआरसी जैसी संस्थाएं नागरिक समाज, मानवाधिकार रक्षकों, विशेष प्रतिवेदकों और विशेष निगरानीकताओं के साथ मिल कर सभी के लिए मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने मानवाधिकार उल्लंघनों को खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों को बनाये रखने के लिए नीतिगत बदलावों की सिफारिश करने में एनएचआरसी द्वारा निभायी गयी सक्रिय भूमिका की सराहना की।
राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सभी नागरिकों को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी देने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है। सरकार कई सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों की भी गारंटी देती है।
राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में मानसिक स्वास्थ्य खासकर हमारे बच्चों और युवाओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे हमारे बच्चों और युवाओं को प्रभावित करनेवाले तनाव को कम करने के लिए पर्याप्त उपाय शुरू करें। उन्होंने उद्योग जगत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बढ़ती 'गिग इकॉनमी' गिग श्रमिकों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले।
द्रौपदी मुर्मू ने मानवाधिकार दिवस पर अपील की कि हमें न्याय, समानता और गरिमा के मूल्यों के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करना चाहिए, जो हमारे राष्ट्र को परिभाषित करते हैं। जैसा कि हम अपने समय की चुनौतियों का सामना करना जारी रखते हैं, हमें प्रत्येक व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को बनाए रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे।

**राज्य में बढ़ेगी ठंड, कई जिले में कोहरे सितम...**
उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं। उन्होंने कोहरे में सुबह में लोगों से सावधानी के साथ घर से बाहर निकलने को कहा है।

**पंजाब के किसानों का एलान 14 को करेंगे दिल्ली कूच...**
इस दौरान पंजाब, हरियाणा और केंद्र सरकार के वकील मौजूद रहे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी कल सोमवार को बॉर्डर खोलने की याचिका खारिज कर दी थी।
किसान नेता सरवन सिंह पंधेर और अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि डल्लेवाल की तबीयत ज्यादा खराब हो गयी है। उनका मरणव्रत 15वें दिन में दाखिल हो गया है। उन्हें स्टेज पर आने में भी दिक्कत आ रही है। किडनी और लिवर पर असर पड़ रहा है। डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए कहा है कि उनका ब्लड प्रेशर 124/95, शुगर 93, पल्स 87 है। वहीं, वजन 11 किलो कम हो चुका है।
डल्लेवाल का कहना है कि यह आर-पार की लड़ाई है। मंगलवार को किसानों ने शंभू बॉर्डर पर सफाई अभियान चलाया। सरवन पंधेर का कहना है कि जो पुलिस की तरफ से आंसू गैस के गोले छोड़े गये थे, उनका असर अभी भी है। किसानों ने बॉर्डर पर फैली गन्दगी को साफ किया। डल्लेवाल की सेहत की तंदुरुस्ती के लिए 11 दिसम्बर को सभी गांवों में धार्मिक स्थलों पर किसान अरदास करेंगे। इसके लिए रणनीति बना ली गयी है। किसानों ने मंच से आह्वान किया है कि अधिक से अधिक लोग मोर्चों पर पहुंचे, ताकि संघर्ष को तेज किया जा सके।

**उच्च सदन के सभापति के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने पेश किया अविश्वास प्रस्ताव...**
प्रस्ताव को पारित कराने के लिए उच्च सदन में बहुमत और लोकसभा में प्रस्ताव लानेवाले दल का सामान्य बहुमत होना चाहिए। यह संसद की नियमावली और संविधान में वर्णित है।

**हंगामे के बीच संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित...**
संस्था में सदस्य हैं। विपक्ष को यह साफ करना चाहिए कि जो लोग देश की सुरक्षा, सम्प्रभुता के लिए खतरा हैं, उन लोगों से उनका क्या रिश्ता है। देश जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें हमारे देश को अस्थिर करना चाहती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था बन गया है।
विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने सारे आरोपों को खारिज करते हुए इसे झूठा करार दिया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष अडाणी के मुद्दे पर चर्चा करने से भाग रहा है।
जगदीप धनखड़ ने अपने चैंबर में नड्डा और खड़गे के साथ बैठक की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सदन सुचारु रूप से चले।
कार्यवाही शुरू होने के 06 मिनट के भीतर ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसी तरह सभापति जगदीप धनखड़ ने भी राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।
दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरन्त बाद ही राज्यसभा और लोकसभा ; दोनों सदनों में फिर हो हल्ला और नारेबाजी शुरू हो गयी। नतीजतन, शोर-शराबे के बीच दोनों सदनों की कार्यवाही मंगलवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन की कार्यवाही अब बुधवार, 11 दिसम्बर को फिर शुरू होगी।

## एक झलक

### नेपाल के प्रधान सेनापति भारत पहुंचे

**काठमांडू :** भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के निमंत्रण पर नेपाली सेना के प्रधान सेनापति महारथी अशोक सिग्देल मंगलवार को दिल्ली पहुंच गए हैं। जनरल सिग्देल चार दिनों के भ्रमण पर कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इनमें देहरादून के भारतीय रक्षा अकादमी में भी एक कार्यक्रम होना है। नेपाल के सैन्य प्रवक्ता के अनुसार नेपाली सेना के प्रमुख जनरल सिग्देल के साथ 9 सदस्यीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल भी दिल्ली पहुंचा है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 11 दिसंबर को जनरल सिग्देल को भारतीय थल सेनाध्यक्ष की मानद पदवी से अलंकृत करेंगी। नेपाल और भारत के बीच पिछले सात दशकों से चली आ रही परंपरा के तहत यह मानद पदवी दी जाएगी। पिछले महीने 20 नवंबर को भारतीय सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने पांच दिनों के लिए नेपाल का दौरा किया था।

### जापान में माउंट फूजी पर आरोहण हो सकता है महंगा

**टोक्यो :** अगले साल की गर्मियों से जापान की माउंट फूजी की चढ़ाई करना महंगा हो सकता है। साथ ही कुछ नए प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं। समुद्र तट से 3776 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट फूजी जापान की सबसे ऊंची चोटी है। यह पर्वत 2013 से यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में शामिल है। यह चोटी लगभग एक लाख साल पहले शुरू हुई ज्वालामुखी गतिविधि का परिणाम है। आज माउंट फूजी और आसपास का क्षेत्र लंबी पैदल यात्रा और कैंपिंग के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, माउंट फूजी की चोटी तक पहुंचने के लिए मुख्यत: चार पैदल मार्ग तय किए जाते हैं। टोक्यो से सबसे लोकप्रिय आसान मार्ग योशिदा ट्रेल है। यह यामानाशी प्रांत से शुरू होता है। अन्य तीन मार्ग, सुबाशिरी, गोटेम्बा और फुजिनोमिया ट्रेल्स हैं। यह सभी शिज़ुओका से शुरू होते हैं।

### फिलीपींस में ज्वालामुखी विस्फोट से हाहाकार

**मनीला :** फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी फटने से नेग्रोस द्वीप समूह के हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों ने कनलाओन ज्वालामुखी के छह किलोमीटर दायरे में रह रहे लगभग 54 हजार लोगों को फौरन अन्यत्र चले जाने को कहा है। सोमवार अपराह्न 3 :03 बजे इस ज्वालामुखी के शिखर पर शक्तिशाली विस्फोट होने से यह नौबत आई। पलक झपकते ही राख का गुबार 3,000 मीटर ऊपर उठ गया। यह राख का गुबार पश्चिम और दक्षिण पश्चिम दिशा पर फैल गया।

### सीरिया में जमीन कब्जा करने घुसी इजराइली सेना

**रियाद :** सीरिया में बशर अल असद के रूस भागने और तुर्की समर्थित एचटीएस विद्रोहियों के कब्जा करने के बाद इजराइली सेना 50 साल बाद सीरिया में घुस गई। यही नहीं इजराइली सेना के टैंक सीरिया की राजधानी दमिश्क के करीब देखे गए हैं। इजराइली सेना ने गोलान हाइट्स पर कब्जा कर लिया है जो रणनीतिक लिहाज से अहम है।

### द. कोरिया के राष्ट्रपति की विदेश यात्रा पर लगा बैन

**सियोल :** अमेरिका ने जिस देश को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, वह आज ऐसे हालात से गुजर रहा है कि खुद इसके राष्ट्रपति पर प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं और उन्हें कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। देश में चल रही राजनीतिक उठा पटक के बीच दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल की विदेश यात्रा पर रक्षा मंत्री किम योन ह्यूंग ने बैन लगा दिया है। बता दें कि पिछले हफ्ते ही यून सुक योल ने साउथ कोरिया में देश में इमर्जेंसी में मार्शल लॉ का ऐलान किया था हालांकि इसे बाद में पलट दिया। यून ने मार्शल लॉ लगाने पर जनता से माफी भी मांगी थी। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून के मार्शल लॉ हटाने के फैसले का स्वागत किया था।

# उप्र के हाथरस में कंटनेर और मैजिक वाहन में जबरदस्त टक्कर, सात की मौत

■ मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के परिवार को दो-दो लाख, घायलों को 50-50 हजार रुपये मदद देने का किया एलान

एजेंसी

**हाथरस :** उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद में मंगलवार दोपहर मथुरा-बरेली राजमार्ग पर एक कंटनेर और मैजिक वाहन में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ढाई साल के बच्चा समेत सात लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का आर्थिक सहयोग देने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। जिलाधिकारी राहुल पांडे ने मार्ग दुर्घटना में सात लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि मरने वालों में तीन महिलाएं,



एक ढाई साल का बच्चा और तीन पुरुष हैं। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में 13 लोग घायल हैं, जिनमें छह लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि कोतवाली चंदपा के गांव कुम्हरई निवासी 20 लोग और उनके रिश्तेदार मैजिक वाहन में सवार होकर मंगलवार दोपहर एटा के गांव नगला इमलिया निवासी 60 वर्षीय कैंसर पीड़ित बुजुर्ग देखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गांव जैतपुर के पास कंटेनर ने वाहन में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक कई बार पलटी मारते हुए गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पास के ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़े और मैजिक वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला। मौके पर ही छह लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां एक बच्चे ने भी दम तोड़ दिया।

## कुर्ला बेस्ट बस हादसे में मरनेवालों की संख्या हुई सात

■ मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख आर्थिक मदद देने का किया एलान

**मुंबई :** कुला बेस्ट बस हादसे में मंगलवार को सुबह तक मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इस घटना में 49 घायलों को कुर्ला में बीएमसी के भाभा अस्पताल और सायन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां कुछ घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये आर्थिक मदद दिए जाने की घोषणा की है। साथ ही घायलों का मुंबई नगर निगम और बेस्ट उपक्रम के माध्यम से इलाज करने का भी आदेश दिया है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया है। अजीत पवार ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखदायक है। मामले की उच्चस्तरीय जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भाभा अस्पताल के डॉ. पद्मश्री अहिरे ने बताया अस्पताल में भर्ती 49 घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। इनमें से कुछ लोगों को सायन अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

## गगनयान मिशन के लिए तैयारी जोरों पर...

# इसरो ने नौसेना के साथ किये 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन

■ मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए चल रहीं तैयारियों के तहत अभी और होंगे रिकवरी ट्रायल



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** गगनयान मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ 'वेल डेक' रिकवरी ऑपरेशन ट्रायल किये हैं। क्रू मॉड्यूल के वेल डेक रिकवरी ट्रायल पूर्वी नौसेना कमान में विशाखापत्तनम के तट पर वेल डेक शिप का उपयोग करके किए गए। गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत अभी और रिकवरी ट्रायल होंगे। इस ट्रायल में रिकवरी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो मिशन के सुरक्षा प्रोटोकॉल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इसरो ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना के साथ मिलकर गगनयान के लिए महत्वपूर्ण 'वेल डेक' रिकवरी ट्रायल 06 दिसंबर को किये गए, जो भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक मील का पत्थर है। इसरो के अनुसार एक अच्छी डेक वाला जहाज अपने डेक पर पानी भरने की सुविधा देता है, जिससे नावों, लैंडिंग क्राफ्ट और अंतरिक्ष यान की सुरक्षित डॉकिंग और रिकवरी संभव हो जाती है। इस व्यापक प्रक्रिया में रिकवरी बॉय को जोड़ने, क्रू मॉड्यूल को खींचने, वेल डेक जहाज में प्रवेश करने, क्रू मॉड्यूल की सटीक स्थिति निर्धारित करने तथा वेल डेक से पानी निकालने के परीक्षण शामिल थे।

इसरो ने कहा? कि इस ट्रायल का प्राथमिक उद्देश्य रिकवरी समय को कम करना और क्रू मॉड्यूल के समुद्र में उतरने के बाद चालक दल के लिए कम से कम परेशानी न होने देना है। इन जटिल युद्धाभ्यासों का अभ्यास करके इसरो और भारतीय नौसेना का लक्ष्य सामान्य और अप्रत्याशित दोनों स्थितियों के लिए अपने मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को ठीक करना है। इसरो ने कहा कि गगनयान के लिए चल रही तैयारियों के तहत रिकवरी ट्रायल जारी रहेंगे। इसरो और नौसेना ने मई, 2023 में कोच्चि के वाटर सर्वाइवल ट्रेनिंग फैसिलिटी आईएनएस गरुड़ में गगनयान रिकवरी ट्रेनिंग प्लान जारी किया था।

## 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का लक्ष्य

**भारत** का लक्ष्य 2025 तक 400 किमी. ऊपर अंतरिक्ष यात्री भेजने का है। इसरो के 'मिशन गगनयान' की क्रू रिकवरी टीम के पहले बैच को कोच्चि में नौसेना की जल जीवन रक्षा प्रशिक्षण सुविधा (डब्ल्यूएसटीएफ) में नौसेना के गोताखोरों और समुद्री कमांडो की एक टीम ने विभिन्न समुद्री परिस्थितियों में प्रशिक्षित किया है। इसरो के अनुसार गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के एक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी. की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरा जाएगा। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है। यह प्रशिक्षित टीम इसरो के 'मिशन गगनयान' की लॉन्चिंग टीम में शामिल होगी।

# श्रीराम बारात वापसी पर त्रेता जैसा नजारा



■ फूलों की पंखुड़ियों की परत से सारा रास्ता सुवासित और शोभायमान हो उठा

एजेंसी

**अयोध्या :** अवध नरेश के चारों बेटे विवाह रचाकर अपनी दुल्हनों संग बीती रात अयोध्या वापस आए। विद्या कुंड पर रात्रि विश्राम के बाद चारों विवाहित जोड़ों का नगर भ्रमण प्रारम्भ हुआ। देखने वालों को ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानों त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम भाइयों समेत लौटे हैं।

अयोध्यावासियों ने पलक पांवड़े बिछाकर नव विवाहितों का अतिशय उल्लास सहित मंगल कलशों के साथ अगवानी और सत्कार किया। पीतवसना महिलाओं ने बधाई एवं मंगल गीत गाए गए। खूब आतिशबाजी की गई। गाजे-बाजे के साथ साकेत महाविद्यालय से शुरू हुआ नगर भ्रमण का पूरा रास्ता लोगों के नाचते गाते जयकारे लगाते ही कटा। फूलों की पंखुड़ियों की परत से सारा रास्ता सुवासित और शोभायमान हो उठा। श्रीराम लला मन्दिर के मुख्य द्वार पर तीर्थ क्षेत्र की ओर से ट्रस्टी अनिल मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ल व अन्य पदाधिकारियों ने सारी व्यवस्था संभाली।

जगह-जगह बहुत ही सुन्दर रंगोलियां सजाई गई थीं। इसके आगे हनुमान गढ़ी और छोटी देवकाली के सामने से लेकर वीणा चौक तक नाचते-गाते लोगों का हुजूम फूलों की बौछार से काली सड़क को रंगीन किए दे रहा था। उमंग और उत्साह में सारे अयोध्यावासियों की भीड़ घर के बाहर हर्षोल्लास में नाच गा रही थी। मानो उनका अपना भाई-बेटा सेहरा बांध कर दुल्हन घर लाया हो।विदित हो कि विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज के संयोजन में तिलकोत्सव और विवाहोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दसरथ की भूमिका में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने निभाई। नगर भ्रमण के अंत में कारसेवक पुरम की भरतकुटी में चारों भाइयों और उनकी पत्नियों के स्वरूपों की विधि-विधान से आरती उतारी गई।

### भारतीय सेना ने की भूतपूर्व सैनिकों की रैली आयोजित

**पुंछ :** भूतपूर्व सैनिकों से जुड़ने के उद्देश्य से शिकायतों, स्वास्थ्य सेवा सहायता, पेंशन से संबंधित मुद्दों और वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई के लिए भारतीय सेना द्वारा कल्याणकारी गतिविधियों के हिस्से के रूप में पुंछ के दराबा में एक संवाद आयोजित किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का सम्मान करना और उनका समाधान करना था। संवाद के दौरान आमंत्रित लोगों को आस-पास के क्षेत्रों में वीर नारियों और भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए भारतीय सेना द्वारा की गई विभिन्न पहलों से परिचित कराया गया।

## मप्र के मुख्यमंत्री ने पीएम को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के लिए किया आमंत्रित

**नयी दिल्ली :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात उन्होंने प्रदेश में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के शुभारंभ और केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमिपूजन के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकारों को बताया कि मध्यप्रदेश सरकार अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की शुरूआत करने जा रही है, जो 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक



चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा, नारी, किसान और गरीब कल्याण की चिन्हित योजनाओं के माध्यम से शत प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 11 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024 के बीच मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व आयोजित किया जाएगा जो प्रदेश के समग्र विकास और जनहित पर आधारित होगा।

# कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड




एजेंसी

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी के कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। श्रीनगर और कई अन्य स्थानों पर आसमान साफ रहने के कारण इस मौसम का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। रात का तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 से 5.7 डिग्री कम रहा। श्रीनगर शहर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से नीचे 3.3 डिग्री सेल्सियस था।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार की रात शहर में इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात थी और रात का तापमान सामान्य से 4.8 डिग्री कम रहा। घाटी के कुछ इलाकों में कड़ाके की ठंड के कारण जलापूर्ति पाइप जम गए। शीत लहर ने पूरे कश्मीर में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित अधिकांश इलाकों में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। इसी बीच सोनमर्ग में शून्य से नीचे 9.7 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा स्थान रहा। इसके अलावा प्रसिद्ध स्की-रिसॉर्ट गुलमर्ग दूसरा सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां पारा शून्य से नीचे 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**फतेहपुर :** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के ललौली कस्बे में नूरी मस्जिद के अवैध निर्माण को मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया गया। जिला प्रशासन ने नोटिस के बाद यह कार्रवाई की। इसके मद्देनजर मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नूरी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से को जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मदद से हटा दिया गया है। मस्जिद और उसके आसपास के इलाकों में पांच सीओ, 10 थाना प्रभारी, निरीक्षक, 200 सिपाही, एक कंपनी पीएसी और एक प्लाटून आरएएफ मौजूद हैं।

# ढिल्लों के साथ मलाइका अरोड़ा ने किया परफॉर्मेंस

एजेंसी

**मुंबई :** पंजाबी गायक एपी ढिल्लों के मुंबई में भावपूर्ण प्रदर्शन ने उनके प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया। बॉलीवुड की मशहूर गायिका और छैया छैया गर्ल मलाइका अरोड़ा मंच पर उनके साथ शामिल हुईं। दोनों ने एक-दूसरे को गले भी लगाया। इस कार्यक्रम में गायिका निकिता गांधी और वाहजिर इन द हुड ने भी अपनी प्रस्तुति दी। एपी ढिल्लों, जो वर्तमान में अपने भारत दौरे पर हैं, ने इस साल सितंबर में अपने लाइव शो की घोषणा की। मुंबई के बाद, वे 14 दिसंबर को नई दिल्ली और 21 दिसंबर को चंडीगढ़ में लाइव परफॉर्म करते नजर आएंगे। मुंबई में एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में भूम पेडनेकर और मृणाल ठाकुर सहित कई बॉलीवुड सितारे शामिल हुए और उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रात की झलकियाँ भी साझा कीं। इंस्टाग्राम पर दिल नू हिटमेकर ने अपनी उत्तेजना साझा की-मैं वहाँ वापस जाने का इंतजार कर रहा हूँ जहाँ से यह सब शुरू हुआ था। उन प्रशंसकों के लिए जिन्होंने मुझे वह बनाया जो मैं हूँ। उस जगह पर जिसे मैं हमेशा अपना घर कहूँगा। इंडिया लेट्स गो! अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, ढिल्लों ने कहा, मैं अपने दौरे के लिए भारत लौटने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।



भारतीय प्रशंसकों से मुझे जो प्यार और समर्थन मिला है, वह अत्यधिक है। मैं उनके साथ फिर से जुड़ने और द ब्राउनप्रिंट लाइव की ऊर्जा साझा करने का इंतजार नहीं कर सकता।

# भाजपा संगठन के विस्तार को निष्ठापूर्वक संगठनात्मक चुनाव में अपनाये रखना है : तावड़े

एजेंसी

**गाजियाबाद :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और उत्तर प्रदेश चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा संगठन के विस्तार और वैचारिक मजबूती के आधार को निष्ठापूर्वक संगठनात्मक चुनाव में अपनाये रखना है, जिससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना किया जा सके। उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार में पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्यकर्ताओं को प्रेरित करके आगे लाना चाहिये।

केन्द्रीय पर्यवेक्षक तावड़े भाजपा पश्चिम क्षेत्र संगठन पर्व-2024 की एचएलएम कॉलेज के सभागार में आयोजित जिला महानगर चुनाव अधिकारियों की कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा, 'संगठन चुनाव के दौरान कार्यकर्ता की निष्ठा और उसकी प्रतिबद्धता सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। हम आज सत्ता में हैं और आगे भी सत्ता में रहें, इसलिए संगठन के विस्तार में पार्टी की विचारधारा के अनुरूप कार्यकताओं को प्रेरित करके आगे लाना चाहिये।'

उन्होंने कहा, 'हमारा प्रयास रहे कि भाजपा का दर्शन, सिद्धांत एवं वैचारिक अधिष्ठान का आग्रह लोगों तक पहुंचे। भाजपा के संविधान के अनुसार नियमों के तहत आम सहमति से चुनावों में



■ गाजियाबाद में भाजपा पश्चिम क्षेत्र संगठन पर्व-2024 की कार्यशाला आयोजित

युवा वर्ग को संगठन विस्तार में अहम भूमिका में लाया जाये।' उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों के साथ-साथ महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व देने का पूरा प्रयास करना है। संगठन विस्तार के साथ-साथ क्षेत्र की सामाजिक-राजनीतिक स्थितियों का विश्लेषण करते हुए नेतृत्व को सामने लेकर आना है। उत्तर प्रदेश के सह चुनाव अधिकारी अनिल चौधरी ने पश्चिम उत्तर प्रदेश के संगठनात्मक कार्य की सराहना की। उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया एवं समस्त जिला महानगर अध्यक्ष द्वारा बूथ गठन से लेकर सदस्यता अभियान के सफल आयोजन के लिए पीठ थपथपाई।

क्षेत्रीय अध्यक्ष सिसोदिया ने कहा कि संगठन पर्व के पहले चरण में पार्टी ने जिलों में कार्यशालाएं की इसके बाद मण्डल स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशालाओं के सफल संचालन के उपरांत बूथों पर संगठनात्मक बैठकें करके हम संगठन चुनाव को गति के साथ आगे बढ़ाने का काम किया। आज की इस कार्यशाला से संबद्ध होकर संगठन के चुनावों की धुरी मण्डल चुनाव पर केंद्रित है। सभी मंडल अध्यक्षों का चयन 15 दिसंबर तक कर लिया जाएगा। वहीं, 30 दिसंबर तक सभी जिला अध्यक्षों का चुनाव अथवा चयन करा लिए जायेंगे। पश्चिम उत्तर प्रदेश में 19 जिले, 330 मंडल और 28700 बूथ हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश में 40000 सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं क्षेत्रीय प्रभारी सुभाष यदुवंशी ने बताया कार्यकताओं के दम पर पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी ने 54 लाख की सदस्यता का रिकॉर्ड बनाया है जो एक कीर्तिमान है।